मौसम

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 40.0 | 29.2 |
| जमशेदपुर | 40.0 | 24.0 |
| डालटनगंज | 40.0 | 20.0 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

* * *

रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार






www.lagatar.in | मंगलवार 02 अप्रैल 2024 ● चैत्र कृष्ण पक्ष 08 , संवत 2080 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 1, अंक : 343 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र


## देश की आर्थिक आत्मनिर्भरता को बढ़ाना होगा : नरेंद्र मोदी

**मुंबई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को रिजर्व बैंक के 90 साल पूरे होने के मौके पर कहा कि भारत को अगले 10 वर्षों में आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने की जरूरत है. जून में तीसरी बार एनडीए के सत्ता में आने पर हर किसी के लिए ढेर सारे काम सृजित होंगे. उन्होंने कहा, 'हमें



भारत की आर्थिक आत्मनिर्भरता बढ़ानी होगी. मोदी ने मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के कदम उठाने के लिए आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की सराहना भी की. उन्होंने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था ऐसे समय में नए रिकॉर्ड बना रही है, जब दुनिया के कई देश अब भी महामारी के आर्थिक झटके से उबरने की कोशिश कर रहे हैं. उन्होंने दुनियाभर में रुपये को अधिक सुलभ और स्वीकार्य बनाने के प्रयासों पर जोर दिया. मोदी ने कहा कि बैंकिंग क्षेत्र फायदे में आ गया है और पिछले दशक में उनकी सरकार और आरबीआई द्वारा किए गए प्रयासों के कारण ऋण वृद्धि बढ़ रही है.

## कांग्रेस सरयू को प्रत्याशी बनाए, पूरा समर्थन : सुप्रियो

**रांची।** झामुमो महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने सोमवार को कहा कि पिछले चुनाव में हमने सरयू राय को राज्य के तानाशाही मुख्यमंत्री को हराने के लिए गठबंधन के बावजूद सपोर्ट किया था. रही बात लोकसभा की, तो धनबाद सीट कांग्रेस के हिस्से में है. अगर कांग्रेस



वहां से सरयू राय को प्रत्याशी बनाती है तो झामुमो खुलकर उनका समर्थन करेगा. गौरतलब हो कि जमशेदपुर पूर्वी से विधायक सरयू राय ने बीते दिन खुद इच्छा जाहिर करते हुए कहा था कि अगर 'इंडिया' गठबंधन समर्थन करे, तो वह धनबाद से लोकसभा का चुनाव लड़ सकते हैं. उन्होंने यह भी कहा था कि भाजपा ने धनबाद सीट से संगीन अपराधों के आरोपी ढुल्लू महतो को अपना उम्मीदवार बनाया है. ढुल्लू को हराने के लिए उन्हें चुनाव लड़ने से परहेज नहीं है. इसे लेकर वे कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम समेत कई नेताओं से बातचीत कर चुके हैं.

## चुनावी बॉण्ड योजना मोदी सरकार का बड़ा स्कैम : रमेश

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के महासचिव जयराम रमेश ने सोमवार को कहा कि चुनावी बॉण्ड योजना में जिस तरह के तथ्य सामने आ रहे हैं, वह बता रहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी सरकार ने इसके बहाने घनघोर भ्रष्टाचार किया है. जयराम रमेश ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उस टिप्पणी के



बाद यह प्रतिक्रिया दी, जिसमें प्रधानमंत्री ने कहा है कि इस मुद्दे से उनकी सरकार को झटका लगा है. मोदी ने एक टीवी चैनल के साथ साक्षात्कार में कहा था कि कोई भी प्रणाली शतप्रतिशत नहीं हो सकता. किसी भी कमी को सुधारा जा सकता है. चुनावी बॉण्ड को लेकर आज जो लोग जश्न मना रहें हैं, उन्हें पछताना पड़ेगा. इसी बयान को लेकर जयराम रमेश ने कहा है कि प्रधानमंत्री झूठ बोल रहे हैं. चुनावी बॉण्ड योजना को पूरी तरह से गुप्त रखने के लिए डिजाईन किया गया था. दूसरे शब्दों में कहें तो प्रधानमंत्री मोदी जनता से इसकी जानकारी छिपाना चाह रहे थे. सुप्रीम कोर्ट के फैसले के आखिरी दिन तक इसे गुप्त रखने की कोशिश की गई.

## तानाशाही का जवाब देगी देश की जनता : सुनीता केजरीवाल

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने सोमवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर आरोप लगाया कि उसका एकमात्र उद्देश्य लोकसभा चुनाव के दौरान उनके पति को जेल में रखना है. आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल



को 21 मार्च को गिरफ्तार किया गया था और बाद में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हिरासत में भेज दिया गया था. अब दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने सोमवार को केजरीवाल को 15 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया है. कोर्ट से बाहर निकलते समय सुनीता केजरीवाल ने कहा कि उनसे (अरविंद केजरीवाल से) 11 दिनों तक पूछताछ की गई, पूछताछ पूरी हो गई है. अदालत ने उन्हें दोषी नहीं ठहराया है. उन्हें जेल में क्यों रखा गया है? उन्होंने कहा कि भाजपा एक ही उद्देश्य है, लोकसभा चुनाव से पहले अरविंद केजरीवाल को जेल में डालना. देश की जनता इस तानाशाही का जवाब देगी.

### पीएम ने कच्छतीवु द्वीप का मुद्दा उठाया, तो कांग्रेस ने बंग्लादेश-चीन याद दिलाया

# सियासी वार–पलटवार

**लगातार न्यूज नेटवर्क।रांची**

लोकसभा चुनाव को लेकर बढ़ती सियासी सरगर्मी के बीच तमिलनाडु के पास पड़ने वाले कच्छतीवु द्वीप को लेकर राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है. एक तरफ पीएम मोदी से लेकर विदेशी मंत्री एस जयशंकर ने कांग्रेस के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है, तो दूसरी ओर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और पूर्व केंद्रीय मंत्री पी चिदंबरम भाजपा और पीएम मोदी पर हमलावर रूख अपनाए हुए हैं.

दरअसल, चुनाव प्रचार के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने तमिलनाडु के पास पड़ने वाले कच्छतीवु द्वीप का मुद्दा लगातार उठा रहे हैं. सबसे पहले बीते शनिवार को उन्होंने मेरठ में चुनाव प्रचार के दौरान इस मामले को उठाया. कहा, 'इंडिया' गठबंधन के लोग देश की एकता को तोड़ते रहे हैं. उन्होंने एक्स पर लिखा, आंख खोल देने वाली और हैरान करने वाली बात सामने आयी है. नए तथ्य बताते हैं कि कैसे कांग्रेस ने कच्छतीवु द्वीप श्रीलंका को दे दिया. इससे सभी भारतीय में गुस्सा है और फिर से यह बात साफ हो गयी है कि वह कांग्रेस पर यकीन नहीं कर सकते. भारत की एकता को कमजोर करना और देश के हितों को नुकसान पहुंचाना ही कांग्रेस का काम है. सोमवार को भी चुनावी रैली ने इस मामले को उठाया और कहा कि भारत मां के एक अंग को काट दिया गया.

**2015** में मोदी ने कहा था कि भारत व बंग्लादेश के बीच सीमा समझौता सिर्फ जमीन का रिअलाइनमेंट नहीं, दिलों का मिलन है.

**51** एनक्लेव जो बंग्लादेश के पास थे, वह भारत में आए और भारत ने 111 एनक्लेव बंग्लादेश को दे दिए.



### मोदी ने चीन को क्लीन चीट दे दी : खड़गे

पीएम मोदी के आरोपों के बाद कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने चीन को लेकर प्रधानमंत्री मोदी पर टिप्पणी की. कहा कि गलवान में 20 जवान शहीद हो गए और पीएम मोदी ने चीन को क्लीनचीट दे दी. खड़गे ने बंग्लादेश को दिए जमीन के हिस्से का भी मुद्दा उठाया. उन्होंने एक्स पर लिखा, साल 2015 में पीएम मोदी ने कहा था कि भारत व बंग्लादेश के बीच सीमा समझौता सिर्फ जमीन के रिअलाइनमेंट के बारे में नहीं है, यह दिलों के मिलन के बारे में है. आपकी दोस्ताना भाव में 111 एनक्लेव बंग्लादेश को दे दिए गए और 55 एनक्लेव भारत के पास आए. इस समझौते के तहत 51 एनक्लेव जो बंग्लादेश के पास थे, वह भारत में आए और भारत ने 111 एनक्लेव बंग्लादेश को दे दिए. इसके साथ ही कांग्रेस के महसचिव जयराम रमेश ने सोमवार को कहा कि तथ्यों को तोड़-मरोड़ करके बदनाम करने की नीयत से इस मामले को सामने लाया गया है. यह ठीक नहीं है.

### क्या है कच्छतीवु द्वीप का मुद्दा

कच्छतीवु भारत के रामेश्वरम और श्रीलंका की मुख्य भूमि के बीच एक छोटा सा द्वीप है. वर्तमान में यह द्वीप श्रीलंका के आधिपत्य में है. इस द्वीप को वापस लेने के लिए लगातार मांगें उठती रही हैं. कुछ लोग ये भी कहते हैं कि भारत ने इस द्वीप को सरेंडर कर दिया था. दरअसल, श्रीलंका के उत्तरी तट और भारत के दक्षिण-पूर्वी तट के बीच पाक जलडमरू मध्य क्षेत्र है. इस जलडमरू मध्य का नाम रॉबर्ट पाल्क के नाम पर रखा गया था, जो 1755 से 1763 तक मद्रास प्रांत के गवर्नर थे. जलडमरू मध्य को समुद्र नहीं कहा जा सकता. मूंगे की चट्टानों और रेतीली चट्टानों की प्रचूरता के कारण बड़े जहाज इस क्षेत्र से नहीं जा सकते. कच्छतीवु द्वीप इसी पाक जलडमरूमध्य में स्थित है. ये भारत के रामेश्वरम से 12 मील और जाफना के नेदुंडी से 10 .5 मील दूर है. इसका क्षेत्रफल लगभग 285 एकड़ है. इसकी अधिकतम चौड़ाई 300 मीटर है. सेंट एंटनी चर्च भी इसी निर्जन द्वीप पर स्थित है.

### चिदंबरम ने जयशंकर के बयान पर साधा निशाना

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को कहा कि कांग्रेस से संबंध रखने वाले प्रधानमंत्रियों ने कच्छतीवु द्वीप के बारे में उदासीनता दिखाई और इसके विपरीत कानूनी विचारों के बावजूद भारतीय मछुआरों के अधिकारों को छोड़ दिया. जयशंकर ने यह टिप्पणी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा एक मीडिया रिपोर्ट का हवाला देने के एक दिन बाद की. इस पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा. उन्होंने कहा कि क्या विदेश मंत्री जयशंकर कृपया 27 जनवरी 2015 के आरटीआई जवाब का संज्ञान लेंगे. उस उत्तर में उन परिस्थितियों को उचित ठहराया गया, जिसके तहत भारत ने स्वीकार किया कि एक छोटा द्वीप श्रीलंका का है. चिदंबरम ने यह भी कहा कि यह सच है कि पिछले 50 वर्ष में मछुआरों को हिरासत में लिया गया है. इसी तरह, भारत ने कई श्रीलंकाई मछुआरों को हिरासत में लिया है. हर सरकार ने श्रीलंका के साथ बातचीत की है और हमारे मछुआरों को मुक्त कराया है.

## जीएसटी कलेक्शन में दूसरा बड़ा रिकॉर्ड

### मार्च 2024 के जीएसटी कलेक्शन में 11.5 फीसदी का उछाल

**भाषा।नयी दिल्ली**

नये वित्तीय वर्ष की शुरुआत के साथ ही सरकार के लिए अच्छी खबर आई है, जो सरकारी खजाने से जुड़ी हुई. अप्रैल महीने की पहली तारीख को जीएसटी कलेक्शन के शानदार आंकड़े सामने आए हैं. देश का बीते मार्च महीने का जीएसटी कलेक्शन 1.78 लाख करोड़ रुपये रहा है. बीते साल की समान अवधि की तुलना में ये 11 फीसदी से ज्यादा बढ़ा है.

वित्त मंत्रालय द्वारा सोमवार को जारी किए गए आंकड़ों के मुताबिक, मार्च 2023 की तुलना में मार्च 2024 के जीएसटी कलेक्शन में 11.5 फीसदी का उछाल देखने को मिला है. वहीं मासिक आधार पर 1.78 लाख करोड़ रुपये का ये आंकड़ा अब तक का दूसरा सबसे ऊंचा स्तर है. पूरे वित्तीय वर्ष की बात करें, तो वित्तीय वर्ष 2023-24 में कुल 20.14 लाख करोड़ रुपये जीएसटी कलेक्शन हुआ है. यह आंकड़ा एफवाई 22-23 के मुकाबले 11.7 फीसदी ज्यादा है. मार्च महीने में इतना जीएसटी रेवेन्यू सरकारी आंकड़ों पर नजर डालें, तो मार्च महीने के लिए रिफंड पर नेट जीएसटी रेवेन्यू 1.65 लाख करोड़ रुपये है और ये पिछले साल की समान अवधि के मुकाबले 18.4 फीसदी की बढ़त है. पूरे वित्त वर्ष में मासिक आधार पर औसत जीएसटी कलेक्शन की गणना करें, तो ये वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए 1.68 लाख करोड़ रुपये रहा है, जो कि बीते वित्तीय वर्ष 2022-23 में 1.5 लाख करोड़ रुपये रहा था.




- वित्तीय वर्ष 2023-24 में 20 .14 लाख करोड़ रुपये का कलेक्शन

## बोकारो से 100 टन अवैध कोयला जब्त

### बाल गोविंद महतो कर रहा था कोयले का अवैध कारोबार

**संवाददाता।रांची/बोकारो**

अवैध कोयला कारोबार के खिलाफ पुलिस टीम ने बड़ी कार्रवाई की है. डीआईजी सुरेंद्र कुमार झा के निर्देश पर बेरमो डीएसपी के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने बीती रविवार देर रात बोकारो के पेंक नारायणपुर थाना क्षेत्र स्थित अलग-अलग गांवों में छापेमारी की. इस दौरान पिपराडीह और जमुनिआ गांव में अवैध रूप से जमा करीब 100 टन कोयला बरामद किया गया. जांच में पता चला कि पेंक का रहने वाला बाल गोविंद महतो ने इस कोयले को तस्करी के लिए रखा था. ऐसे में सवाल खड़ा हो रहा है कि बाल गोविंद महतो किसके संरक्षण में अवैध कोयले का कारोबार कर रहा था. बताया जाता है कि रामगढ़ व बोकारो जिले की सीमा पर स्थित रहावन ओपी क्षेत्र के बघरैया, अलकुसिया व हुरदाग जंगल और बोकारो के पेंक नारायणपुर थाना क्षेत्र में कोयले का अवैध कारोबार धड़ल्ले से चल रहा था.



### रूंगटा के प्लांट और मंडी भेजा जा रहा था कोयला

कोयला माफिया द्वारा यहां 35-40 अवैध खदानों से कोयला का उत्पादन किया जा रहा है. जिसे रात के अंधेरे में ट्रैक्टर से चतरोचट्टी थाना क्षेत्र के जर्कुंडा और टाटीझरिया पहुंचाया जाता है. वहां से कुछ कोयले को बड़े ट्रेलर में लोड कर कुजू ओपी स्थित रूंगटा प्लांट और कुछ ट्रकों में कोयला लोड कर फर्जी कागजात के माध्यम से डेहरी और बनारस की मंडियों में भेजा जाता था.

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 61,000 |
| चांदी (किलो) | 79,000 |

### आज के मैच

लखनऊ सुपर जॉयंट्स बनाम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर

समय : शाम 7 :30 बजे से

### बारिश, तूफान में चार की मौत, 53,000 प्रभावित

**गुवाहाटी।** असम में आंधी-तूफान के साथ बारिश और बिजली गिरने से संबंधित घटनाओं में चार लोगों की मौत हो गई, जबकि 53,000 लोग प्रभावित हुए हैं. अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी.

## चीन से आर्थिक मुकाबला के लिए विनिर्माण अहम: जयशंकर

**भाषा।सूरत**

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को कहा कि आर्थिक मोर्चे पर चीन से प्रतिस्पर्धा करने के लिए भारत को विनिर्माण पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए. उन्होंने कहा कि यह एक ऐसा प्रमुख क्षेत्र है, जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2014 में सत्ता में आने से पहले की सरकारों ने नजरअंदाज किया था. उन्होंने कहा कि चीन के साथ सीमा पर तनाव के चलते नयी दिल्ली-बीजिंग संबंधों में विसंगति पैदा हुई है. भारत की सोच बिलकुल स्पष्ट है कि जब तक सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति और स्थिरता नहीं होगी, तब तक दोनों एशियाई शक्तियों के बीच संबंधों में सुधार नहीं होगा. जयशंकर ने सूरत में एक कार्यक्रम में उद्योग जगत के नेताओं के साथ चर्चा के दौरान कहा कि अगर हमें चीन से मुकाबला करना है, तो इसका समाधान यही है कि हम यहीं विनिर्माण पर ध्यान केंद्रित करें.

## तिहाड़ का जेल नंबर दो केजरीवाल का नया ठिकाना

**नई दिल्ली (भाषा)**

शराब नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने सोमवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को 15 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया है. इसके बाद केजरीवाल को तिहाड़ जेल लाया गया.

जेल के एक अधिकारी ने बताया कि आप प्रमुख को तिहाड़ जेल लाया गया है और उन्हें जेल नंबर दो में रखा जाएगा. उन्हें एक अलग कोठरी में रखा जाएगा. बता दें कि रिमांड अवधि पूरी होने के बाद ईडी ने केजरीवाल को विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा की अदालत में पेश किया. ईडी ने अदालत से केजरीवाल को 15 दिन के लिए न्यायिक हिरासत में भेजने की मांग करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ने पूछताछ में बिल्कुल सहयोग नहीं किया. इसके बाद न्यायाधीश ने उन्हें 15 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश दिया. अदालत में प्रवेश करने से पहले पत्रकारों से केजरीवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री जो कुछ भी कर रहे हैं, वह देश के लिए अच्छा नहीं है. केजरीवाल ने स्पष्ट किया कि वो सीएम पद से इस्तीफा नहीं देंगे. बल्कि जेल से सरकार चलाएंगे. इससे पहले ईडी ने कोर्ट में बड़ा खुलासा किया है. ईडी ने कहा कि केजरीवाल ने पूछताछ में बताया है कि विजय नायर, आतिशी और सौरभ भारद्वाज को रिपोर्ट करता था.

वहीं, केजरीवाल ने जेल में अध्ययन के लिए कोर्ट से 3 किताबों की मांग की है. केजरीवाल ने रामायण, गीता और नीरजा चौधरी की किताब हॉऊ प्राइम मिनिस्टर डिसाइड' के अलावा जरूरी दवाइयां देने की भी कोर्ट से गुजारिश की है.



### खास बातें

- केजरीवाल को 15 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में भेजा गया
- केजरीवाल बोले- पीएम जो कर रहे, वह देश के लिए अच्छा नहीं

**फैसला** ज्ञानवापी मस्जिद मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट के हिंदू पक्ष को पूजा की अनुमति का आदेश बरकरार

## दक्षिणी तहखाने में पूजा पर रोक लगाने से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

**भाषा।नई दिल्ली**

उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को ज्ञानवापी मस्जिद के दक्षिणी तहखाने में हिंदू पक्ष के पूजा करने पर रोक लगाने से इनकार कर दिया और मस्जिद इंतजामिया कमेटी की याचिका पर काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास को नोटिस जारी कर के जवाब मांगा है. शीर्ष अदालत ने वाराणसी स्थित ज्ञानवापी परिसर में नमाज अदा करने को लेकर यथास्थिति बनाए रखने का आदेश दिया.

उच्चतम न्यायालय ज्ञानवापी मस्जिद इंतजामिया कमेटी की नयी याचिका पर सुनवाई कर रहा है, जिसमें इलाहाबाद उच्च न्यायालय के उस आदेश को चुनौती दी गई है, जिसमें मस्जिद के दक्षिणी तहखाने में हिंदू पक्ष को पूजा करने की अनुमति देने संबंधी अधीनस्थ अदालत के फैसले को बरकरार रखा गया था. मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने पुजारी शैलेंद्र कुमार पाठक व्यास से भी मस्जिद कमेटी की याचिका पर 30 अप्रैल तक जवाब दाखिल करने को कहा है. शीर्ष अदालत की पीठ में न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल हैं और वाराणसी स्थित ज्ञानवापी मस्जिद का प्रबंधन करने वाली मस्जिद इंतजामिया कमेटी की याचिका पर सुनवाई कर रही है. उच्च न्यायालय ने 26 फरवरी को कमेटी की उस अर्जी को खारिज कर दिया था जिसमें 31 जनवरी को जिला अदालत द्वारा तहखाने में हिंदू पक्ष को पूजा-पाठ करने की अनुमति दी गई थी. इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने मस्जिद इंतजामिया कमेटी की याचिका को खारिज करते हुए टिप्पणी की कि उत्तर प्रदेश सरकार ने 1993 में 'व्यास जी के तहखाने' में पूजा रोकने का फैसला किया. अदालत ने कहा कि ज्ञानवापी के दक्षिणी तहखाने में पूजा पर रोक का फैसला अवैध था.



**30** अप्रैल तक मस्जिद कमेटी की याचिका पर देना होगा जवाब

न्यायालय ने काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास को नोटिस जारी किया

**भोजशाला में वैज्ञानिक सर्वेक्षण पर रोक लगाने से इनकार**

### एमपी हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देनी वाली याचिका पर नोटिस जारी

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मध्य प्रदेश के धार जिले में मध्ययुगीन संरचना भोजशाला परिसर के वैज्ञानिक सर्वेक्षण पर रोक लगाने से सोमवार को इनकार कर दिया. हालांकि, कहा है कि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के सर्वेक्षण नतीजे के आधार पर उसकी अनुमति के बिना कोई कार्रवाई न की जाए. हिंदू और मुस्लिम दोनों पक्ष एएसआई द्वारा संरक्षित 11वीं सदी के इस परिसर पर अपना दावा जता रहे हैं. हिंदू भोजशाला को वाग्देवी को समर्पित एक मंदिर मानते हैं, जबकि मुस्लिम उसे कमाल मौला मस्जिद बताते हैं. एएसआई द्वारा सात अप्रैल 2003 को किए एक समझौते के तहत, हिंदू मंगलवार को भोजशाला परिसर में पूजा करते हैं, जबकि मुस्लिम शुक्रवार को इसमें नमाज पढ़ते हैं. न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय और पीके मिश्रा ने वैज्ञानिक सर्वेक्षण पर मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के 11 मार्च के आदेश को चुनौती देने वाली मौलाना कमालुद्दीन वेलफेयर सोसायटी की याचिका पर केंद्र, मध्य प्रदेश सरकार, एएसआई और अन्य को नोटिस जारी किया है.

## टैक्स रिटर्न मामले में कांग्रेस को सुप्रीम कोर्ट से राहत मिली

**भाषा।नयी दिल्ली**

आयकर विभाग की ओर से 3500 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाए जाने के मामले में कांग्रेस को उच्चतम न्यायालय से सोमवार को राहत मिली है. इसका कांग्रेस पार्टी ने स्वागत करते हुए कहा कि इससे यह बात साबित होती है कि सत्य की जीत होती है. आयकर विभाग ने सोमवार को उच्चतम न्यायालय में कहा कि वह करीब 3,500 करोड़ रुपये के टैक्स रिटर्न नोटिस के संबंध में लोकसभा चुनावों के मद्देनजर कांग्रेस के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं करेगा.

न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति ऑगस्टिन जॉर्ज मसीह की पीठ ने आयकर विभाग का प्रतिनिधित्व कर रहे सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता का यह बयान दर्ज किया कि मामले पर अंतिम फैसला आने तक मौजूदा परिस्थितियों में तुरंत कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी. पीठ ने टैक्स रिटर्न नोटिस पर कांग्रेस की याचिका पर सुनवाई को जुलाई के लिए स्थगित कर दिया. इस मामले पर कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि उनकी पार्टी इस राहत का स्वागत करती है.

### खास बातें

- लोस चुनाव तक कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं करेगा आईटी
- कांग्रेस ने स्वागत करते हुए इसे 'सत्य की जीत' बताया

## ब्रीफ खबरें

### आईएएस निधि खरे ने सचिव का पद संभाला



**रांची ।** आईएएस निधि खरे ने सोमवार को केंद्र में उपभोक्ता मामलों की सचिव का पदभार ग्रहण किया. उन्हें पिछले महीने इस विभाग का सचिव नियुक्त किया गया था. रोहित कुमार सिंह की सेवानिवृत्ति के बाद सोमवार को उन्होंने पदभार ग्रहण किया. वे इस विभाग में अतिरिक्त सचिव रह चुकी हैं. फिलहाल उपभोक्ता मामलों के विभाग में विशेष कार्य पदाधिकारी के रूप में काम कर रही थीं. निधि खरे झारखंड कैडर की अधिकारी हैं. वह कार्मिक, स्वास्थ्य, वाणिज्य कर विभाग की प्रधान सचिव सहित जमशेदपुर, दुमका, मधुबनी की डीसी रह चुकी हैं. उनकी पहचान तेज तर्रार अधिकारी के रूप में है. उन्होंने राज्य और केंद्र में सरकार की कई नीतियों को सफलतापूर्वक लागू कराया है. खरे ने सीसीपीए की मुख्य आयुक्त के रूप में उपभोक्ताओं के हित में कई महत्वपूर्ण मामलों पर संज्ञान लिया था.

### एनएसयूआई ने सुदेश साहू को सौंपा ज्ञापन



**रांची ।** एनएसयूआई प्रतिनिधिमंडल ने रांची विश्वविद्यालय के डीएसडब्लू डॉ सुदेश कुमार साहू से मिल कर छात्र हित में ज्ञापन सौंपा. जिलाध्यक्ष अमन अहमद ने कहा कि सत्र 2018-2021 बैच के स्नातक की फाइनल परीक्षा होती है और सभी छात्र -छात्राओं को अंकपत्र भी दे दिया गया. इसके बाद विश्विविद्यालय की तरफ से एक नोटिफिकेशन जारी कर कहा गया जीई पेपर की परीक्षा 2 सेमेस्टर की छूट गयी है, जिसकी परीक्षा देना वैसे विद्यार्थीयों को अनिवार्य है, जो आगे उच्च शिक्षा प्राप्त करना चाहते हैं या फिर सरकारी नौकरी करना चाहते हैं. इसके बाद हजारों छात्र -छात्राओं ने परीक्षा फार्म भराऔर दोनों सेमेस्टर की परीक्षा दिसंबर 2023 में ली गयी. करीब चीन माह से अधिक हो गया है, लेकिन आजतक रिजल्ट प्रकाशित नहीं किया गया है. ऐसे में आगे की पढ़ाई कर पाने और स्नातक स्तरीय परीक्षा का फॉर्म भर पाने में छात्र- छात्राएं असमर्थ हैं. भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन छात्रहित में जल्द से जल्द परीक्षा परिणाम घोषित करने की मांग की है. मौके पर प्रदेश सचिव रोहित पांडे, जिला उपाध्यक्ष पवन कुमार भी मौजूद थे.

# 100 साल से रह रहें हैं 54 दलित परिवार, ना वन पट्टा मिला ना पीने का पानी

# चुनाव में क्या यह मुद्दा बनेगा?

**लोकसभा चुनाव की डुगडुगी बज चुकी है. नेता जनता को आश्वासनों का पुलिदां परोसेगे. विकास के बड़े-बड़े वायदे भी होंगे. हमने जमीनी हकीकत की पड़ताल की. इस कड़ी में हम कोडरमा लोकसभा क्षेत्र के एक गांव का जायजा लिया है. पेश है ब्यूरो प्रमुख प्रवीण कुमार की यह रिपोर्ट.**


**कोडरमा ।** जिला मुख्यालय से महज 12 किलोमीटर की दूरी पर बसा है ताराघाटी गांव. यह गांव मेघातरी पंचायत में आता है. साल के छह माह इस गांव के लोग पीने के पानी की किल्लत झेलते हैं. गांव के लोग बताते हैं कि चुनाव के समय नेता आते हैं. वन पट्टा और पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराने का वायदा करते हैं. चुनाव के बाद भूल जाते हैं. गांव के लोगों की आजीविका का बड़ा स्रोत जंगल से अभ्रक (ढ़िबरा) चुनना है. ढिबरा चुनकर बेचते हैं. इससे हर परिवार को तीन से पांच हजार रुपये की आमदनी हो जाती है. रिजर्व फॉरेस्ट सेंचुरी एरिया में बसे होने के कारण गांव के किसी भी व्यक्ति के पास खुद की जमीन नहीं है. गांव के लोगों का आधार कार्ड, वोटर कार्ड, राशन कार्ड बना हुआ है. घरों में बिजली का कनेक्शन भी है. लेकिन हर घर नल योजना का लाभ गांव को नहीं मिला है. साथ ही दलित परिवारों को वन पट्टा भी नहीं दिया गया है.



### कोडरमा के अब तक सांसद

1977 रीतलाल प्रसाद वर्मा (जनता पार्टी)
1980 रीतलाल प्रसाद वर्मा (जनता पार्टी)
1984 तिलकझारी सिंह (कांग्रेस)
1989 रीतलाल प्रसाद वर्मा (भाजपा)
1991 मुमताज अंसारी (जनता दल)
1996 रीतलाल प्रसाद वर्मा (भाजपा)
1998 रीतलाल प्रसाद वर्मा (भाजपा)
1999 तिलकझारी सिंह (कांग्रेस)
2004 बाबूलाल मरांडी (भाजपा)
2006 बाबूलाल मरांडी (निर्दलीय)
2009 बाबूलाल मरांडी (झाविमो)
2014 रविन्द्र कुमार राय (भाजपा)
2019 अन्नपूर्णा देवी (भाजपा)

### ढ़िबरा ही पेट पालने का साधन



वार्ड पार्षद सुरेंद्र भुईंया ने बताया कि गांव के लोगों का पेट सिर्फ ढ़िबरा से ही चलता है. हमारे पूर्वज खादान में काम करते थे. खादान बंद होने के बाद गांव के सभी लोग ढ़िबरा चुनते हैं. एक परिवार महीने में 20-30 किलो ढ़िबरा जमा कर लेता है. जिसे बेचने पर तीन से पांच हजार रुपये की आमदनी हो जाती है. महीने में पांच किलो अनाज तो मिल जाता है, लेकिन सरकार की आवास योजना, मनरेगा योजना आदि का लाभ अब तक नहीं मिला.

### चतरा से लाया गया था 54 को

गांव में अभी जो रह रहें हैं, वह ताराघाटी में रहने वाले पांचवीं पीढ़ी के लोग है. गांव की बुजुर्ग महिला दुलारी भूईयां बताती हैं: तब रांची-पटना रोड़ की चौड़ाई काम हुआ करती थी, रात को गाड़ियों की रोशनी माइका पर पड़ते ही पूरा इलाका आसमान में मौजूद तारो की तरह चमकने लगता था. इसी कारण गांव का भी नाम ताराघाटी पड़ा. गांव के वार्ड पार्षद सुरेंद्र भुईंयां बताते कि यहां उनकी पाचवीं पीढ़ी हैं. करीब 130 साल पहले ढ़िबरा उद्योग में काम करने के लिए चतरा से लाया गया था. तब से सभी यहीं रह गए. गांव के लोगों को घर बनाने के लिए पांच-पांच डिसमिल जमीन का वन पट्टा चाहिए. आज तक नहीं मिला. हाल में दो बार आवेदन किया. लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई.

### पीने के लिए पानी तक नहीं : पिंकी देवी



सरकार भले ही अपनी हर घर जल योजना को बड़ी उपलब्धि बताये, इस गांव में यह योजना अब तक नहीं पहुंची. ताराघाटी में रहने वाले कुछ लोगो को योजना का नाम तो पता है. लेकिन वह होता क्या है, नहीं जानते. पिंकी देवी कहती हैं: गांव के लोगो के पास दो ही विकल्प हैं. या तो पानी खरीद करके पीएं या पुराने कुएं से पानी निकाले. करीब 100 साल पहले का इस कुएं से साल के छह साल ही पानी मिल पाते हैं.

## एनडीए प्रत्याशी उतरे प्रचार में, 'इंडिया' के संभावित टिकट की आस में

# कहीं पिछड़ न जाए 'इंडिया'

### रणनीति धीमी

- प्रत्याशियों की घोषणा में देरी से 'इंडिया' में रस्सा-कस्सी
- कई सीटों पर भितरघात की संभावना, अपने ही देंगे टेंशन

**कौशल आनंद । रांची**

झारखंड की सभी 14 लोकसभा सीटों पर घोषित एनडीए प्रत्याशी मैदान में आ चुके हैं. ये अपने-अपने क्षेत्र में उतर कर प्रचार व जनसंपर्क शुरू कर चुके हैं. रैली, भाषण का दौर भले ही न शुरू हुआ, हो मगर निजी जनसंपर्क, बैठकों का दौर और रणनीति बनानी शुरू कर दी है. दूसरी ओर कई सीटों पर 'इंडिया' के प्रत्याशियों के नामों की घोषणा नहीं हुई है.

अब तक आधिकारिक रूप से केवल चार प्रत्याशियों का एलान हुआ है और 10 सीटों पर प्रत्याशियों के नाम का ऐलान होना बाकी है. हर सीट से कई दावेदार हैं, लेकिन अंतिम में किसे टिकट मिलेगा, इसकी आशा में सभी दावेदार टकटकी लगाए बैठे हैं. न तैयारी कर पा रहे हैं और ना ही रणनीति बना पा रहे हैं.

इसके पीछे भले ही 'इंडिया' व राज्य गठबंधन के शीर्ष नेता यह कह कर अपना पल्ला झाड़ लें कि अभी झारखंड में चुनाव में देरी है, ठोक-बजा कर प्रत्याशी उतारा जाएगा. मगर, इसका मैसेज कैडर तो दूर, आम जनता के बीच भी सही नहीं जा रहा है. ऐसे में एनडीए के प्रत्याशी रणनीति और तैयारी में आगे निकल चुके हैं.



### इन सीटों को लेकर उभरा है विवाद

*झामुमो विधायक चमरा लिंडा को मजबूत प्रत्याशी करार देते हुए लोहरदगा लोकसभा सीट पर संख्या बाल के आधार पर दावा कर रही था. मगर कांग्रेस ने झामुमो की मांग को नजरअंदाज कर लोहरदगा से सुखदेव भगत को प्रत्याशी घोषित कर दिया.*

*पलामू एवं चतरा में एक सीट कांग्रेस, राजद को देना चाहती है. मगर, राजद ने दोनों सीटों अपनी दावेदारी प्रस्तुत कर दी है.*

### सीट को लेकर अब भी जारी है रस्सा-कस्सी

*एनडीए गठबंधन ने आसानी से न केवल सीट शेयरिंग कर लिया, बल्कि प्रत्याशी का भी ऐलान कर अपर हैंड में आ चुकी है. मगर 'इंडिया' में अब भी सीट शेयरिंग को लेकर रस्सा कस्सी जारी है. चुनाव के पहले इंडिया गठबंधन के नेताओं ने यह तय किया था कि सीट शेयरिंग का ऐलान संयुक्त रूप से प्रदेश स्तर पर होगा. प्रत्याशी का चयन भी प्रदेश स्तर पर होगा. इसके बाद राष्ट्रीय नेतृत्व दिल्ली में प्रत्याशी का ऐलान करेंगे. मगर कांग्रेस ने एकतरफा तीन सीटों पर प्रत्याशियों के नाम का ऐलान कर दिया. इसको लेकर घटक दल झामुमो में नाराजगी है. दूसरी ओर कांग्रेस-राजद का विवाद भी अभी तक खत्म नहीं हुआ है.*

### इन सीटों पर भितरघात की संभावना

- लोहरदगा सीट से कांग्रेस ने अपने प्रत्याशी घोषित कर दिया. मगर चमरा लिंडा पीछे हटने को तैयार नहीं है. वे पार्टी की बात भी अनसुना करने के मूड में हैं. अगर चमरा लिंडा लोहरदगा से निर्दलीय या किसी अन्य दल के सहयोग से उतरते हैं, तो कांग्रेस प्रत्याशी के लिए मुश्किलें खड़ी कर सकते हैं.
- झामुमो विधायक लोबिन हेंब्रम राजमहल से अपनी दावेदारी प्रस्तुत कर रहे हैं. मगर पार्टी सीटिंग एमपी विजय हांसदा को ही फिर से उतारने के मूड में है. अगर हांसदा उतरे, तो लोबिन निर्दलीय या झापा के सहयोग से उतर सकते हैं. इससे विजय हांसदा की जीत की राह कठिन हो सकती है.
- कोडरमा सीट से माले ने विनोद सिंह को प्रत्याशी बनाया है. पार्टी ने दावा किया है कि गठबंधन की सहमति है. मगर झामुमो नेता प्रो. जेपी वर्मा ने यह कह कर विनोद सिंह की राह में रोड़ा अटका दिया है कि कोडरमा से विनोद सिंह माले प्रत्याशी हैं, 'इंडिया' के नहीं. वे हर हाल में चुनाव लड़ेंगे.
- भाजपा के पूर्व सांसद रहे रामटहल चौधरी कांग्रेस में शामिल हो चुके हैं. रांची सीट होल्ड पर है. अगर कांग्रेस चौधरी को चुनाव मैदान में उतारती है, तो उन्हें सुबोधकांत सहाय के समर्थकों का भितरघात झेलना पड़ सकता है. हालांकि, प्रत्याशी के नाम की घोषणा के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी.
- खूंटी से प्रबल दावेदार के रूप में कांग्रेस में शामिल हुईं सामाजिक कार्यकर्ता दयामनी बरला को टिकट नहीं मिला. अब चर्चा यह है झापा के नेता उन पर अपनी पार्टी से चुनाव लड़ने का दबाव बना रहे हैं. अगर ऐसा हुआ, तो खूंटी में कालीचरण मुंडा के लिए दिक्कतें खड़ी हो सकती हैं.
- धनबाद सीट से कांग्रेस के सबसे अधिक टिकट के दावेदार हैं. धनबाद से अंतिम रूप से प्रत्याशी चयन करना पार्टी के लिए बड़ी जंग से कम नहीं है. धनबाद से ददई दुबे, मन्नान मल्लिक, अजय दुबे, विजय सिंह, कुमार गौरव सहित कई दावेदार हैं. उपर से सरयू राय ने 'इंडिया' से समर्थन मांगा है.

# मनमोहन सिंह की सरकार में भी कई घोटाले हुए हैं : मरांडी



**संवाददाता । रांची**

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि रविवार को दिल्ली के रामलीला मैदान में भ्रष्टाचार के आरोपी दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के लिए बड़ी रैली का आयोजन हुआ. भ्रष्टाचार व आरोपी के समर्थन में देश के विपक्षी दलों के तमाम बड़े नेता शामिल हुए. कानून सबके लिए एक समान होता है. रैली में शामिल नेता चाहते हैं कि खास लोगों के लिए खास कानून बने. ईडी के नोटिस पर उन्हें जाना चाहिए था, लेकिन नोटिस को सिरे से नकार दिया और ये लोग लोकतंत्र की दुहाई दे रहे हैं. अब कहा सकता है कि भ्रष्टाचार के आरोप सही जगह पहुंच चुके हैं.

**इंडी एलायंस के नेताओं ने पहले लूटा, अब बिलबिला रहे हैं :** भाजपा अध्यक्ष मरांडी कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने साफ-साफ कह दिया है- न खाऊंगा न खाने दूंगा. रसूखदार के यहां भी जांच एजेंसियां पहुंच रही हैं. इसलिए इंडी एलायंस के नेता बिलबिला रहे हैं. ये लोग सत्ता में रहते हैं, तो जितना चाहे लूट सको, तो लूटो का नारा लगाते हैं. झारखंड को ही देख लीजिए, किस तरह बालू की लूट हुई है. झारखंड में हर विभाग में नेताओं से लेकर अफसरों ने जमकर लूटा है. यहां भी दारू घोटाला है, यहां भी कई नियम बदले गये हैं. जमकर इन लोगों ने झारखंड को लूटा है, अब इन लोगों ने पीएम मोदी के नाम पर रोना-धोना शुरू कर दिया है.

### चोरी भी करते हैं और चिल्लाते भी हैं

इंडी एलायंस के नेता चोरी भी करते हैं और चिल्लाते भी हैं. इनके नेता सनातन को भी गाली देते हैं. ये लोग बार-बार पीएम मोदी को गाली देते हैं, जांच एजेंसी अगर गलत होती, तो कोर्ट बेल दे देता. ये लोग निगेटिव नैरेटिव सेट करने में लगे हुए हैं. दिल्ली के नेता खुद को खांटी ईमानदार बताते थे. वैसे ही झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री खुद को खांटी आदिवासी बताते हैं. आदिवासी को क्यों बदनाम करते हो, मनमोहन सिंह के सरकार में भी कई घोटाले हुए हैं. कांग्रेस की सरकार में कई घोटाले हुए हैं. अब उन्हें परेशानी हो रही है. बाबूलाल ने कहा कि एक तरह से कह सकते हैं, भ्रष्टाचारियों का गठबंधन हो गया है. कांग्रेस पार्टी से कुछ सवाल हम पूछते हैं- क्या ये लोग खुद को कानून से ऊपर समझते हैं . इनकम टैक्स रिटर्न इन लोगों ने क्यों नहीं जमा किया?

# जंगी ऐप का उपयोग कर रहे अपराधियों को पकड़ेगी सीआईडी

**सौरभ सिंह । रांची**

झारखंड में सक्रिय अपराधियों, उग्रवादियों और नशा के कारोबार से जुड़े लोगों के लिए जंगी ऐप कारगर साबित हो रहा है. इस ऐप का इस्तेमाल वो अपने संगठन से जुड़े लोगों से बात करने में कर रहे हैं. हाल के दिनों में अपराधी और उग्रवादी जंगी ऐप पर ही सदस्यों को आदेश देते हैं कि किस से रंगदारी मांगनी है और कहां आपराधिक घटना को अंजाम देना है. दूसरी तरफ नशा के कारोबार से जुड़े तस्कर भी अपने सहयोगियों से बात करने के लिए जंगी ऐप का ही उपयोग कर रहे हैं. जंगी ऐप एक मैसेंजर ऐप है, जो सर्वर लेस बताया जाता है. इसमें की गयी बातचीत का डेटा सिर्फ यूजर के मोबाइल पर स्टोर होता है. इस फीचर की वजह से इसे पूरी तरह से प्राइवेट ऐप माना जाता है.

**अपराधियों में जंगी ऐप का उपयोग बढ़ा : सीआईडी डीजी :** सीआईडी डीजी अनुराग गुप्ता का कहना है कि जंगी ऐप,वाट्सएप और टेलीग्राम जैसा ही है. इसो वॉयस ओवर इंटरेक्ट प्रोटोकॉल (वीओआइपी) भी बोलते हैं. इसके जरिये जब कोई किसी से बात करता है, तो वह नॉर्मल नेटवर्क फीचर का उपयोग न करके आईपी फीचर का उपयोग करता है. गुप्ता ने बताया हाल के दिनों में नारकोटिक्स के बड़े लीडर भी इस ऐप का उपयोग कर रहे हैं. अपराधियों को लगता है कि इस ऐप का उपयोग करने से पकड़े नहीं जायेंगे, लेकिन ऐसा नहीं है. हमलोग अपराधियों को पकड़ लेंगे.

### पीएलएफआई सुप्रीमो दिनेश गोप भी करता था जंगी ऐप का इस्तेमाल

सीआईडी डीजी अनुराग गुप्ता ने बताया कि पीएलएफआई सुप्रीमो दिनेश गोप भी जंगी ऐप का उपयोग करता था. बताया कि इसी ऐप के माध्यम से उसकी गिरफ्तारी भी हुई. बता दें कि बीते 21 मई 2023 को एनआईए ने झारखंड पुलिस के लिए सिर दर्द बने दिनेश गोप को नेपाल से गिरफ्तार किया था.

### झारखंड में इन आपराधिक गिरोहों का आतंक

झारखंड में इन दिनों सबसे ज्यादा आतंक जेल में बंद अमन साव और उसके गिरोह के सदस्यों का है, जो कानून व्यवस्था के लिए सिरदर्द बने हुए हैं. इसी तरह पांडेय गिरोह, अमन सिंह गिरोह, प्रिंस खान गिरोह, अमन श्रीवास्तव गिरोह, सुजीत सिन्हा गिरोह भी राज्य में सक्रिय है. हालांकि देखा जाए तो इन गिरोहों के अधिकतर सरगना गिरफ्तार होने के बाद विभिन्न जेलों में बंद हैं. लेकिन इनके गुर्गे राज्य में आतंक मचा रहे हैं. पुलिस के साथही साथ सीआईडी की टीम भी संगठित अपरादी गिरोह के सदस्यों की तलाश में जुटी है.

### अपराधी-उग्रवादी व नशा के कारोबारी बेखोफ कर रहे हैं जंगी ऐप का उपयोग

सीआईडी डीजी अनुराग गुप्ता का कहना है कि जंगी ऐप,वाट्सएप और टेलीग्राम जैसा ही है. इसो वॉयस ओवर इंटरेक्ट प्रोटोकॉल (वीओआइपी) भी बोलते हैं. इसके जरिये जब कोई किसी से बात करता है, तो वह नॉर्मल नेटवर्क फीचर का उपयोग न करके आईपी फीचर का उपयोग करता है. अपराधियों को लगता है कि इस ऐप का उपयोग करने से पकड़े नहीं जायेंगे, लेकिन ऐसा नहीं है. हमलोग अपराधियों को पकड़ लेंगे. गुप्ता ने बताया हाल के दिनों में नारकोटिक्स के बड़े लीडर भी इस ऐप का उपयोग कर रहे हैं.

# राजद ने गठबंधन के तहत दो सीटों पर किया दावा, झामुमो से मांगा सहयोग

**विशेष संवाददाता । रांची**



### खास बातें

- भोक्ता बोले-हमारा जनाधार चतरा-पलामू में अच्छा है
- हम अगर लड़े, तो जीतेंगे भी झामुमो राजद का समर्थन करे

राष्ट्रीय जनता दल ने इंडिया गठबंधन से झारखंड में लोकसभा की दो सीटों की मांग की है. प्रदेश राजद के वरिष्ठ नेता एवं मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि हमारा जनाधार चतरा और पलामू में काफी अच्छा है. इसलिए हमें दो सीट मिलनी चाहिए.

यह हमारा हक है. हम अगर लड़े, तो जीतेंगे भी. हमारी इस मांग का झामुमो को भी समर्थन करना चाहिए. भोक्ता प्रदेश राजद कार्यालय में मीडिया से बातचीत कर रहे थे. मौके पर प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव ने भी कहा है कि चतरा और पलामू में हम काफी मजबूत हैं. हमें हमारा हक मिलना चाहिए. बताते चलें कि झारखंड में कांग्रेस सिर्फ पलामू सीट ही राजद को देना चाहती है. लेकिन राजद द्वारा दो सीटों पर दावेदारी के बाद यहां पर सीटों और प्रत्याशी चयन का मामला लटका हुआ है.

## राजद की मांग पर झामुमो का छलका दर्द, सुप्रियो बोले-

# राजद ने कभी भी बिहार में हमें हक देने की वकालत नहीं की

- सीट शेयरिंग को राजद-कांग्रेस के बीच का मसला बताया
- कहा- बाबूलाल मरांडी पर अब अधिक बोलना उचित नहीं लगता

**विशेष संवाददाता । रांची**

राजद द्वारा झारखंड में दो सीट की मांग और झामुमो के सपोर्ट पर भट्टाचार्य बिफर पड़े. उन्होंने कहा कि हमने गठबंधन धर्म का पालन करते हुए एक विधायक को मंत्री बनाया. मगर ये लोग ने कभी भी बिहार में झामुमो को हक दिलाने की बात नहीं उठायी. हमें ना तो बिहार विधानसभा चुनाव, विधान परिषद चुनाव और न ही लोकसभा में एक सीट देने की मांग की वकालत की.



उन्होंने कहा कि अब ये लोग यह कैसे उम्मीद करते हैं कि हम उनकी मांग पर सपोर्ट करें. यह पूरी तरह से कांग्रेस और राजद के बीच सीट शेयरिंग का मसला है. भट्टाचार्य ने कहा कि बाबूलाल पर अब अधिक बोलना उचित नहीं है. वे पता नहीं कब क्या बोलते हैं, क्या भूल जाते हैं, क्या याद रखते हैं. वे ही जाने. कल तो वे मोदी जी के बारे में भी खूब अनाप-शनाप बोलते थे, ढुल्लू को भी पानी पी-पी कर बोलते थे. मगर आज क्या बोले पता नहीं. उनकी बातों पर प्रतिक्रिया देना ठीक नहीं लगता है.

### इलेक्शन क्विज में सही जवाब देनेवालों को दिया गया उपहार

**रांची ।** चुनाव प्रक्रिया को लेकर आप सभी को अच्छी जानकारी है, अगली बार से कार्यक्रम को होस्ट करने की जिम्मेदारी हमारी रहेगी ही नहीं, आप सभी की होगी और आप लोग अपना रजिस्ट्रेशन भी करा लीजियेगा. मतदाता जागरुकता प्रशिक्षण कार्यक्रम में क्विज के दौरान पूछे गये सवालों पर उपस्थित लोगों द्वारा हाजिर जवाब मिलने पर ये बातें जिला निर्वाचन पदाधिकारी राहुल कुमार सिन्हा ने कहीं. रांची के मोरहाबादी स्थित आर्यभट्ट सभागार में मतदाता जागरुकता प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. वहीं सभी सदस्यों को चुनाव प्रक्रिया से संबंधित जानकारी भी दी.









राज्यभर की खबरें के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार




www.lagatar.in | मंगलवार 02 अप्रैल 2024 ● चैत्र कृष्ण पक्ष 08 , संवत 2080 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 1, अंक : 343 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

## अवैध नशा कारोबार के खिलाफ राज्यभर में पुलिस की बड़ी कार्रवाई, अफीम से लेकर शराब की बड़ी खेप जब्त

# कुचाई में 15 लाख की अफीम जब्त, तस्कर धराया

संवाददाता। आदित्यपुर




सरायकेला खरसावां जिले के कुचाई से पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान 15 लाख रुपये कीमत की अफीम पुलिस ने जब्त किया है. मौके से एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया हे, जबिक दूसरा फरार होने में सफल रहा. गिरफ्तार तस्कर की पहचान बारुहातू गांव निवासी रोहन पातर (20) के रूप में की गई है. पुलिस ने उसके पास से तीन किलो 20 ग्राम अफीम बरामद किया है.

इसके अलावा एक बाइक और एक मोबाइल भी जब्त किया गया है. वहीं उसका एक साथी बुरांगडीह गांव का रहनेवाला दीपक मुंडा (25) भाग निकला. इस संबंध में एसपी मनीष टोप्पो ने बताया कि कॉपलोंग मोड़ के पास वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था. इस दौरान एक बाइक पर सवार दो युवकों को रोका गया, तो बाइक की पिछली सीट पर बैठा युवक दीपक भाग निकला. जवानों ने उसका भी पीछा भी किया, लेकिन पकड़ा नहीं जा सका. बाइक चला रहे रोहन के पास से 15 लाख की कीमत की अफीम बरामद हुई. एसपी ने बताया कि गुप्त सूचना पर वाहन जांच के दौरान सरायकेला एसडीपीओ संतोष मिश्रा के नेतृत्व में टीम का गठन कर वाहन जांच अभियान चलाया गया. इस क्रम में एक तस्कर पकड़ा गया.

### बड़ी उपलब्धि

- दूसरा तस्कर फरार होने में सफल रहा, तालाश जारी
- बाइक से अफीम बेचने जा रहा था, वाहन जांच में धराया



## बुंडू में एक किलो अफीम के साथ तस्कर गिरफ्तार

**रांची।** बुंडू एसडीपीओ के नेतृत्व में थाना प्रभारी के साथ पुलिस टीम ने एक किलो अफीम बरामद किया है. जानकारी के मुताबिक, रांची एसएसपी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर सोमवार सुबह करीब छह बजे मां रसोई होटल के पास छापेमारी की गई. इस क्रम में सोनाहातू थाना क्षेत्र के बेहरजारा गांव निवासी बसंत कुमार महतो (25) को एक किलो अफीम के साथ गिरफ्तार किया है. हालांकि, उसके दो साथी बाइक के साथ भाग निकलने में सफल रहे. पुलिस ने बसंत महतो की पीठ पर टंगे बैग से प्लास्टिक में पैक अफीम की खेप बरामद की. बसंत से पूछताछ में पता चला कि वह दो साल से शिवा मुंडा के साथ मिलकर अफीम की खरीद -बिक्री का धंधा कर रहा है. आसपास के ग्रामीण इलाकों से सस्ते दामों पर डोडा खरीद कर उसे बाहर के ग्राहकों को ऊंचे दामों पर बेचा करता था. बुंडू थाना में केस दर्ज कर तस्कर को न्लयायिक हिरासत में भेज दिया गया है.

# गोरमरवा जंगल में 602 पेटी विदेशी शराब जब्त

- कबड्डी के सामान का कागजात बनाकर लाई जा रही थी शराब
- पिकअप वैन जब्त, चालक की निशानदेही पर मिली सफलता



**हजारीबाग।** जिले में कबाड़ी दुकान की आड़ में अवैध शराब के गोरखधंधा का खुलासा हुआ है. उत्पाद विभाग ने बीती रविवार रात चौपारण के गोरमरवा जंगल से एक ट्रक में लदे 602 पेटी अवैध शराब को जब्त किया है. इसकी कीमत 48 लाख आंकी गई है. इस संबंध में उत्पाद विभाग के उपयुक्त सुनील कुमार चौधरी ने सोमवार को जानकारी दी.

उन्होंने यह भी कहा कि यह शराब की खेप पंजाब से बिहार ले जाई जा रही है. जिस ट्रक में शराब लाया जा रहा था, उस पर कबड्डी का सामान ऊपर में रखा हुआ था. ट्रक चालक के पास कबड्डी का कागजात भी उपलब्ध था, लेकिन गहन जांच के दौरान नीचे शराब की पेटी बरामद हुई है. उन्होंने यह भी बताया कि उत्पाद विभाग, चौपारण थाना और मद्य निषेध, गया (बिहार) के साथ संयुक्त रूप से टीम गठित कर गरमोरवा के जंगल में छापेमारी की गई. इस क्रम एक संदिग्ध पिकअप को रोकने पर दो व्यक्ति भागने लगे. एक को खदेड़ कर पकड़ा गया. पूछने पर अपना नाम सुनील कुमार बताया. पिकअप में अवैध शराब लदा था. उसकी निशानदेही पर जंगल में अवैध विदेशी शराब लदा ट्रक खड़ा पाया गया. पिकअप चालक से पूछने पर उसने बताया कि यह शराब अजय कुमार यादव और विकास यादव का है. दोनों वाहनों को अवैध विदेशी शराब के साथ जब्त कर लिया गया है.

## रांची पुलिस ने भी 143 बोतल शराब जब्त की

**रांची।** पुलिस ने अवैध शराब कारोबार का भंडाफोड़ किया है. पुलिस टीम ने चुटिया थाना क्षेत्र के द्वारकापुरी रोड नंबर चार में छापेमारी कर 143 बोतल अवैध शराब बरामद ती.एसएसपी चंदन सिन्हा ने सोमवार दोपहर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि द्वारकापुरी में फास्ट फूड की दुकानों में गुपचुप तरीके से अवैध शराब की बिक्री की जा रही है. शराब पीकर लोग शांति व्यवस्था को भंग करते हैं. सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए सिटी एसपी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने छापेमारी कर शराब जब्त की.

## ढुल्लू का नए-नए विवाद में उछल रहा नाम

# भाजपा में मचा है बवंडर कांग्रेस में पसरा है सन्नाटा

रिजवान शम्स । धनबाद



धनबाद लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा द्वारा ढुल्लू महतो को प्रत्याशी घोषित करते पार्टी में घमासान मच गया है. पार्टी में बवंडर उठा है और भाजपा नेतृत्व डैमेज कंट्रोल में जुटा है, वहीं ढुल्लू महतो का लगातार नए-नए विवादों मे नाम उछल रहा है. दूसरी ओर प्रत्यासी की घोषणा नहीं होने से कांग्रेसी खेमे में सन्नाटा पसरा है. कांग्रेस का खेमा बिलकुल शांत दिख रहा है. कांग्रेस नेता फिलहाल दिल्ली दरबार में गेटिंग-सेटिंग में लगे हैं. भाजपा के अंदरखाने में ढुल्लू महतो को प्रत्याशी बनाये जाने का भारी विरोध है. पार्टी के नेता-कार्यकर्ता अंदर ही अंदरअलग-अलग गुट में बंट गये हैं. विरोध करनेवाले हालांकि खुलकर सामने नहीं आ रहे हैं. उपर-उपर साथ देने की बात करते हैं, लेकिन अंदर-अदंर ढुल्लू को सबक सिखाने की रणनीति तैयार कर रहे हैं.

**ढुल्लू के समर्थन में गैंगस्टर प्रिंस व बाबूलाल मरांडी भी :** भाजपा नेता व मारवाड़ी समाज के कृष्णा अग्रवाल द्वारा ढुल्लू के विरोध में खुल कर मोर्चा खोलने और बाबूलाल मरांडी को पत्र लिखने के बाद से विवाद और बढ़ गया है. पत्र के जवाब में ढुल्लू ने कृष्णा अग्रवाल को फोन कर जैसी बातें की, उससे हंगामा बढ़ता चला गया. मामले में सरयू राय कूदे और फिर गैंगस्टर प्रिंस खान की भी इंट्री हो गई. ढुल्लू के समर्थन में गैंगस्टर प्रिंस खान का कथित ऑडियो वायरल होने से विवाद और बढ़ गया है.

कृष्णा की शिकायत पर ढुल्लू महतो व प्रिंस खान के खिलाफ प्राथमिकी भी दर्ज हो चुकी है. लेकिन प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी 50 आपराधिक मामलों के आरोपी ढुल्लू को पाक-साफ बताते हुए उनके समर्थन में आगे आ गये हैं. कह दिया कि ढुल्लू अपराधी नहीं. इसके बाद भाजपा के अंदरखाने में भूचाल आ गया है.

### प्रत्याशी की घोषणा नहीं, कांग्रेस में शांति

एक तरफ भाजपा में बवंडर उठा है, तो दूसरी तरफ कांग्रेस खेमे में बिलकुल सन्नाटा पसरा है. शांति की वजह ये है कि कांग्रेस आलाकमान द्वारा उम्मीदवार की घोषणा अब तक नहीं की गयी है. बता दें कि भाजपा की तरह कांग्रेस खेमे में कई दिग्गज टिकट पाने की कतार में लगे हुए हैं. इनकी भी अपने-अपने स्तर से मेहनत जारी है. इनमें जलेश्वर महतो, मन्नान मल्लिक, ददई दुबे, राजेश ठाकुर, अजय दुबे समेत कई अन्य नाम भी शामिल हैं. हालांकि बाद में गिरिडीह के भाजपा रवींद्र पांडेय का भी जोरदार तरीके से नाम उछला है. बावजूद इसके कांग्रेस खेमे में शांति कायम है. दिल्ली में धनबाद के कई अन्य नेता भी अपने-अपने स्तर से प्रयासरत हैं. अब देखना है कि कांग्रेस में टिकट की बाजी कौन मारता है. कांग्रेसी उम्मीदवार के नाम की घोषणा के बाद ही धनबाद में चुनावी का खुमार सिर चढ़ कर बोलेगा.

### विरोध में जो प्रत्याशी आएगा उसका वध कर दिया जाएगा

विधायक ढुल्लू महतो का विवाद से चोली-दामन का रिश्ता सा बन गया है. कांग्रेस पार्टी कार्यालय में उनके संबोधन के दौरान बोली गई बातें सोशल मीडिया में वायरल हो गई है. ढुल्लू बोल रहे हैं कि धनबाद में जो भी प्रत्याशी चुनाव मैदान में आने वाले हैं, भाजपा कार्यकर्ता चुनौती को चुनौती के रूप में स्वीकार कर उनका वध करने का काम करेंगे.

### प्रिंस के खिलाफ फिर से इंटरपोल की शरण में पुलिस

गैंगस्टर प्रिंस खान ने कृष्णा अग्रवाल और सरयू राय को धमकी दी है. मामले को लेकर धनबाद पुलिस ने कृष्णा अग्रवाल को सुरक्षा मुहैया करा दिया है. ढुल्लू और प्रिंस खान के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज गो गई है. एसएसपी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए एक बार फिर इंटरपोल से संपर्क साधा है, ताकि प्रिंस खान का भारत प्रत्यर्पण कराया जा सके.

## अपराधी नहीं हैं ढुल्लू : बाबूलाल मरांडी



**रांची।** भाजपा की झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सोमवार को कहा कि यह सच है कि धनबाद से पार्टी के प्रत्याशी ढुल्लू महतो पर अनेक मामले दर्ज हैं लेकिन वह 'अपराधी नहीं' हैं और पार्टी उनके साथ खड़ी है. मरांडी का यह बयान मारवाड़ी सम्मेलन की धनबाद शाखा के अध्यक्ष कृष्णा अग्रवाल की एक शिकायत पर महतो के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज होने के एक दिन बाद आया है. पूर्व भाजपा नेता अग्रवाल ने आरोप लगाया है कि महतो की उम्मीदवारी का विरोध करने पर उन्होंने और एक कुख्यात गैंगस्टर ने उन्हें धमकाया. मरांडी ने संवाददाताओं से कहा कि केवल आरोपों से कोई व्यक्ति अपराधी नहीं बन जाता. उन्होंने कहा, जब मैं झारखंड में संकल्प यात्रा निकाल रहा था, तो हेमंत सोरेन सरकार ने मेरे खिलाफ छह जगहों पर प्राथमिकी दर्ज कराई. क्या इसका यह मतलब है कि मैं अपराधी हूं? हां, ढुल्लू महतो के खिलाफ मामले हैं और वे अदालत में लंबित हैं. पूर्व मुख्यमंत्री मरांडी ने कहा कि महतो अपराधी नहीं हैं. वह भाजपा विधायक हैं और धनबाद लोकसभा सीट से पार्टी उम्मीदवार हैं. पार्टी उनके साथ खड़ी है. वहीं, ढुल्लु महतो के चार मामलों में दोषी होने के निर्दलीय विधायक सरयू राय के दावे पर मरांडी ने कहा कि राय कोई न्यायाधीश नहीं हैं. प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि अगर ढुल्लू महतो को कम से कम दो साल कारावास की सजा सुनाई जाती, तो वह चुनाव लड़ने के काबिल नहीं रहते.

## मांडर में इंटर के छात्र की चाकू मार कर हत्या

**मांडर/रांची।** मांडर थाना क्षेत्र के सकरपदा गांव में डोरंडा कालेज के इंटरमीडिएट के छात्र की चाकू गोद कर हत्या कर दी गई. वहीं बचाव कर रहे उसके चाचा को भी चाकू से वार कर घायल कर दिया गया है. घटना बीती रविवार देर रात करीब डेढ़ बजे की है. मृतक की पहचान सलमान अंसारी के रूप में की गई है. जानकारी के अनुसार, रात में सलमान अपने बाड़ी में बने अर्धनिर्मित घर में सोने गया था. इस बीच रात करीब एक बजे उसने अपने चाचा समीउल्लाह अंसारी को फोन कर बताया कि कोई उसके रूम में घुसा है. जब चाचा पहुंचे, तो झाड़ियों में छिपे अपराधी ने निकल कर दोनों चाचा-भतीजा पर चाकू चलाना शुरू कर दिया. अंधेरे में अपराधी ने सलमान के सीने पर लगातार चाकू से कई वार किए. वहीं चाकू लगने से समीउल्लाह अंसारी भी जमीन पर गिर पड़े. जब तक लोग मौके पर पहुंचते, तब तक अंधेरे का फायदा उठाकर अपराधी फरार हो चुके थे.

# रंका में पुलिस मुठभेड़ में शामिल उग्रवादी आंध्र प्रदेश से गिरफ्तार

संवाददाता। गढ़वा



रंका थाना क्षेत्र के ढेंगुरा गांव में पिछले साल दिसंबर में पुलिस के साथ जेजेएमपी उग्रवादी टुनेश उरांव दस्ता की मुठभेड़ में शामिल उग्रवादी राहुल केसरी को गढ़वा पुलिस ने आंध्र प्रदेश के भीमावरम से गिरफ्तार किया है. उसकी निशानदेही पर मुठभेड़ के बाद भागने से पहले रंका के जसोबार गांव के जंगल में छुपा कर रखा गया एक इंसास रायफल, 41 कारतूस, 4 मैगजीन सहित अन्य समान भी पुलिस ने बरामद किया है. गढ़वा एसपी दीपक पांडेय ने बताया कि राहुल केसरी भंडरिया थाना क्षेत्र के मरदा का रहने वाला है. बताया कि 29 मार्च को सूचना मिली थी कि ढेंगुरा मुठभेड़ में शामिल जेजेएमपी उग्रवादी व मुख्य आरोपी राहुल केशरी आंध्र प्रदेश के भीमावरम में छुप कर काम कर रहा है. सूचना पर रंका एसडीपीओ के नेतृत्व में टीम का गठन कर भीमावरम भेजा गया. गढ़वा की पुलिस टीम ने भीमावरम पुलिस की मदद से छापेमारी कर राहुल केसरी को गिरफ्तार कर लिया. इसके बाद उसे ट्रांजिट रिमांड पर गढ़वा लाया गया. पूछताछ में उसने कई खुलासे किए

**टुनेश उरांव दस्ते के साथ हुई थी मुठभेड़ :** 17 दिसंबर 2023 को रंका थाना क्षेत्र के ढेंगुरा गांव में जेजेएमपी उग्रवादी टुनेश उरांव के दस्ता सदस्यों के साथ पुलिस की मुठभेड़ हुई थी. इस मुठभेड़ में रंका थाना प्रभारी शंकर प्रसाद कुशवाहा घायल हो गये थे.

### खास बातें

- जसोबार जंगल में छुपा कर रखा इंसास रायफल बरामद
- 41 कारतूस और 4 मैगजीन सहित अन्य समान भी जब्त

## यूपी से ननिहाल आये बच्चों के लिए काल बन गया बड़ा तालाब

# ईचागढ़ में दो सगे भाइयों की डूबने से मौत

संवाददाता। चांडिल


दोनों बच्चों का शव

उत्तर प्रदेश के बांसबरेली से ईचागढ़ प्रखंड के तामारी स्थित ननिहाल पहुंचे सगे भाइयों की तालाब में डूबने से मौत हो गई. हृदयविदारक घटना के बाद से पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है. परिजनों को रो-रोकर बुरा हाल है. सोमवार सुबह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, ईचागढ़ से दोनों बच्चों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सरायकेला भेजा गया. पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया. जानकारी के मुताबिक, नौ वर्षीय अरविंद सिंह और सात वर्षीय सतपाल सिंह अपने पिता गोकुल सिंह व मां के साथ ईचागढ़ प्रखंड के तामारी स्थित ननिहाल आए हुए थे. पिता गोकुल सिंह ने बताया कि रविवार दोपहर सभी घर के सामने पेड़ के नीचे बैठे थे. गांव में हरिनाम संकीर्तन चल रहा है. इसी बीच दोनों बच्चे खेलते-खेलते कहीं चले गए. सभी सोचने लगे कि बच्चे हरिनाम संकीर्तन सुनने मंदिर की ओर गए होंगे. काफी देर तक वापस नहीं लौटने पर परिजन बच्चों को खोजने लगे. इस क्रम में किसी ने आतार गांव के बड़ा तालाब में एक बच्चे का शव मिलने की सूचना दी. सूचना पाकर परिवार के सदस्व वहां पहुंचे.

बच्चों के मामा तामारी निवासी कार्तिक सिंह ने बताया कि आतार गांव में हाल ही में बड़ा तालाब की खुदाई करवाई गई है. फिलहाल तालाब गहरा है और पानी भी भरा हुआ है. बच्चों को तैरना नहीं आता था. एक बच्चे की लाश मिलने के बाद दूसरे बच्चे का शव भी तालाब में खोजा जाने लगा. कुछ देर में दूसरे बच्चे का शव भी बरामद किया गया.

### दुखद घटना

- आतार गांव के बड़ा तालाब से दोन का शव बरामद
- बच्चों की मौत से परिवार और गांव में पसरा मातम

## गोरखधंधा | धनबाद ही नहीं, बल्कि पश्चिम बंगाल के सीमावर्ती क्षेत्रों में भी धड़ल्ले से बेचा जा रहा है लॉटरी टिकट


# रवानी निकला लॉटरी के अवैध कारोबार का गुरुदेव


अवैध लॉटरी का कारोबार 20

संवाददाता। धनबाद

निरसा के शातिर लॉटरी कारोबारी गुरुदेव रवानी ने धनबाद ही नहीं, बल्कि पश्चिम बंगाल के सीमावर्ती क्षेत्रों में भी इसकी लॉटरी काफी बिक रही है. लॉटरी के अवैध कारोबार में रवानी ने करोड़ों का आलीशान मकान बना लिया है. दो हाइवा समेत कई वाहनों का मालिक भी बन बैठा है. गुरुदेव के पास करीब ढाई सौ हॉकर होने की बात कही जा रही है. जो बीएस-4 नामक ब्रांड की लॉटरी बेचते है.

बीएस-4 ब्रांड की लॉटरी निरसा बाजार में खुलेआम बिना किसी रोकटोक के खरीदी और बेची जा रही है. निरसा के अलावा जीटी रोड के आसपास के ग्रामीण इलाकों में भी हॉकर इस ब्रांड की लॉटरी बेचते हैं. बलियापुर, मुकुंदा, गोविंदपुर से लेकर चिरकुंडा तक बीएस-4 ब्रांड की लॉटरी का कारोबार जमकर हो रहा है. गुरुदेव पूर्व में लॉटरी कारोबार में पकड़ा जा चुका है. उसके बारे में बताया जा रहा है कि वो पिछले कई सालों से इस कारोबार में संलिप्त है और लगातार अपना कारोबार आगे बढ़ाता जा रहा है.


गुरुदेव रवानी

- निरसा बाजार में खुलेआम बिक रही है ब्रांड बीएस-4 लॉटरी
- जीटी रोड, बलियापुर से लेकर बंगाल में भी फैला है कारोबार
- आलीशान मकान व कई वाहनों का मालिक बन गया रवानी

### ... और एक बार फिर बच गया समीर

**धनबाद।** झरिया का लॉटरी कारोबारी समीर अहमद सोमवार को धनबाद पहुंचा था. उसके बारे में पुलिस को सूचना मिली कि वह धनबाद कोर्ट पहुंचा हुआ है. धनबाद थाने में दर्ज मुकदमे में अपने भाई की जमानत कराने के लिए वह काले रंग की नई स्कॉर्पियो से धनबाद पहुंचा था. कचहरी रोड में ही उसने अपनी स्कॉर्पियो खड़ी की थी. इस बात की खबर लगने के बाद पुलिस जब तक कचहरी रोड पहुंची, तब तक समीर और उसका भाई वहां से निकल चुका था. बता दें कि पुलिस उसके खिलाफ लगातार सक्रिय है, जोरापोखर पुलिस भी उसे दबोचने के फिराक में जुटी हुई है.

### समीर का बेहद खास है बरारी का गणेश

बरारी बस्ती का रहने वाले गणेश झरिया के कुख्यात लॉटरी कारोबारी समीर अहमद का बेहद खास होलसेलर है. गणेश के बारे में बताया जा रहा है कि उसने शुरू से ही लॉटरी के कारोबार को अपना रोजगार बना रखा है. इसके अलावा कभी उसने कोई दूसरा काम नहीं किया है. वर्तमान में उसके पास तीन चार पहिया वाहन है और कई स्थानों पर उसने संपति बना ली है. जोरापोखर स्टेडियम के पीछे मकान में रहता है और यहीं से लॉटरी की सप्लाई भी करता है. समीर से लॉटरी लेने के बाद बरारी में गोदाम बना कर उसने रखा है. यहां से हॉकरों को टिकट देता है.

### सिंदरी में आशीष चौधरी का कारोबार

सिंदरी में आशीष चौधरी का नाम चर्चा में है. आशीष के बारे में बताया जा रहा है कि वह पहले बंगाल की टिकट की बिक्री करता था. इसके बाद उसने कई बड़े लॉटरी के अवैध कारोबारियों के साथ काम किया. फिलहाल वह समीर के साथ काम कर रहा है. समीर की टिकट लेकर वह सुदामडीह, भौंरा, सिंदरी आदि क्षेत्रों में बिकवाता है. खास कर इन क्षेत्रों के कोलियरियों में इसके हॉकर घूम-घूम कर लॉटरी की टिकट बेचते हैं. सिंदरी के डोमगढ़, गौशाला मोड़ आदि इलाकों के कई दुकानों में भी आशीष का उठना-बैठना है. यहां हॉकर लाकर उसे भुगतान करते हैं.

# हेमंत सोरेन ने सुप्रीम कोर्ट से अपनी याचिका वापस ली

संवाददाता। रांची/दिल्ली



झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की एसएलपी (स्पेशल लीव पिटीशन) पर सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को सुनवाई हुई. इस दौरान हेमंत सोरेन के अधिवक्ता की ओर से याचिका वापस लेने का अनुरोध किया गया, जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया. सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत और केवी विश्वनाथन की खंडपीठ में यह मामला सूचीबद्ध था. हेमंत सोरेन की ओर से अधिवक्ता प्रज्ञा सिंह बघेल ने पक्ष रखा.

**हेमंत ने झारखंड हाईकोर्ट के फैसले को दी थी चुनौती :** दरअसल, हेमंत सोरेन ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल कर झारखंड हाईकोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें उन्हें विधानसभा सत्र में शामिल होने की अनुमति नहीं मिली थी. गौरतलब हो कि हेमंत सोरेन मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में न्यायिक हिरासत में हैं.

इस वर्ष विधानसभा के बजट सत्र में शामिल होने के लिए उन्होंने पीएमएलए कोर्ट और हाईकोर्ट से अनुमति मांगी थी. लेकिन, दोनों ही अदालतों ने उन्हें सत्र में शामिल होने की अनुमति देने से इनकार करते हुए उनकी याचिका खारिज कर दी थी.

### खास बातें

- सोरेन के अधिवक्ता ने किया था याचिका वापसी का अनुरोध
- विस सत्र में शामिल होने की अनुमति से जुड़ा था मामला

## ब्रीफ खबरें

### चार मई को मनेगा देवी मंडप का वार्षिकोत्सव : रंजीत कुमार

**लातेहार।** शहर के थाना चौक के तेली मुहल्ला में स्थित प्राचीन देवी मंडप का वार्षिकोत्सव आगामी चार मई को मनाया जायेगा. इसकी जानकारी मंदिर समिति के सदस्य रंजीत कुमार ने दी. उन्होंने बताया कि देवी मंडप के वार्षिकोत्सव पर कलशों की स्थापना कर पूजा-अर्चना की जायेगी. अपराह्न एक बजे से भंडारे का आयोजन किया जायेगा. रंजीत कुमार ने लातेहार वासियों ने इस वार्षिकोत्सव में भाग लेने की अपील की है.

### पूर्व डीसी राजीव कुमार ने चंदवा का दौरा किया

**चंदवा(लातेहार)।** जिले के पूर्व उपायुक्त राजीव कुमार अपने क्षेत्र भ्रमण के दौरान सोमवार कोक चंदवा की पूर्व मुखिया पुष्पा देवी के घर पहुंचे. पुष्पा देवी एवं उनके समर्थकों पुष्प गुच्छ भेंट कर उन्हें सम्मानित किया. पुष्पा देवी ने कहा कि तत्कालीन उपायुक्त राजीव कुमार का लातेहार में कार्यकाल बहुत ही संतोषजनक रहा है. उन्होंने जिले में विकास कार्यों की गंगा बहायी थी. उनके द्वारा किये गये परिश्रम का परिणाम आज भी यहां के लोगों को मिल रहा है. उन्होंने जिले के गांव गांव में विकास एवं मूलभूत सुविधाओं को पहुंचाया था. मौके पर पर राजीव कुमार ने कहा कि वे जनभावनों की कद्र करते हुए निर्दलीय चुनाव में लड़ेगें.

### व्यवसायी विनय कुमार को फिर मिलने लगी धमकी

**छतरपुर/पलामू।** छतरपुर के व्यवसायी विनय कुमार उर्फ टिंकू गुप्ता ने छतरपुर थाना में लिखित आवेदन देकर कहा है कि बिट्टू सिंह द्वारा दोबारा जान से मारने की धमकी दी गयी है. टिंकू गुप्ता को बिट्टू सिंह द्वारा पहले भी धमकी दी गयी थी. इस मामले में छतरपुर पुलिस द्वारा उसे पकड़ कर जेल भेजा गया था. जेल से निकलने के बाद फिर से वह टिंकू गुप्ता को कुछ अज्ञात युवकों द्वारा जान से मारने की धमकी दी गयी. टिंकू गुप्ता ने छतरपुर थाने मे आवेदन देकर अपराधी को पकड़ने का निवेदन किया है. इस घटना से पूरे छतरपुर के व्यवसायियों में भय का माहौल बना हुआ है.

### स्टेशन रोड में लूटपाट के बाद चाकू से हमला

**मेदिनीनगर।** डालटनगंज स्टेशन रोड में रेडमा ओवरब्रिज के नीचे गैलेक्सी इन होटल के सामने रविवार की रात चाकू मारकर मजदूर से लूटपाट की घटना हुई है. वह मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया. आनन-फानन में उसे मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है. घटना के क्रम में हमला करने वाले लुटेरे को स्थानीय लोगों की सक्रियता से पकड़कर पुलिस को सौंपा गया है. वह स्टेशन खाना खाने जा रहा था तभी एक युवक ने चाकू दिखाकर रोका और उससे लूटपाट करने लगा.

### पुलिस ने जावा-महुआ व शराब को किया नष्ट

**उंटारी रोड(पलामू)।** पलामू एसपी रिश्मा रमेशन के निर्देश पर उंटारी रोड थाना क्षेत्र में अवैध महुआ शराब निर्माण व विक्री के विरुद्ध लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है.वहीं सोमवार को लाहरबंजारी गांव में उंटारी पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया. गुप्त सूचना के आधार पर अवैध देशी शराब निर्माण एवं बिक्री को लेकर रखे गए करीब 50 किलो जावा महुआ को उसी जगह पर नष्ट किया.वहीं थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह ने कहा कि अवैध महुआ शराब निर्माण एवं बिक्री के विरुद्ध लगातार अभियान जारी रहेगा.

### स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत दो दिवसीय क्रिकेट मैच का हुआ समापन

# नेहरू युवा केंद्र की टीम ने ट्रॉफी पर जमाया कब्जा

संवाददाता। मेदिनीनगर



**खास बातें**

- अनुराग कुमार तिवारी को मैन ऑफ द सीरीज चुना गया
- आठ टीम ने हिस्सा लिया,मैच 10-10 ओवर का खेला गया

आम चुनाव में अधिकाधिक मतदान करवाने व लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से 30 व 31 मार्च को स्थानीय पुलिस लाइन स्टेडियम में आयोजित हुए क्रिकेट मैच का समापन हो गया. कार्यक्रम में कुल 8 टीमों ने हिस्सा लिया.सभी मैच 10-10 ओवर का खेला गया. शनिवार रात को पहले मैच में नेहरू युवा केंद्र ने पुलिस 11 को 3 विकेट से पराजित किया. इसी तरह दूसरे मैच में जिला प्रशासन ने मीडिया 11 को 72 रनों से हराया. जिसमें सदर अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग कुमार तिवारी को मैन ऑफ द मैच चुना गया. इसी तरह तीसरा मैच लायंस क्लब व शिक्षा विभाग के बीच खेला गया.इस मैच में डक लुइस के नियमों के तहत शिक्षा विभाग को विजेता घोषित किया गया. इसी क्रम में चौथा मैच पलामू चैंबर व हेल्थ विभाग के बीच खेला गया इसमें 33 रनों से पलामू चैंबर को हार का सामना करना पड़ा.उपरोक्त मैचों के बाद पहला सेमीफाइनल नेहरू युवा केंद्र व शिक्षा विभाग के बीच खेला गया जिसमें नेहरू युवा केंद्र ने शिक्षा विभाग को हराकर फाइनल में प्रवेश किया.इसमें मैन ऑफ द मैच जय प्रकाश को चुना गया.सेमीफाइनल का दूसरा मुकाबला सबसे अधिक रोमांचक रहा दूसरे मुकाबले में हेल्थ और जिला प्रशासन के बीच मैच टाई हो गया इसके बाद हुए सुपरओवर में हेल्थ विभाग ने जीत दर्ज कर फाइनल में प्रवेश किया.वहीं फाइनल मैच हेल्थ विभाग व नेहरू युवा केंद्र के बीच खेला गया इसमें नेहरू युवा केंद्र ने हेल्थ विभाग को हराकर ट्रॉफी पर कब्ज़ा किया.दो दिवसीय मैच में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु सदर अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग कुमार तिवारी को मैन ऑफ द सीरीज चुना गया.

### डीसी ने कई बूथों का किया निरीक्षण,मूलभूत सुविधाओं का किया निरीक्षण

# बच्चों संग किया संवाद,एमडीएम की गुणवत्ता का किया अवलोकन

संवाददाता। मेदिनीनगर



**खास बातें**

- मतदाता चुनाव संबंधी कार्यों की विस्तृत जानकारी ली
- डीसी ने बच्चों से पंजभुज के बारे में पूछा,नहीं मिला उत्तर
- गणित के शिक्षक को उपायुक्त ने जमकर लगाया फटकार

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन ने सोमवार को पड़वा के राजकीयकृत मध्य विद्यालय में बने बूथों का औचक रूप से निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने पड़वा सीओ हलदर सेठी को बूथ संख्या 141, 143, 144 व 145 में एएमएफ के तहत सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाओं को बहाल करने के निर्देश दिये. उपस्थित सीओ, बीपीआरओ, राजस्व कर्मचारी और बीएलओ से कुल मतदाता, पुरुष, महिला, विकलांग, मृत संबंधित जानकारी लिये. उन्होंने मतदाता चुनाव संबंधी कार्यों की विस्तृत जानकारी लेकर कई दिशा निर्देश दिये. इसके बाद उपायुक्त शशि रंजन ने वर्ग 6 के क्लास में प्रवेश कर शिक्षक राधिका राम द्वारा गणित के विषय में पढाये गये चैप्टर से सवाल पूछे उपायुक्त शशि रंजन ने छात्र से गणित में छपे पंचभुज के बारे मे पूछे कि यह क्या है, छात्र नहीं बता पाया. फिर उपायुक्त ने आयत के बारे मे पूछे, फिर भी छात्र नहीं बता पाये. उपायुक्त ने शिक्षक राधिका राम से पूछा कि आखिर बच्चे आयत की परिभाषा नहीं बता पा रहे है. क्या पढ़ाते हैं, क्यों नहीं आपको सस्पेंड कर दिया जाये. उन्होंने विघालय के हेडमास्टर अंजलि सिंगर को भी डांटा और कहा कि साधारण सवाल का जवाब बच्चे नहीं दे पा रहे हैं, आप लोग क्या पढ़ाते हैं. इसके बाद उपायुक्त विद्यालय में बने मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता की जांच किये. मौके पर पंडवा अंचलाधिकारी हलधर कुमार सेठी, बीपीआरओ मनोज कुमार मिश्रा, राजस्वकर्मी रणविजय ठाकुर, हेडमास्टर अंजलि सिंगर, बीएलओ रिंताबाला , कंप्यूटर औपरेटर संजय कुमार मेहता जितेंद्र कुमार राम समेत कई लोग उपस्थित थे.

### उपायुक्त ने विभिन्न कोषांगों की समीक्षा की



**लातेहार।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त गरिमा सिंह की अध्यक्षता में लोकसभा चुनाव की तैयारियों को ले कर गठित विभिन्न कोषांगों की समीक्षा की. उन्होंने कोषांगों के नोडल पदाधिकारियों से कोषांग के द्वारा की जा रही तैयारियों की अद्यतन जानकारी ली .आगे कहा कि कोषांग के संबंधित पदाधिकारी निर्वाचन कार्यों की गंभीरता को समझते हुए भारत निर्वाचन आयोग से प्राप्त दिशा निर्देशों के अनुसार कार्य करेंगे . बैठक में परियोजना निदेशक प्रवीण कुमार गागराई, उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, अपर समाहर्ता रामा रविदास, निदेशक डीआरडीए प्रभात रंजन चौधरी, एसडीओ, कौशल कुमार, सिविल सर्जन डॉ अवधेश कुमार सिंह , कोषांगों के नोडल पदाधिकारी और विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा श्रेयांश आदि उपस्थित थे .

### कैलू साव को गोली मारने वाला गिरफ्तार

**मेदिनीनगर।** पांकी थाना क्षेत्र के ग्राम हरैया में कैलू साव को घर में घुसकर अज्ञात अपराधियों द्वारा जबड़े में गोली मारकर गंभीर रुप से घायल कर दिया गया था. गौरव गोस्वामी के नेतृत्व में उक्त कांड का उद्भेदन के लिए एक टीम का गठन किया गया. तकनीकी साक्ष्य के माध्यम से उक्त कांड का उद्भेदन हुआ. पीड़ित कैलू साव के पड़ोस में रहने वाले रिटायर्ड सीसीएल कर्मी नान्हू मोची , राजदेव साव, सुषमा देवी ने षड्यंत्र के तहत कैलू साव की हत्या करने के इरादा से उनपर हमला करवाया था. नान्हू मोची ने स्वीकार किया है कि विगत चार वर्षो से मेरे इकलौते पुत्र पर ओझा-गुणी करके कैलू साव बीमारी करवा दिया है. सुषमा देवी अपराध स्वीकारोक्ति बयान में कहा कि वर्षो पहले मेरे भैसूर साव के बड़े भाई की मृत्यु कैलू साव के द्वारा किये गये ओझा-गुणी के कारण हो गयी थी.

### गढ़वा के सरकारी स्कूलों में वार्षिक परीक्षा आज से

**गढ़वा।** : झारखंड शिक्षा परियोजना रांची के निर्देशानुसार 2 से 4 अप्रैल तक सभी सरकारी विद्यालयों में वार्षिक परीक्षा का आयोजन किया जायेगा. वार्षिक परीक्षा के माध्यम से बच्चों का मूल्यांकन प्रपत्र तैयार कर संकुल स्तर पर उत्तर पुस्तिकाओं की जांच करने के लिए निर्देशित किया गया है. इस संबंध में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी रंभा चौबे ने बताया कि अनुमंडल क्षेत्र के रंका प्रखंड संसाधन केंद्र अंतर्गत 151 विद्यालयों में कक्षा 1 से लेकर 7 तक अध्यनरत छात्र-छात्राओं का वार्षिक परीक्षा दो पालियों में आयोजित की जायेगी. परीक्षा के सफल संचालन के लिए प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी संतोष कुमार दुबे, प्रखंड साधन सेवी सत्येंद्र कुमार कुशवाहा, महबूब अंसारी, राकेश कुमार तिवारी, संजय प्रसाद, पंकज कुमार गुप्ता, सद्दाम खान, चंदेश्वर तिवारी, प्रदीप कुमार एक्का को अनुश्रवण दल में शामिल किया गया है.

# शत प्रतिशत मतदान के लिए जागरूकता जरूरी : प्रमेश

संवाददाता। गढ़वा



समाहरणालय स्थित पंचायती राज कार्यालय में स्वीप कोषांग की बैठक हुई. नोडल सह जिला पंचायती राज पदाधिकारी प्रमेश कुशवाहा की अध्यक्षता में हुई बैठक में शत प्रतिशत मतदान पर जोर दिया गया. साथ ही स्वीप कोषांग के माध्यम से जिले भर में चलाए जा रहे मतदाता जागरूकता कार्यक्रम की समीक्षा की गई. बैठक में स्वीप नोडल पदाधिकारी प्रमेश कुशवाहा ने कहा कि जिले में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने के लिए अधिक से अधिक मतदाताओं को जागरूक करना आवश्यक है. 85 प्लस के वृद्ध मतदाता, 18 वर्ष से अधिक के नए मतदाता समेत अन्य मतदाताओं के बीच पहुंचकर जागरूकता कार्यक्रम चलाने पर जोर दिया गया. स्वीप कोषांग के सदस्यों के साथ विचार विमर्श कर कार्यक्रम की योजना तैयार की गई, बैठक में जिला जनसंपर्क पदाधिकारी संजीव कुमार सिंह, डीपीएम जेएसएलपीएस सुशील कुमार दास एवं जिला सहकारिता पदाधिकारी नीलम कुमारी ने भी मतदाताओं को जागरूक करने हेतु विभिन्न प्रकार के सुझाव दिए. बैठक में स्वीप नोडल-सह-जिल पंचायती राज पदाधिकारी प्रमेश कुशवाहा, डीपीआरओ संजीव कुमार सिंह, सहायक जन संपर्क पदाधिकारी अमित कुमार केसरी, सहायक परियोजना पदाधिकारी सिया जानकी सिंह, परियोजना अर्थशास्त्री क्षमा प्रिया, डीपीएम पंचायती राज शाहनवाज असगर समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी कर्मी उपस्थित थे.

# दो हथियार के साथ छह अपराधी गिरफ्तार

संवाददाता। मेदिनीनगर



पलामू पुलिस ने पलामू के दो अलग-अलग थाना क्षेत्र से छह अपराधी को गिरफ्तार किया है.इनके पास से दो अवैध हथियार भी बरामद किया है. गिरफ्तार अपराधियों से पूछताछ में पुलिस को कई अहम जानकारी मिली है. जिसके आधार पर पुलिस अपराधियों की धर- पकड़ को लेकर इलाके में सर्च अभियान चला रही है.लोकसभा चुनाव को लेकर पलामू के विश्रामपुर थाना क्षेत्र के नावाडीह कला ओपी की पुलिस वाहन चेकिंग अभियान चला रही थी. इसी क्रम में एक बाइक पर तीन युवक जा रहे थे. पुलिस को देखकर तीनों युवक भागने का प्रयास करने लगे. इस दौरान पुलिस ने युवकों को खदेड़कर पकड़ लिया. तलाशी के दौरान युवकों के पास से एक अवैध हथियार बरामद हुआ. इसके बाद पुलिस ने तीनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया.

गिरफ्तार युवकों में पलामू के चैनपुर थाना क्षेत्र के रहने वाले शुभम कुमार, गढ़वा के चेतना के रहने वाले कमलेश कुमार चंद्रवंशी, बिहार के भोजपुर के पीरो के रहने वाले पीयूष राज और गढ़वा के सोनपुरवा के गोल्डी कुमार को गिरफ्तार किया. विश्रामपुर थाना प्रभारी सौरभ कुमार चौबे ने बताया कि पुलिस पूरे मामले में आगे की छानबीन कर रही है. गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ में पुलिस को कई अहम जानकारी मिली है. जिसके आधार पर पुलिस ने सर्च अभियान शुरू कर दिया है. इधर पलामू के पड़वा थाना की पुलिस को सूचना मिली थी कि कठौतिया के इलाके में कुछ युवक हथियार के साथ घूम रहे हैं और बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में हैं. इस सूचना पर पड़वा थाना प्रभारी चंद्रशेखर यादव के नेतृत्व में पुलिस ने छापेमारी की और मौके से प्रवेश सिंह और नितेश सिंह नामक युवक को गिरफ्तार किया. दोनों आरोपियों के पास से पुलिस ने एक देसी कट्टा बरामद किया है. पड़वा थाना प्रभारी चंद्रशेखर यादव ने बताया कि दोनों युवकों से पूछताछ की गई है.

**समस्या** ऐसा पहले कभी नहीं हुआ, मार्च में औरंगा नदी में बालू के धूल उड़ रहे हैं

# सूखने की कगार पर है शहर की लाइफ लाइन औरंगा नदी

आशीष टैगोर। लातेहार



अभी मार्च का महीना खत्म ही हुआ है और शहर की वाटर लाइफ लाइन माने जाने वाली औरंगा नदी सूखने की कगार पर है. लोगों का कहना है कि ऐसा पहले कभी नहीं हुआ है. होली के समय भी औरंगा नदी में पर्याप्त पानी रहता था, लोग होली में रंग खेल कर आते थे और औरंगा नदी में नहा कर शाम में अबीर खेलने के लिए निकलते थे. लेकिन इस बार जब वे होली में रंग खेल कर औरंगा नदी पहुंचे उन्हें निराशा हाथ लगी. नदी में पानी का नामोनिशान नहीं था. कुछ एक जगह पानी की पतली धारा अवश्य बह रही थी. लोगों को उसी में काम चलाना पड़ा.

**गिरता जा रहा है जल स्तर**

औरंगा नदी में पानी सूखते ही शहर का जल स्तर भी गिरता जा रहा है. चापाकल अभी से ही हांफने लगे हैं. कई बार पंप करने के बाद चापाकलों में पानी आ रहा है.औरंगा नदी के किनारे बहेराटांड़ में रहने वाले सुरेश ने बताया कि अभी से ही यह हाल है तो मई जून की गरमी में क्या हाल होगा. उन्होंने बताया कि नदी के किनारे रहने वाले लोग नदी के बालू में चुआंड़ी खोद कर पानी की व्यवस्था करते हैं. हालांकि हाल के दिनों में नगर पंचायत के द्वारा इस मुहल्ले में पाइप लाइन बिछाया गया है, लेकिन पानी सबों के घरों तक नहीं पहुंच पाया है. ऐसे में लोग या तो चापाकल या फिर नदी के पानी से ही अपना काम चलाते हैं.

**होता है बालू का अवैध उठाव**

बता दें कि पुल के 50 मीटर की परिधि में बालू का उठाव करना प्रतिबंधित है. बावजूद इसके औरंगा नदी पुल के पास से ही बालू का अवैध उठाव किया जाता है. यही कारण है कि आज औरंगा नदी पुल के स्तंभों के आसपास बालू का नामोनिशान नहीं है. पुल के पीलर कैप बालू से काफी उपर आ गये हैं. इससे पुल भी कमजोर हो रहा है. जानकारों का कहना है कि पुल के पीलर का कैप बालू के नीचे होना चाहिए. नदी में अनियंत्रित तरीके से बालू का उठाव किये जाने से पानी ठहराव नहीं हो पा रहा है. इस कारण भी नदी में पानी गरमी के आने पहले ही सूखने लगता है.

### कनदाखाड़ के कुआं से बालू निकलवाने की मांग

**मेदिनीनगर ।** बिजली संकट के कारण कनदाखाड जलापूर्ति योजना से दो दिनों तक पानी की आपूर्ति बंद है. इससे निगम क्षेत्र की एक बड़ी आबादी जल संकट से जूझती रही है. बिजली विभाग के सहायक अभियंता के अनुसार एक फेज लाइन नहीं रहने के कारण सप्लाई बंद हुई. इस संबंध में भाजपा नेता परशुराम ओझा के प्रयास से आज सुबह करीब आठ बजे बिजली की गड़बड़ी दूर कर दी गयी. इसके बाद पानी की आपूर्ति शुरू हो गयी. श्री ओझा ने बताया कि कुआं में पानी कम रहने के कारण मोटर 45 मिनट ही चल पा रहा है. उन्होंने नगर आयुक्त से कुआं से बालू निकलवाने का आग्रह किया है, ताकि गर्मी में लोगों को पानी गर्मी में मिलने में दिक्कत न हो.

## न्यूज अपडेट

### हजारीबाग लोकसभा सीट भी लेफ्ट को मिले : प्रमोद साहू



**चंदवा (लातेहार)।** अखिल भारतीय किसान सभा की बैठक आज पार्टी कार्यालय में आयोजित की गयी. बैठक में भाकपा नेता प्रमोद साहू ने महागठबंधन के शीर्ष नेतृत्व को कोडरमा लोकसभा सीट वामपंथी दल को देने के लिए धन्यवाद दिया. साथ ही उन्होंने हजारीबाग लोकसभा सीट भी वामपंथी दल को देने की मांग की. प्रमोद साहू ने कहा कि हजारीबाग लोकसभा सीट भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की परंपरागत सीट रही है. हजारीबाग से कामरेड भुवनेश्वर प्रसाद मेहता सांसद रह चुके हैं. हजारीबाग क्षेत्र में वामपंथ की पकड़ मजबूत है. इसलिए हजारीबाग लोकसभा सीट भाकपा को मिलनी चाहिए. बैठक में मो. अलाउद्दीन (पप्पू), अनिल साहू, संजय कुमार, तेजु उरांव, निर्मल भगत, प्रकाश गंझू, धनेश्वर तुरी, मछिंद्र लोहार, बाबूलाल गंझू व बलिंद्र उरांव आदि मौजूद थे.

### 105 मास्टर ट्रेनर को मिला मतदान का प्रशिक्षण



**मेदिनीनगर।** पलामू जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन के निर्देश पर मतदानकर्मियों को दूसरे चरण का चुनाव प्रशिक्षण दिया जाना है. इसके लिए समाहरणालय के ब्लाक 'सी' में 105 मास्टर ट्रेनर को प्रशिक्षण दिया गया. यही मास्टर ट्रेनर सभी मतदानकर्मियों को प्रशिक्षण देंगे. मौके पर सदर एलआरडीसी प्यारेलाल ने कहा कि प्रशिक्षण में सभी ट्रेनर आश्वस्त हो लें कि उन्हें किसी बिन्दु पर शंका नहीं है. इसे गंभीरता से लें. वहीं छतरपुर एलआरडीसी विजय कुमार केरकेट्टा ने कहा कि प्रशिक्षक मतदानकर्मियों को त्रुटिहीन प्रशिक्षण देने की महती भूमिका निभायेंगे. इसलिए इस प्रशिक्षण का खास महत्त्व है. जिला प्रशिक्षक परशुराम तिवारी, रामानुज प्रसाद, अशोक सिंह व अमरेन्द्र पाठक ने चुनाव आचार संहिता, माकपोल, विभिन्न प्रपत्र का संधारण, क्लोज बटन दबाना, ईवीएम व प्रपत्र सील करना सहित समस्त चुनाव प्रक्रिया का प्रशिक्षण दिया.

### अंतिम व्यक्ति तक न्याय पहुंचाना है लक्ष्यः पीडीजे

**लातेहार।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार के अध्यक्ष अखिल कुमार ने सोमवार को चलंत लोक अदालत का का उदघाटन व्यवहार न्यायालय परिसर में किया. इस दौरान उन्होने चलंत लोक अदालत के वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. मौके पर अखिल कुमार ने कहा कि इस चलंत लोक अदालत के वाहन को दूरस्थ गांव में भेजा जा रहा है ताकि वहां के ग्रामीणों को न्याय मिल सके. सरकार के द्वारा मिलने वाले लाभों की जानकारी ग्रामीण को नहीं होता है. ऐसे में ग्रामीण सरकारी योजनाओं के लाभों से वंचित रह जाते हैं. इसलिए चलंत अदालत के माध्यम से ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी दी जायेगी और उन्हें योजनाओं का लाभ लेने के बारे में बताया जायेगा. उन्हें न्याय पाने में यथा संभव मदद करेगा. मौके पर कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश राजीव आनद, जिला जज द्वितीय अमित कुमार, जिला जज तृतीय संजीव झा, सीजेएम मो. अब्दुल नसीर, एसीजेएम शशि भूषण शर्मा, एसडीजेएम मिथलेश कुमार, प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी राहुल कुमार के अलावा बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजमणी प्रसाद, बृंदा प्रसाद, संजय कुमार, सुनील कुमार, विवेक कुमार आदि मौजूद थे.

### लातेहार चैंबर ऑफ कामर्स की बैठक संपन्न



**लातेहार।** लातेहार चैंबर ऑफ कामर्स की एक बैठक रामनाथ अग्रवाल के व्यवसायिक परिसर में सोमवार को आहुत की गयी. अध्यक्षता अध्यक्ष सुशील कुमार अग्रवाल ने की. बैठक में चैंबर की गतिविधियों पर चर्चा की गयी. सदस्यों ने अपना अपना सदस्यता फार्म भर सचिव को हस्तगत कराया. कहा गया कि जो सदस्य बैठक में उपिस्थत नहीं हो पाये हैं, इसके लिए निर्मल महलका को अधिकृत किया गया. बैठक में आगामी 25 अप्रैल से तेज करने का निर्णय लिया गया. बैठक में द्वारिका अग्रवाल, डा विशाल शर्मा, महेंद्र प्रसाद शौंडिक,निर्दोष गुप्ता, अनूप शौंडिक, सुनील शौंडिक, आशीष गुप्ता, राजू प्रसाद व अनिल कुमार आदि मौजूद थे.

### बाल विद्या निकेतन पब्लिक स्कूल का शुभारंभ




**लातेहार।** डेमू पंचायत के सेमरी गांव के डेमू रेलवे स्टेशन रोड में बाल विद्या निकेतन पब्लिक स्कूल का शुभारंभ एक अप्रैल को किया गया.इसका उदघाटन बतौर मुख्य अतिथि आजसू जिला अध्यक्ष अमित पांडेय ने फीता काट कर किया. गांव में इंग्लिस मीडियम स्कूल खुलने से गांव का शैक्षणिक माहौल सुधरेगा. स्कूल के संचालक श्याम प्रसाद के अलावा शिक्षक कैलाश चंद्रवंशी, प्रियंका गुप्ता व डोली कुमारी ने भी अपने विचार रखे . मौके पर आजसू नेता राकेश सिंह, डेमू पंचायत की मुखिया प्रमिला देवी, सद्दाम अंसारी, नितेश जायसवाल, गोपाल सिंह, अमर उरांव बेबी देवी समेंत कई ग्रामीण व बच्चे उपस्थित थे.

### श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर में चैत्र नवरात्र पर होगा विशेष अनुष्ठान



**लातेहार।** श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर, लातेहार के कार्यकारिणी सदस्यों की बैठक मंदिर परिसर में संरक्षक त्रिभुवन पांडेय की अध्यक्षता में हुई. बैठक में चैत्र नवरात्र में मंदिर में विशेष अनुष्ठान करने पर विचार विमर्श किया गया. बैठक में प्राप्त सुझावों के अनुसार मंदिर के मंच पर आकर्षक साज सज्जा के साथ कलशों की स्थापना कर विशेष पूजा अर्चना करने का निर्णय लिया गया. नवरात्र के प्रत्येक दिन भोग एवं प्रसाद का वितरण करने का निर्णय लिया गया. सप्तमी व अष्टमी तिथि को विशेष महाप्रसाद वितरित किया जायेगा. चैत्र नवरात्र के मौके पर मंदिर परिसर में आकर्षक विद्युत सज्जा करने का भी निर्णय लिया गया. प्रतिदिन संध्या भजन कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया.

### अंडर-19: पाकुड़ ने लातेहार को 18 रनों से हराया



**गुमला।** गुमला के तेलंगा खड़िया स्टेडियम में झारखंड राज्य क्रिकेट एसोसिएशन अंतर जिला अंडर-19 प्लेट ग्रुप क्रिकेट टूर्नामेंट में सोमवार को पाकुड़ की टीम ने लातेहार को 18 रन से पराजित कर दिया. टॉस जीत कर पाकुड़ की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 33.3 ओवरों में 152 रनों का स्कोर खड़ा किया. पाकुड़ की ओर से अर्जुन गोस्वामी ने सर्वाधिक 42 रनों की पारी खेली. सिंटू कुमार यादव ने 17, सुबेर व अबू सऊद ने 17-17 रनो का योगदान दिया. रोशन व दिवाकर ने 10-10 रन जोड़े. गेंदबाजी करते हुए लातेहार की ओर से विजय रोहित ने 9.3 ओवर में 36 रन देकर पांच विकेट लिए. गौरव पाल व आदर्श विशाल ने दो-दो विकेट अर्जित किए. लक्ष्य का पीछा करने उतरी लातेहार की पूरी टीम ने 32.4 ओवर में 134 रन पर सिमट गयी.

## ब्रीफ खबरें

### घरेलू महिला से 63 हजार की साइबर ठगी

**आदित्यपुर ।** आदित्यपुर एक कॉलोनी की क्वार्टर नंबर 137/2/3 निवासी घरेलू महिला सौरथी मिश्रा से साइबर ठगी कर 63 हजार की उनके एक्सिस बैंक के खाते से साइबर अपराधियों ने निकासी कर ली है. इस घटना से परेशान महिला ने आदित्यपुर थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है. जिसमें उसने रविवार को करीब सवा दो बजे मोबाइल नंबर 8002900983 से फोन आया जिसे उसने रिसीव किया और बातों में उलझा कर उससे पर्सनल जानकारी ले ली और उनके खाते से 63000 रुपये की निकासी कर ली है. पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच कर रही है.

### अज्ञात वाहन ने धक्का मारकर रेलवे फाटक को किया क्षतिग्रस्त

**घाटशिला।** घाटशिला प्रखंड के मऊभंडार स्थित कुतलुडीह फाटक को अज्ञात चार पहिया वाहन ने सोमवार को रेलवे फाटक को टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया. बताया जा रहा है कि पूर्व से ही फाटक बंद था, इसी बीच पहुंचा अज्ञात वाहन ने तेज रफ्तार से दोनों फाटक को टक्कर मार कर तोड़ते हुए गाड़ी लेकर मौके से फरार हो गया. गेटमेन की सूचना पर आरपीएफ अधिकारी मौके पर पहुंच मामले की जानकारी ली तथा जांच में जुटी. गेटमेन ने फाटक टूटने के बाद इमरजेंसी फाटक से काम चलाते हुए ट्रेनों को पास कराया.

### मतदाता जागरूकता अभियान से लोगों को जागरुक किया गया

**चाईबासा ।** स्वीप नोडल पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी अनिमेष रंजन की उपस्थिति में स्वीप मतदाता जागरूकता अभियान के तहत सोमवार को बार एसोसिएशन काउंसिल चाईबासा में मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में स्वीप नोडल पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी अनिमेष रंजन के द्वारा बार एसोसिएशन के सभागार में अधिवक्ताओं को आगामी 13 मई मतदान दिवस के दिन अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने हेतु अपील किया उन्होंने उन्होंने मतदान के महत्व के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी भी दी.

### दो बाइक की टक्कर में महिला की हुई मौत

**चांडिल ।** टाटा रांची राष्ट्रीय राजमार्ग 33 पर चौका थाना क्षेत्र के चावलीबासा के समीप सोमवार की सुबह हुई सड़क दुर्घटना में बाइक सवार एक महिला की मौत हो गई. दुर्घटना में दो व्यक्ति घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल चांडिल भेजा गया. इनमें गंभीर रूप से घायल एक व्यक्ति को बेहतर इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल जमशेदपुर रेफर किया गया. वहीं चौका थाना की पुलिस महिला के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सरायकेला भेजा है.

### एनआईटी में राष्ट्रीय कैडेट कोर यूनिट का उद्घाटन

**आदित्यपुर।** एनसीसी झारखंड बटालियन 37 जमशेदपुर ने राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान जमशेदपुर में नेशनल कैडेट कोर यूनिट का आज भव्य तरीके से उद्घाटन सह स्थापना किया गया. विधिवत उद्घाटन कर्नल विनय आहूजा, कमांडिंग ऑफिसर, 37 झारखंड बटालियन एनसीसी और प्रो गौतम सूत्रधर द्वारा संपन्न हुआ.कार्यक्रम में लेफ्टिनेंट कर्नल गौरव कुमार मिश्रा, प्रशासनिक अधिकारी, 37 झारखंड बीएन एनसीसी जमशेदपुर, उप निदेशक प्रो. आर बी शर्मा, कर्नल निशीथ कुमार राय, डॉ. प्रह्लाद प्रसाद प्रो एस बी प्रसाद एंव संस्थान के एसोसिएट एनसीसी अधिकारी मुनेश कुमार, सहित समस्त विभागाध्यक्ष आदि मौजूद थे.

किरीबुरु में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का समापन समारोह

# जहां महिलाओं को सम्मान मिला,वहां तेजी से विकास हुआ : सेलबम

संवाददाता। किरीबुरु



सेल, बीएसएल, मेघाहातुबुरु खदान प्रबंधन की ओर से आयोजित अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का भव्य समापन समारोह का शुभारम्भ बतौर मुख्य अतिथि सीजीएम आरपी सेलबम एवं महिला समिति की अध्यक्ष स्टेला सेलबम, विशिष्ट अतिथि महाप्रबंधक योगेश प्रसाद राम, महाप्रबंधक एसके सिंह, महाप्रबंधक भी के सुमन, महाप्रबंधक मनीष राय, महाप्रबंधक केबी थापा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया.आर पी सेलबम ने कहा कि 1908 से विभिन्न देशों में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 8 मार्च को मनाया जाता है. जिस देश में महिलाओं का उन्नति हुआ वह देश तेजी से विकास किया. युवक व युवतियों में कोई भेदभाव नहीं होना चाहिए. शिक्षा व अन्य अधिकार बराबर का देना चाहिए. महिलाओं को आगे बढाने हेतु हम सभी को हर प्रकार का सहयोग व सपोर्ट देना चाहिए.

**ये लोग थे मौजूद :** इस दौरान मुखिया लिपि मुंडा, सुषमा योगेश राम, पुष्पा सुमन, सुनीता थापा, नीलम वर्मा, निरु सिंह, रीता सिंह, उप महाप्रबंधक संजय कुमार, जी के नायक, सहायक महाप्रबंधक डॉ मनोज कुमार, एन के विश्वास, अजीत कुमार, अवधेश कुमार, सरस साहू, वरिष्ठ प्रबंधक आलोक वर्मा, मृत्युंजय कुमार, अभिजीत कुमार, एनएन घटवारी, वीर सिंह मुंडा, बीरबल गुड़िया, राजकुमार प्रसाद, सीमा घटवारी आदि सैकड़ों मौजूद थे.

### महिलाएं सब रूपों में विराजमान हैं : स्टेला

अपने संबोधन में स्टेला सेलबम ने कहा कि महिलाएं सब रूपों में विराजमान हैं. इस बार का थीम महिलाओं में निवेश करना है. महिलाएं जहां सरकार में समान रुप से प्रतिनिधित्व करती है तो वहाँ का शासन मजबूत होता है. विभिन्न प्रतियोगिताओं के 340 विजेता महिलाओं को आज पुरस्कृत किया गया. महिलाओं की बडी भागीदारी यह बताता है कि महिलाएं सभी क्षेत्रों में आगे बढ़कर अपनी योग्यता का लोहा मनवा रही है. स्त्री अकेले ही काफी है घर को स्वर्ग बनाने के लिये. ईश्वर की सबसे खूबसूरत कृति महिला है, जो मां, बहन, पत्नी आदि विभिन्न रूपों में है. जीवन के हर क्षेत्र में महिलाएं पुरुषों से न सिर्फ कंधे से कंधा मिलाकर चल रही है, बल्कि उनसे आगे निकल गई है. आज भी महिलाएं अनेक चुनौतियों से जूझ रही है. जैसे पुरुषों की तुलना में कम शिक्षा, भेदभाव, महिला हिंसा आदि अनेक चुनौतियां है. महिलाओं को स्वंय अपने आप को साबित करने के लिये निरंतर कड़ी मेहनत व संघर्ष करना होगा.

ज्योति अग्रवाल हत्याकांड का पुलिस ने किया खुलासा,चार गिरफ्तार

# पति ने ही 16 लाख की सुपारी देकर कराई थी पत्नी की हत्या

संवाददाता। आदित्यपुर

- दो साल से बनाया जा रहा था हत्या को अंजाम देने का प्लान
- दो बार अलग-अलग जगहों पर चुका था हत्या का प्रयास
- एक बार बिष्टुपुर और दूसरी बार गंगटोक में किया था प्रयास



जमशेदपुर के सोनारी बेस कॉलोनी निवासी व्यवसायी रवि अग्रवाल की पत्नी ज्योति अग्रवाल की हत्या मामले में एसपी सरायकेला मनीष टोप्पो ने सोमवार को आदित्यपुर में प्रेस वार्ता कर मामले का उद्भेदन किया है. एसपी ने बताया कि उस मामले में पति ने ही 16 लाख रुपये सुपारी किलर को देकर हत्या कराई है.उन्होंने बताया कि आरोपी पति रवि अग्रवाल और इस कांड में शामिल तीन शूटरों को गिरफ्तार कर लिया गया है. इस कांड में गोली मारने वाला शख्स बाबूडीह लालभट्ठा का रहने वाला है. जिसका नाम सुरेश सहानी, और रोहित कुमार दुबे है. दोनों ने गोली चलाई थी लेकिन एक आरोपी का गोली मिस फायर हो गया था. इस कांड में सुपारी किलर को सेट करने में रवि अग्रवाल का पुराना चालक मुकेश मिश्रा था जिसे भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. वैसे एसपी के अनुसार इस कांड में दो और अपराधी भी शामिल थे जिसकी तलाश पुलिस कर रही है. एस पी ने बताया कि छह माह पूर्व भी 9 लाख रुपये देकर गला रेतकर हत्या करने की योजना बनी थी जिसमें 4 लाख रुपए एडवांस भी दिए थे. इससे पूर्व रवि अग्रवाल अपनी पत्नी को गंगटोक लेकर गया था जहां भी गला दबाकर हत्या करने का प्रयास किया गया था.

### पारिवारिक विवाद हत्या का मुख्य कारण



एसपी से मिली जानकारी के अनुसार पति-पत्नी के बीच कई वर्षों से अनबन थी. अक्सर विवाद और मारपीट होती रहती थी. इसी वजह से रवि ने अपनी पत्नी को रास्ते से हटाने की योजना बनाई. पिछले दिसंबर में भी रवि ने विष्टुपुर स्थित एक रेस्टोरेंट में अपनी पत्नी की हत्या की योजना बनायी थी, लेकिन योजना सफल नहीं हो सकी. रवि करीब दो साल से हत्या की योजना बना रहा था.

### शूटरों को तीन लाख रुपये एडवांस दिया गया

एसपी के मुताबिक पति ने ही हत्या की साजिश रची थी. शूटरों को 16 लाख रुपये रकम देने का सौदा हुआ था. जिसमें से तीन लाख रुपये दिए जा चुके हैं. उसी योजना के तहत घटना को अंजाम दिया गया है. पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त देशी कट्टा और एक जिंदा कारतूस भी बरामद कर लिया है. पति रवि ने एसपी ने बताया कि रवि अग्रवाल ने पुलिस के सामने अपना जुर्म भी कबूल कर लिया है. हत्या की घटना स्विफ्ट कार और 3 के बाइक से दी गई थी.

### अंततः रवि सफल हो गया

आखिरकार रवि ने फिर से हत्या की योजना बनाई और इस बार वह सफल हो गया. कांदरबेड़ा के शेरे पंजाब होटल के बाहर खाना खाने के बाद ज्योति की हत्या कर दी गयी. हत्यारे मोटरसाइकिल और कार से मौके पर पहुंचे थे. पहले पति पर गोली चलाने का नाटक किया. इसके बाद पत्नी की गोली मारकर हत्या कर दी. हत्या करने के बाद हत्यारे भागने में भी कामयाब रहे. ज्योति के पिता ने पुलिस को बताया कि उनकी बेटी ने पहले भी हत्या की आशंका जताई थी. उसने अपनी बहन को भी बताया था. लेकिन दोनों ने ज्योति की बात को हल्के में लिया था.

### बोलेरो से स्क्रैप चुरा कर ले जा रहा तीन चोर गिरफ्तार

**किरीबुरु ।** किरीबुरु थाना पुलिस ने सोमवार सुबह गुप्त सूचना पर किरीबुरु-बड़ाजामदा मुख्य मार्ग पर ऊं शांति स्थल मंदिर के पास अवैध स्क्रैप लदे लाल रंग के बोलेरो को जब्त कर तीन चोरों को गिरफ्तार कर लिया. स्क्रैप के कागजात मांगे जाने में दिखा न सके. इसके बाद तीनों को जेल भेज दिया गया. गिरफ्तार स्क्रैप चोरों में किरीबुरु मेन मार्केट निवासी चर्चित मांस-मुर्गा, सब्जी कारोबारी यार मोहम्मद, सुनील करुवा व सुशील गोप शामिल है. यार मोहम्मद पहले भी नकली नोट के कारोबार का आरोपी रहा है और जेल भी जा चुका है. पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि यार मोहम्मदअपनी लाल रंग की बोलेरो का पीछे की सभी सीट खोलकर उसमें लगभग डेढ़ टन अवैध स्क्रैप लोड कर बड़ाजामदा की तरफ जा रहा था. सूचना पर पुलिस ने वाहन जांच अभियान चलाकर तीनों को गिरफ्तार कर जेल बेज दिया.

### जिलास्तरीय शिविर में शामिल होकर लौटे कब और बुलबुल

**चक्रधरपुर।** दक्षिण पूर्व रेलवे भारत स्काउट्स एंड गाइड्स चक्रधरपुर मंडल की ओर से ओडिशा के पुरी में प्रथम जिला स्तरीय कब-बुलबुल शिविर का आयोजन किया गया. इस शिविर में चक्रधरपुर से 27 कब व 18 बुलबुल अपने लीडर्स व जिला अधिकारियों के साथ शामिल हुये. 28 मार्च से 30 मार्च तक आयोजित इस जिला स्तरीय शिविर के दौरान कब व बुलबुल ने कई जानकारियां हासिल की.जिला स्तरीय शिविर में शामिल होकर सोमवार को कब व बुलबुल चक्रधरपुर लौटे.जहां चक्रधरपुर स्थित स्काउट्स एंड गाइड्स के केन्द्र में जानकारियों को साझा किया. शिविर से लौटने पर कब व बुलबुल ने बताया कि शिविर के दौरान धौलीगिरि शांति स्तूप, नंदन कानन पार्क के अलावे अन्य ऐतिहासिक जगहों पर जाकर ओड़िसा की संस्कृति व सभ्यता से अवगत हुये.

# शोभा की वस्तु बनकर रह गई है हाईमास्ट और स्ट्रीट लाइट



संवाददाता। आदित्यपुर

### अंधेरे का राज

- रात में अंधेरे में लोगों का आना जाना हो जाता है मुश्किल
- बिजली बिल नहीं जमा करने के कारण आपूर्ति बंद है

आदित्यपुर के मुख्य मार्ग पर राहगीरों और आमलोगों की सुविधा के लिए लगाई गई हाई मास्ट लाइट और स्ट्रीट लाइट अब केवल शोभा की वस्तु बनकर रह गई है.आदित्यपुर में लगे हाई मास्ट लाइट और स्ट्रीट लाइट केवल कहने को खड़ी है इससे रात के अंधेरों का साम्राज्य दूर नहीं हो रहा है, जिससे राहगीरों और आमलोगों को परेशानी हो रही है. राह चलते लोगों से छिनतई और महिलाओं से छेड़खानी जैसी वारदात यहां आम हो गई है. इस बारे में बिजली विभाग के अधिकारी से बात की गई तक उन्होंने बताया कि हाई मास्ट लाइट और स्ट्रीट लाइटों का बिल नहीं चुकाने की वजह से है यह स्थिति बनी हुई है. वे कहते हैं कि कल वित्तीय वर्ष का आख़िरी दिन था लेकिन सड़क निर्माण एजेंसी जेएआरडीसीएल ने बकाया बिल का भुगतान नहीं किया है. आखिरकार करोड़ों के बिल बकाया रखने पर बिजली विभाग कैसे इन लाइटों को बिजली देती रहेगी.

जल-नल योजना में मजदूरी करने जा रहे थे सभी

# मजदूरों से भरा कैंपर वाहन पलटा, 10 घायल

संवाददाता। मझगांव



मझगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत सिलफोडी गांव समीप मोड पर तेज रफ्तार कैंपर गाड़ी पलटने से चालक सहित 10 मजदूर घायल. रविवार रात लगभग 11: बजे मझगांव- जैंतगढ मुख्य सड़क में प्रधानमंत्री जल नल योजना के साकेत सुमन एजेंसी में कार्यरत मजदूर सहित 10 लोग कैंपर गाड़ी में सवार होकर बेनीसागर से मझगांव होते हुए आसनपाठ पंचायत भवन जा रहे थे. गाड़ी काफी तेज होने के कारण चालक रोशन यादव घुमावदार मोड़ में अपना संतुलन खो दिया और सड़क से 15 फीट दूर पलट गई. सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल मंगल यादव, नंदलाल विश्वदेव, गौरव कुमार, दीपक कुमार यादव, मनोज यादव, चालक रोशन यादव आदि मजदूरों को गंभीर रूप से चोट आई. कई मजदूर का हाथ पैर टूट गया और कई का सर में एवं अन्य स्थान पर गंभीर चोट आई थी.

घटना की सूचना मझगांव थाना प्रभारी विनोद तिर्की को दी गई. थाना प्रभारी ने घटनास्थल पहुंचकर सभी घायलों को पुलिस वाहन से ही उठाकर मझगांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आए. चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर सनातन चातार ने सभी का प्राथमिक उपचार कर अत्यंत गंभीर चार मजदूरों को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल चाईबासा रेफर कर दिया. घायल मजदूरों ने कहा कि कैंपर गाड़ी में मात्र 4 से 5 लोगों के बैठने की जगह है लेकिन जल नल योजना एजेंसी के कर्मियों ने हम मजदूर को भेड़ बकरी की तरह ठुश कर आगमन करवाता है. चालक भी शायद नशे की हालत में ही था उन्हें मना करने पर भी उन्होंने गाड़ी की रफ्तार काम नहीं कर रहा था जिसके कारण यह घटना घटी है. मझगांव पुलिस गाड़ी को जप्त कर थाना ले आई है और मामले की जांच पड़ताल कर रही है.

### खास बातें

- सभी बेनीसागर से मझगांव होते हुए आसनपाठ जा रहे थे
- चालक नशे में था,तेज रफ्तार के कारण असंतुलित होकर पलटा

## न्यूज अपडेट

### मैथिली परिषद 14 को मनाएगा मिथिला दिवस



**जमशेदपुर।** अंतरराष्ट्रीय मैथिली परिषद की ओर से आगामी 14 अप्रैल को बिष्टुपुर स्थित परमहंस लक्ष्मीनाथ गोस्वामी समिति प्रांगण में मिथिला दिवस व लोक पर्व जुड़ि शीतल मनाया जाएगा. इसको लेकर परिषद की बैठक मानगो के डिमना रोड स्थित एक होटल में परिषद के अध्यक्ष अशोक कुमार दास की अध्यक्षता में हुई. बैठक में अंतरराष्ट्रीय मैथिली परिषद के साहित्य प्रकोष्ठ के केन्द्रीय अध्यक्ष डॉ अशोक अविचल, केन्द्रीय महासचिव डॉ रवीन्द्र कुमार चौधरी, परिषद के प्रदेश सचिव पंकज कुमार झा, अखिलेश कुमार, हंसराज जैन, संजीव झा, तरुण कुमार झा, मनोज कुमार झा, आनंद कुमार झा एवं अन्य लोग उपस्थित थे. बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि यह सांस्कृतिक आयोजन लोकसभा चुनाव को लेकर आदर्श आचार संहिता को ध्यान में रखते हुए आयोजित किया जाएगा. इसमें इस लोक पर्व के सांस्कृतिक व्यंजनों में दाल पुरी, दही बड़ा, करी बड़ी, आम की चटनी, जलेबी आदि का मैथिली भाषी भरपूर आनंद लेंगे.

### हाईकोर्ट के आदेश के बाद सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटा



**जमशेदपुर ।** मानगो स्थित गुणमय कॉलोनी में सरकारी जमीन पर किए गए अतिक्रमण को जेसीबी की मदद से हटा दिया गया. झारखंड हाईकोर्ट के आदेश के बाद उक्त अतिक्रमण को हटाया गया. इसके लिए मानगो नगर निगम के सहायक नगर आयुक्त समीर बोदरा और नगर प्रबंधक जितेंद्र कुमार को दंडाधिकारी के रुप में नियुक्त किया गया था. सोमवार को टीम श्याम सुंदर अग्रवाल के घर पहुंची और नापी कर सरकारी जमीन पर किए गए अतिक्रमण वाले हिस्से को जेसीबी की मदद से गिरा दिया. ज्ञात हो कि इस मामले में हाइकोर्ट में बीते कई सालों से केस चल रहा था. इस संबंध में हाईकोर्ट ने सरकार के पक्ष में फैसला सुनाया और जल्द से जल्द अतिक्रमण हटाने का आदेश दिया था.

### झामुमो जिलाध्यक्ष से जल समस्या दूर कराने की गुहार



**आदित्यपुर ।** आदित्यपुर वार्ड 17 के लोग रविवार को झामुमो जिला अध्यक्ष शुभेंदु महतो के माध्यम से मुख्यमंत्री से वार्ड 17 की जल समस्या दूर करने की गुहार लगाई है. झामुमो जिलाध्यक्ष ने मुख्यमंत्री से समाधान का आश्वासन दिया है. बता दें कि आदित्यपुर सेवा दल का एक प्रतिनिधिमंडल रविवार को जयकॉन गायत्री प्रज्ञा पीठ में संपन्न होने वाला भव्य कलश यात्रा एवं नव कुंडीय गायत्री महायज्ञ के आयोजन में शामिल हुए. सेवा दल के लोगों ने जेएमएम के जिला अध्यक्ष व कार्यक्रम संयोजक डॉ शुभेन्दु महतो को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया और आज के सायंकालीन कार्यक्रम में शामिल हुए. जिसमें संगीत, प्रवचन, योग प्रदर्शन एवं दीप महायज्ञ सम्पन्न हुए. सेवा दल के लोगों ने डॉ शुभेन्दु महतो से आदित्यपुर वार्ड -17 में व्याप्त जल समस्या पर ध्यानाकृष्ट कराया. सेवा दल के सदस्यों से डॉ शुभेन्दु ने कहा कि आप सब की इस ज्वलंत समस्या हल जल्द निकालने की कोशिश करूंगा.

### टिनी टॉयज विद्यालय में मना स्वागत समारोह



**बहरागोड़ा।** टिनी टॉयज विद्यालय के दोनों शाखा टिनी टॉयज प्ले स्कूल मोहनपुर वटिनी टॉयज पब्लिक स्कूल इचड़ाशोल विद्यालय में सोमवार को स्वागत समारोह मनाया गया. वार्षिक परीक्षा के परिणाम स्वरूप प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान पाने वाले विद्यार्थियों को बेस्टअवार्ड से नवाजा गया.बेस्ट एक्टिविटी और बेस्ड अटेंडेंस का अवार्ड भी दिया गया. निर्देशक विनय कृष्ण दास ने कहा बच्चों की पढ़ाई के प्रति आकर्षण बढ़ाने और कमजोर बच्चों को भी मनोबल बढ़ाने हेतु विभिन्न प्रकार के नए एक्टिविटी विद्यार्थियों के सम्मुख प्रस्तुत करने पर बहुत ही सकारात्मक प्रभाव पड़ता है.

### ओड़िया समाज के लोगों ने पखाल दिवस मनाया



**किरीबुरु।** जगाकालिया सांस्कृतिक संगठन, मेघाहातुबुरु ने ओडिया पर्व पखाल दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया. इस दौरान लोगों ने पखाल यानि कि पानी भात के साथ आलू का भर्ता, टमाटर की चटनी, बड़ी का चूरा, मछली समेत कई प्रकार का पकवान का सेवन किया. इस दौरान महाप्रबंधक ए के पटनायक, सुकरा हो, एस आर स्वांय, उप महाप्रबंधक जी के नायक, सुरक्षा अधिकारी ए यू नायक, सरस साहू, अनिल मरांडी, कल्याण माझी, एस पंडा, डी सी परीडा, आर आर स्वांय, ए नायक आदि अपने परिवार व बच्चों के साथ शामिल हुए.

### ननिहाल आये दो बच्चों की मौत से गांव में मातम

**चांडिल।** उत्तर प्रदेश से ईचागढ़ के तमारा गांव स्थित ननिहाल आये दो सगे भाइयों की डूबने से हुई मौत के बाद गांव में मातम पसर गया है. परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है. वहीं गांव के लोग इस घटना से बुरी तरह से मर्माहत हैं. मामले की जानकारी मिलने पर ईचागढ़ थाना पुलिस ने परिजनों से पूछताछ कर अस्वभाविक मौत का मामला दर्ज किया है. दो सगे भाइयों की मौत पर सिंहभूम क्षत्रिय महासभा ने दुःख जताया है. सोमवार सुबह महासभा के केंद्रीय सदस्य अभिषेक कुमार आदित्यदेव की अगुवाई में महासभा के सदस्य सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, ईचागढ़ पहुंचे और शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी. महासभा ने बच्चों के शवों को उत्तरप्रदेश तक ले जाने के लिए एंबुलेंस के साथ आइस बॉक्स और जरूरत के अन्य सामान मुहैया कराने में सहयोग किया.

### कोवाली में अवैध विदेशी शराब के साथ दो गिरफ्तार




**जमशेदपुर।** जमशेदपुर से सटे कोवाली थाना क्षेत्र में पुलिस ने छापेमारी कर अवैध विदेशी शराब के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार आरोपियों में सुमन मंडल और कुनु महाली शामिल है. मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली थी कि क्षेत्र में अवैध विदेशी शराब की बिक्री की जा रही है. इसके बाद प्रभारी धनंजय कुमार पासवान की ओर से टीम बनाकर पुटलूपुंग और बलियाढ़ीपा में एक ही रात दो जगहों पर छापामारी कर विभिन्न ब्रांड की 40 लीटर अवैध रूप से अंग्रेजी शराब बरामद किया गया. छापामारी के दौरान सुमन मंडल और बलियाढ़ीपा से कुनु महाली को गिरफ्तार का है. गिरफ्तार दोनों ने अपना अपराध कबूल कर लिया है.

अरका जैन यूनिवर्सिटी साइबर सिक्योरिटी पर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन

# छात्रों को मिली लॉ और साइबर सिक्योरिटी की जानकारी

मुख्य संवाददाता। जमशेदपुर



साइबर जागरूकता की आवश्यकताओं को पूरा करने एवं छात्र-छात्राओं को जागरूक करने की दिशा में अरका जैन विश्वविद्यालय सदैव अग्रणी रहा है. विश्वविद्यालय अच्छी तरह से समझता है कि साइबर क्राइम के समस्याओं के संबंध में छात्रों में जागरूकता होनी चाहिए. इसी उद्देश्य की पूर्ति की कड़ी में विश्वविद्यालय के कंप्यूटर साइंस एवं आईटी विभाग की ओर से साइबर सिक्योरिटी पर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया. कार्यशाला में छात्र-छात्राओं को बेहतर भविष्य के लिए साइबर क्राइम, साइबर लॉ, साइबर सिक्योरिटी और साइबर जागरूकता से संबंधित अन्य जानकारी दी गयी. कार्यशाला में मुख्य ट्रेनर जय रावल थे. श्री रावल साइबर दोजो अहमदाबाद के संस्थापक, सीईओ और एक प्रमाणित साइबर स्पेशलिस्ट होने के साथ ही साइबर ट्रेनर भी हैं. इस कार्यशाला का आयोजन डीन डॉ अरविन्द कुमार पांडे की देखरेख में किया गया. इस अवसर पर विश्वविद्यालय के डायरेक्टर सह रजिस्ट्रार डॉ अमित कुमार श्रीवास्तव, वाईस चांसलर डॉ ईश्वरन अय्यर और साइबर दोजो अहमदाबाद के रीजनल डायरेक्टर हर्ष रावल भी उपस्थित थे. कार्यशाला के प्रथम चरण में छात्रों को साइबर

### 13 छात्रों का मेडिकबाज़ार टेक फर्स्ट में चयन

**जमशेदपुर।** अरका जैन यूनिवर्सिटी में देश के सबसे बड़े ऑनलाइन मेडिकल सप्लाई प्लेटफार्म बी 2 बी 'मेडिकबाज़ार टेक फर्स्ट' की ओर से कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव चलाया गया. इस प्लेसमेंट ड्राइव में यूनिवर्सिटी के एमबीए, बी फर्मा, डी फर्मा और बीएससी बायोटेक्नोलाजी के छात्रों ने हिस्सा लिया. विभिन्न चरण की चयन प्रकिया के पश्चात कंपनी की ओर से यूनिवर्सिटी के 13 छात्र-छात्राओं का अंतिम रूप से चयन किया गया. इस प्लेसमेंट ड्राइव में यूनिवर्सिटी के एमबीए, बी फर्मा, डी फर्मा और बीएससी बायोटेक्नोलाजी पासिंग ईयर 2024 के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया. छात्र-छात्राओं का जॉब लोकेशन पैन इंडिया दिया गया है. प्लेसमेंट ड्राइव में यूनिवर्सिटी के प्लेसमेंट हेड हिमांशु सिन्हा की सराहनीय भूमिका रही. यूनिवर्सिटी के निदेशक सह कुलसचिव डॉ अमित श्रीवास्तव ने सभी छात्र-छात्राओं की सफलता को उनके परिश्रम और लगन का परिणाम बताया. श्री श्रीवास्तव एवं यूनिवर्सिटी के वाईस चांसलर डॉ ईश्वरन अय्यर, प्लेसमेंट हेड हिमांशु सिन्हा, डीन फार्मेसी डॉ ज्योतिर्मय साहू, कैंपस डायरेक्टर डॉ अंगद तिवारी समेत शिक्षक-शिक्षिकाओं ने चयनित सभी छात्र-छात्राओं को इस सफलता पर बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है.

जमशेदपुर से समाजसेवी रवि ने भेजवाया राशन

# एक माह से बेर खाकर जीवन यापन कर रहा था दिव्यांग विक्रम लागुरी

संवाददाता। चाईबासा



कहते हैं कि जिसका कोई नहीं होता उसका उपरवाला होता है और वो किसी न किसी रूप में आकर मदद भेजवा देता है. ऐसी ही एक घटना देखने को मिली जब 16 साल से टूटे खटिये पर जी रहे अनाथ और दिव्यांग विक्रम लागूरी को जमशेदपुर के समाजसेवी रवि जैशवाल ने अनाज भेजवा दिया.असल में रवि जैशवाल युवा समाजसेवी है जो जमशेदपुर में अपने सेवा कार्यों के लिए जाने जाते है. पश्चिमी सिंहभूम जिले के चाईबासा से सटे ससरंगसिया नामक गांव में रह रहे विक्रम लागूरी अत्यंत दयनीय दशा में जीने को मजबूर थे. न ही उनकी छत पक्की है न ही घर में अनाज का एक दाना. वो दोनों पैर से अपाहिज है वहीं उनका एक हाथ भी लकवाग्रस्त है. वो किसी तरह से गांव वालो से प्राप्त भोजन को खाकर जीने को मजबूर है. राशन न होने की बात जैसे ही रवि जैशवाल को पता चली उन्होंने दिव्यांग को न केवल राशन भेजवाया बल्कि पलंग, टेबल पंखा, चटाई,तुल, एवं सोलर लैंप देकर मदद पहुंचा दी ताकि वो आराम से रह सके. मदद पाकर दिव्यांग विक्रम लागूरी गदगद हो गए. उन्होंने बताया कि एक ओर जहा गांव के मुखीया, मुंडा उसे देखने नहीं आते वहीं जमशेदपुर के सज्जन रवि जैशवाल उनके लिए फरिश्ते से कम नहीं है. इस कार्य को सफल बनाने में नेहा निषाद, प्रकाश लागूरी, अभय जैशवाल और अंजना कनौजिया का सहयोग रहा.

### हजारीबाग से झापा के उम्मीदवार घोषित होने पर राजकुमार कुशवाहा ने मीडिया से अपनी बातों को साझा किया

# झापा झारखंड की माटी की पार्टी है : राजकुमार कुशवाहा

**संवाददाता । हजारीबाग**

झारखंड पार्टी ने सोमवार को रिंग्स एंड रोजेस होटल में प्रेस वार्ता किया. इसका आयोजन जिला अध्यक्ष सूरज कुमार कुशवाहा की अध्यक्षता में हुआ. इसमें अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के राष्ट्रीय व्यवस्थापक अध्यक्ष सह पूर्व जिला परिषद सदस्य, दारू प्रखंड के जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि और झारखंड पार्टी (झापा) के हजारीबाग लोकसभा से उम्मीदवार राजकमार कुशवाहा शामिल थे. राजकुमार ने मीडिया से मुखातिब होकर लोकसभा चुनाव लड़ने संबंधित बातों को साझा किया. उन्होंने बताया कि झारखंड



पार्टी झारखंड के केंद्रीय अध्यक्ष एनोस एक्का ने उन्हें हजारीबाग लोकसभा से झारखंड पार्टी का प्रत्याशी घोषित किया है. कहा कि जनता जनार्दन तक इस बात को पहुंचाने के लिए इस प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया है, ताकि हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र का चहुंमुखी विकास हो सके. बताया कि पिछले एक वर्षों से झारखंड पार्टी से जुड़कर वह लगातार क्षेत्र भ्रमण कर जनता की जन समस्याओं से रूबरू हो रहे हैं. लोकसभा चुनाव लड़ने को लेकर लगातार जनता के संपर्क में हैं.

**प्रत्याशी घोषित**

- लोस चुनाव लड़ने को लेकर लगातार जनता के संपर्क में हैं
- झारखंड की जनता राष्ट्रीय पार्टियों से अब ऊब चुकी है
- राष्ट्रीय पार्टियां लोक लुभावन वादों के साथ आती हैं

जनसंपर्क के दौरान जिस प्रकार से क्षेत्र वासियों का समर्थन और आशीर्वाद लगातार मिल रहा है, हमें आशा ही नहीं बल्कि पूर्ण विश्वास है कि भारी बहुमत के साथ जीत हासिल करेंगे. बताया कि झारखंड की जनता राष्ट्रीय पार्टियों से ऊब चुकी है. राष्ट्रीय पार्टियां चुनावी समर में लोक लुभावन वादों के साथ आती हैं. मगर उनमें से कोई भी वादा पूरा नहीं करती है, जिसे लेकर झारखंड की जनता ठगा महसूस कर रही है. हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सभी प्रखंडों और विधानसभा क्षेत्र का उन्होंने दौरा कर जनसंपर्क के माध्यम से लोगों की राय जानने की कोशिश की. सभी का एक ही कहना है कि क्षेत्रीय पार्टियों को आगे आना होगा, ताकि यहां की जन समस्याओं से रूबरू होकर उसका हल निकाला जा सके. कहा कि जनता इस बार निर्णय ले चुकी है कि झारखंड पार्टी को भारी बहुमत के साथ विजयी बनाकर झारखंड पार्टी के उम्मीदवार को दिल्ली भेजने का काम करेंगे.

सूरज कुमार ने कहा कि झापा झारखंड की क्षेत्रीय पार्टी है. जल जंगल जमीन की पार्टी है. झारखंड की माटी की पार्टी है. जिसके केंद्रीय अध्यक्ष झारखंड के पूर्व मंत्री एनोस एक्का हैं. जिनके प्रतिनिधित्व में झारखंड का विकास हुआ. बताया कि झारखंड पार्टी एकीकृत बिहार में विपक्ष की भूमिका में भी रही है. झारखंड पार्टी झारखंड की सबसे पुरानी पार्टी है. जिसका गठन वर्ष 1949 में हुआ था. जिसकी झारखंड के संघर्ष की कहानी में अहम भूमिका रही है.

# बिरसा हाईस्कूल डुमरी का हुआ 17वां वार्षिक महोत्सव

**संवाददाता। चौपारण**

बिरसा हाईस्कूल, डुमरी का 17वां वार्षिक महोत्सव संपन्न हो गया. वार्षिक महोत्सव का उद्घाटन बच्छई पंचायत के मुखिया सह मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष बिरेंद्र रजक, पंचायत समिति सदस्य सहदेव यादव, प्रबंधन समिति अध्यक्ष बसंत साव, सचिव त्रिसा कुमारी, कोषाध्यक्ष टिंकू कुमार, विद्यालय प्रभारी मंजू शर्मा, सामाजिक कार्यकर्ता रंजीत गुप्ता और संतोष रजक ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर किया. मौके पर बिरेंद्र ने बताया कि कई सांसदों और विधायक ने अपने मद से स्कूल भवन का निर्माण करवाया है. पूर्व सांसद भुनेश्वर मेहता ने एक, पूर्व सांसद यशवंत सिन्हा ने एक और पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने दो कमरे का निर्माण कराया है. वहीं वर्तमान सांसद जयंत सिन्हा ने एक कमरे का निर्माण कराया है, जिसका काम अभी चल ही रहा है. इसी तरह अन्य जनप्रतिनिधियों से भी सहयोग मिलता रहा है. इनकी वजह से आसपास के हजारों गरीब बच्चों को भी कम शुल्क में अच्छी शिक्षा मिल रही है.

**स्कूल भवन**

- पूर्व सांसद भुनेश्वर मेहता ने एक कमरे का निर्माण कराया
- पूर्व विधायक मनोज ने दो कमरे का निर्माण कराया

## ब्रीफ खबरें

### अवकाश प्राप्त शिक्षक संघ की बैठक कल होगी

**हजारीबाग ।** विनोबा भावे विश्वविद्यालय के अवकाश प्राप्त शिक्षक संघ के साधारण सभा की बैठक 3 अप्रैल पूर्वाह्न 11:00 से विभावि के राधाकृष्णन सभागार में होगी. बैठक की अध्यक्षता प्रोफेसर राधेश्याम अम्बष्ट करेंगे. इसकी जानकारी देते हुए संघ के सचिव डॉक्टर शुभ नारायण सिंह ने बताया कि 2016 से पूर्व तथा 2016 के बाद अवकाश प्राप्त करने वाले सभी शिक्षक इस बैठक में आमंत्रित हैं. बैठक की कार्य वृत्त की जानकारी देते हुए डॉ सिंह ने बताया कि ग्रेच्युटी के भुगतान की स्थिति, नए सदस्यों का संघ में पंजीकरण एवं संघ की नए अधिकारियों के निर्वाचन पर विमर्श किए जाएंगे.

### 500 ग्राम गांजा के साथ दो गिरफ्तार

**हजारीबाग ।** कोर्रा पुलिस ने 500 ग्राम गांजा के साथ होटल संचालक को गिरफ्तार किया. इस संबंध में पुलिस ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर नगवां हवाई अड्डा के समीप जेएच होटल के सामने राजेश कुमार के द्वारा संचालित दुकान में छापेमारी की गई. छापेमारी के क्रम में दुकान से करीब 500 ग्राम गांजा बरामद किया गया. पुलिस ने केस दर्ज कर गिरफ्तार अभियुक्त राजेश कुमार एवं एक अन्य तस्कर सुनिल कुमार मेहता को गिरफ्तार कर दोनों अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया.

### 21 लीटर देसी महुआ शराब के साथ एक गिरफ्तार

**हजारीबाग ।** कोरा पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर ग्राम चुरचू में देसी महुआ शराब के विरुद्ध छापामारी की. छापामारी के क्रम में चुरचू स्थित कन्हाई प्रसाद मेहता को जोधी महतो के होटल से करीब 21 लीटर देसी महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया. पुलिस ने उत्पाद अधिनियम के तहत केस दर्ज करते हुए गिरफ्तार कन्हाई को न्यायिक हिरासत में भेज दिया.

### चुनाव की तैयारियों की समीक्षा की पदाधिकारी ने

**हजारीबाग।** लोस चुनाव को लेकर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखंड, के. रवि कुमार एवं अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डा. नेहा अरोड़ा ने स्थानीय निर्वाचन सदन, धुर्वा से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ उनके संबंधित जिलों में चुनाव की तैयारियों की समीक्षा की. कहा कि वे अपने जिले में बूथ स्तरीय मतदाता जागरुकता समूहों के साथ निकट समन्वयन के लिए पदाधिकारी को जिम्मेदारी सौंप कर मतदाता जागरुकता के प्रयास की मॉनीटरिंग करें.

### एक किलो 800 ग्राम गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार

**रामगढ़ ।** बरकाकाना ओपी क्षेत्र में पुलिस ने छापेमारी अभियान चलाकर एक गंजा तस्कर को गिरफ्तार किया. आरोपी के पास से एक किलो 800 ग्राम गांजा, चिलम सहित अन्य कई सामान जब्त किये गये. रामगढ़ एसपी डॉ विमल कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि बरकाकाना के एक दुकान में गांजा की खरीद की सूचना लगातार मिल रही थी. इसके बाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पतरातू वीरेंद्र राम के नेतृत्व में छापेमारी दल का गठन किया गया. टीम ने बरकाकाना रेलवे स्टेशन के समीप छापेमारी अभियान चलाया. इस दौरान पुलिस बल को देखकर दुकानदार दीपक कुमार उर्फ प्रभाकर बरकाकाना निवासी भगाने का प्रयास करने लगा. पुलिस ने उसे पकड़ा और दुकान-मकान में छानबीन की.

### आदर्श आचार संहिता को लेकर डीसी ने प्रिंटिंग प्रेस संचालकों को दिए निर्देश

# ईसी की गाइडलाइन का कड़ाई से करें पालन

**संवाददाता । हजारीबाग**

लोकसभा चुनाव की तारीख के एलान के साथ ही आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है. इसे लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी नैंसी सहाय की अध्यक्षता में सोमवार को प्रकाशकों, सेलुलर प्रोवाइडर, केबल ऑपरेटर एवं मुद्रकों के साथ बैठक की गई. बैठक में प्रिंटिंग प्रेस के संचालकों को प्रचार सामग्री छापने से संबंधित निर्वाचन आयोग (ईसी) द्वारा जारी की गई गाइडलाइन की जानकारी दी गई व आवश्यक निर्देश दिए गए. बताया गया कि आम चुनाव के दौरान टीवी/ रेडियो, चैनल/ ऑडियो-वीडियो, डिस्प्ले/ सिनेमा, इंटरनेट आधारित मीडिया/सोशल मीडिया, ई-पेपर और केबल नेटवर्क सहित वेबसाइटों पर प्रसारित होने वाले राजनीतिक विज्ञापनों के लिए मीडिया प्रमाणन और निगरानी समिति (एमसीएमसी) द्वारा प्रमाणन कराना आवश्यक होगा.

डीसी ने निर्वाचन के लिए प्रचार सामग्री छापने वाले प्रिंटिंग प्रेस के संचालकों को निर्देश दिया कि लोकसभा चुनाव के प्रचार में प्रयोग की जाने वाली प्रचार सामग्री की सम्पूर्ण जानकारी प्रिंटिंग प्रेस व पब्लिशर को होनी जरूरी है. उन्होंने प्रिंटर्स से कहा कि पोस्टर, पंपलेट या अन्य प्रचार सामग्री अभ्यर्थी या राजनैतिक दलों से किसी अधिकृत व्यक्ति का मुद्रक का नाम, प्रकाशक का नाम और मात्रा की संख्या के संबंध में जानकारी जिला निर्वाचन कार्यालय से साझा करें. साथ ही राजनीतिक दलों के किसी भी प्रकार के विज्ञापन को एमसीएमसी कोषांग से प्री-सर्टिफिकेशन कराना आवश्यक होगा. उन्होंने कहा कि जिले के सभी प्रिंटिंग प्रेस संचालक चुनाव आयोग की गाइडलाइन का कड़ाई से पालन करें. निर्धारित प्रावधानों तथा आयोग के आदेश के किसी भी प्रकार के उल्लंघन को बहुत ही गंभीरता से लिया जाएगा.



**चुनाव प्रचार**

- प्रचार सामग्री की जानकारी पब्लिशर को होनी जरूरी
- दलों के विज्ञापन को प्री-सर्टिफिकेशन कराना जरूरी
- आयोग के आदेश का किसी भी प्रकार से नहीं हो उल्लंघन

### निर्देशों के उल्लंघन पर छह माह की सजा

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गये दिशा-निर्देशानुसार पंपलेट, पोस्टर्स, पर्चे आदि प्रचार अथवा प्रिंट सामग्री पर मुद्रक एवं प्रकाशक का नाम और पता लिखा जाना अनिवार्य होगा. प्रकाशित सामग्री की प्रतियां निर्वाचन कार्यालय के एमसीएमसी कोषांग में भी जमा करनी होगी. प्रिंट सामग्री में संख्या भी अंकित करना होगा. उल्लंघन होने पर संबंधितों के विरूद्ध वैधानिक कार्रवाई की जायेगी. इसमें छह माह तक का कारावास, दो हजार रुपये तक का जुर्माना अथवा दोनों से दंडित किये जाने का प्रावधान है. बैठक में निर्देश दिये गये कि शुचितापूर्ण निर्वाचन के लिए यह अनिवार्य है कि सभी प्रकाशक एवं मुद्रक प्रिंट एवं प्रचार सामग्री में मुद्रक एवं प्रकाशक का नाम, पता, प्रसारित की जाने वाली सामग्री की संख्या अनिवार्य रूप से अंकित करें. प्रकाशित सामग्री की प्रतियां जिला निर्वाचन कार्यालय तथा व्यय लेखा शाखा में जमा करना जरूरी होगा. मुद्रित एवं प्रकाशित सामग्री के आधार पर खर्चा प्रत्याशी के व्यय लेखा में जोड़ा जायेगा. उपायुक्त ने कहा कि कोई भी प्रकाशक, मुद्रक, केबल ऑपरेटर व सेलुलर प्रोवाइडर द्वारा बल्क एसएमएस के माध्यम से ऐसी सामग्री प्रकाशित नहीं करें जिससे कि आचार संहिता का उल्लंघन होता हो. समाज में घृणा फैलाने, धार्मिक भावनाओं को भड़काने सहित अन्य आपत्तिजनक सामग्री किसी भी हाल में प्रकाशित नहीं की जाये. निर्धारित प्रारूप में जिला निर्वाचन कार्यालय को जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिये गये. मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी मां देव प्रिया, सदर एसडीओ शैलेश कुमार, राज्य कर आयुक्त और जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कुमार मौजूद थे.

# अफवाहों पर ध्यान न दें: एसडीपीओ

**संवाददाता। बरही**

रामनवमी पर्व को लेकर बरही थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई. बैठक की अध्यक्षता सीओ रामनारायण खलखो व संचालन इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी चंद्रशेखर कुमार ने किया. बैठक में एसडीपीओ सुरजीत कुमार मुख्य रूप से मौजूद थे. बैठक में दोनों समुदाय के लोग शामिल हुए.

एसडीपीओ सुरजीत कुमार ने कहा कि त्योहार के दौरान असामाजिक तत्वों पर पुलिस प्रशासन की कड़ी नजर रहेगी. उन्होंने शांतिपूर्ण माहौल में रामनवमी मनाने की अपील की. कहा कि रामनवमी के दौरान भड़काऊ गाना बजाने पर कार्रवाई की जाएगी. सीओ रामनारायण खलखो ने लोगों से अपील किया कि सोशल मीडिया पर अफवाहों पर ध्यान न दें. साथ ही रामनवमी पूजा समिति चलंत डीजे का प्रयोग न करें और अखाड़ा समिति पुलिस प्रशासन का सहयोग करें. उन्होंने कहा कि सभी जगहों पर दंडाधिकारी और पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की जाएगी. कहा कि जुलूस तय रुट पर ही निकालने का काम करें. बीडीओ सीआर इंदवार ने बरहीवासियों से अपील किया कि मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट का लोग अनुपालन करें और त्योहार को शांति व सद्भाव के साथ मनाएं. इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी चंद्रशेखर कुमार ने कहा कि बिजली तार को लेकर जनप्रतिनिधि व आम नागरिक चौकन्ना रहें.



### शत प्रतिशत मतदान करें सुनिश्चित : उपायुक्त

**रामगढ़।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चंदन कुमार ने शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने की अपील की. उन्होंने कहा कि 14 लोकसभा क्षेत्र के लिए 20 मई को होने वाले मतदान में अपने मताधिकार का प्रयोग जरूर करें. अगर किसी कारणवश अब तक कोई व्यक्ति अपना वोटर आईडी कार्ड नहीं बनवा पाया है तो वे तुरंत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बनाए गए "वोटर हेल्पलाइन एप" को डाउनलोड कर एप के माध्यम से प्रपत्र छह भर सकते हैं अथवा अपने बीएलओ से संपर्क कर सकते हैं. गौरतलब है कि 20 मई को होने वाले मतदान के मद्देनजर कोई भी व्यक्ति नामांकन की आखिरी तिथि से 10 दिन पूर्व यानी 24 अप्रैल तक संबंधित क्षेत्र के मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करवा सकता है.

# रामनवमी को लेकर निगम ने क्यूआरटी का गठन किया

**संवाददाता। हजारीबाग**

नगर आयुक्त शैलेंद्र कुमार लाल ने अप्रैल माह में होने वाले रामनवमी, ईद, चैती छठ एवं सरहुल पर्व को देखते हुए निगम के पदाधिकारियों, जमादार के साथ बैठक की. इसमें उप नगर आयुक्त ज्योति सिंह, सहायक नगर आयुक्त अनिल पांडेय, बिपिन कुमार, नगर प्रबंधक राजीव रंजन तथा अन्य उपस्थित थे.

बैठक में सफाई, सड़क पर पड़े सीएंडडी वेस्ट, जुलूस मार्ग पर पानी, शौचालय इत्यादि की उपलब्धता से संबंधित समीक्षा की गई. नगर आयुक्त ने वार्ड जमादारों को जुलूस मार्ग एवं सभी स्थानों पर युद्ध स्तर पर सफाई कराने का निर्देश दिया. सभी धार्मिक स्थल के पास एवं सरहुल मैदान की सफाई करवाने का निर्देश दिया गया. सड़क पर पड़े सीएंडडी वेस्ट को तत्काल हटाने का निर्देश दिया गया. साथ ही नगर वासियों से अनुरोध है कि अगर उन्होंने सड़क पर ईंट, गिट्टी आदि डंप कर रखा है तो वे स्वयं हटा लें. नहीं तो नगर निगम एवं जिला की संयुक्त टीम द्वारा अतिक्रमण हटाया जाएगा एवं आर्थिक दंड आरोपित किया जाएगा. नगर आयुक्त हजारीबाग नगर निगम द्वारा पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या के निस्पादन के लिए क्यूआरटी टीम गठित किया गया है. जुलूस मार्ग में आवश्यकतानुसार चलंत शौचालय उपलब्ध कराया जाएगा. हेड जमादार दीपक कुमार को चैती पर्व को देखते हुए निगम क्षेत्रान्तर्गत अवस्थित तालाब, नदियों को छठ व्रतियों के लिए पूर्णरूप से सफाई कराने का निर्देश दिया गया.

### विभावि ने 37वें अंतर विश्वविद्यालय युवा महोत्सव में कई पुरस्कार जीते

# विभावि को मिला तीसरा स्थान

**संवाददाता। हजारीबाग**

विनोबा भावे विश्वविद्यालय (विभावि) ने 37वें अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय राष्ट्रीय युवा महोत्सव 2024 में कई पुरस्कार जीते. पंजाब कृषि विश्वविद्यालय, लुधियाना की मेजबानी में तथा भारतीय विश्वविद्यालय संघ की देखरेख में 28 मार्च से एक अप्रैल तक आयोजित इस महोत्सव में विनोबा भावे विश्वविद्यालय ने हर विधा में अपनी उत्कृष्ट प्रस्तुति से सब का मन मोह लिया है. वहीं झारखंड की कला एवं संस्कृति की ताकत का प्रदर्शन भी किया. विभावि दल के प्रबंधक एवं मानव विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ जॉनी रुफिना तिर्की ने बताया की विभावि को बहू प्रतिष्ठित सांस्कृतिक शोभायात्रा में तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है.

उन्होंने आगे बताया कि विश्वविद्यालय को लोक नृत्य में दूसरा स्थान, वाद-विवाद में तीसरा स्थान, प्रहसन में तीसरा स्थान तथा मूक अभिनय में तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है. यह बहुत बड़ी उपलब्धि है. बताया कि ललित कला के अंतर्गत आने वाले विधा मेहंदी में प्रथम स्थान, इंस्टॉलेशन में प्रथम स्थान तथा रंगोली में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है. ज्ञात हो कि कि यह युवा महोत्सव कई चरणों में आयोजित किया जाता है. पहले भारत को कई क्षेत्रों में बांटा जाता है. उन सभी क्षेत्रों में अंतर विश्वविद्यालय क्षेत्रीय युवा महोत्सव आयोजित किए जाते हैं. इन सभी क्षेत्र के जो विजेता होते हैं उन्हें ही राष्ट्रीय युवा महोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होता है. ऐसे में अखिल भारतीय स्तर पर प्रथम, द्वितीय या तृतीय स्थान प्राप्त कर लेना बहुत बड़ी उपलब्धि है. इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय की कुलपति सुमन कैथरीन किसपोट्टा, वित्त परामर्शी सुनील कुमार सिंह, छात्र कल्याण संकाय अध्यक्ष प्रोफेसर मिथिलेश कुमार सिंह, संकाय अध्यक्ष विभागअध्यक्ष, पदाधिकारी प्राचार्य एवं शिक्षकगण ने विभावि दल को बधाई दी.



### छह लाख वोटों से मनीष जायसवाल को जिताएं : समरी लाल

**रामगढ़।** भाजपा के रामगढ़ विधानसभा स्तरीय बूथ अध्यक्ष, शक्ति केन्द्र प्रभारियों, जिला स्तर के कार्यकर्ताओं की संगठनात्मक बैठक हुई. बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता और संचालन रणजीत पाण्डे ने किया. मुख्य अतिथि के रुप में कांके विधायक समरीलाल मौजूद थे. विधायक समरीलाल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हजारीबाग लोकसभा से छह लाख मतों से मनीष जायसवाल को जीत दिलाएं. उन्होंने जीत का मंत्र पार्टी कार्यकर्ताओं को दिया. कहा कि रामलीला मैदान मे गठबंधन के नेता एक साथ इकट्ठे हुए. समरी लाल ने आरोप लगाया कि उन्होंने देश को लूटा है. जब कानून ने शिकंजा कसा तो सारे चोर लुटेरे इकट्ठा होकर बिलबिला रहे हैं. मौके पर रामगढ़ विधानसभा के चुनाव संचालन समिति के अध्यक्ष चंद्रशेखर चौधरी, विजय जायसवाल, रंजन फौजी, आनन्द बेदिया मौजूद थे.

# कांग्रेस का भाजपा के खिलाफ प्रदर्शन

**संवाददाता। हजारीबाग**

कांग्रेस ने सोमवार को भाजपा के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया. अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के महासचिव केसी वेणुगोपाल के निर्देशानुसार व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के आदेशानुसार लोस चुनाव के बीच पार्टी पर टैक्स आतंकवाद थोपने को लेकर जिला मुख्यालय से झंडा चौक तक विरोध प्रदर्शन और जुलूस निकाला गया. इसका नेतृत्व ज़िला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव ने किया. विरोध प्रदर्शन में मुख्य रुप से हज़ारीबाग़ लोकसभा प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल व बरही विधायक उमाशंकर अकेला यादव ने भी भाग लिया.

कांग्रेस के जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र ने कहा कि भाजपा द्वारा भारतीय लोकतंत्र को खत्म करने की व्यवस्थित प्रकिया खतरनाक गति से आगे बढ़ाई जा रही है. पिछले फरवरी महीने में राष्ट्रीय विपक्षी दल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के बैंक खातों को फ्रीज करने का एक अवैध प्रयास चुनाव से ठीक पहले तक की है. 28 मार्च को आयकर विभाग द्वारा भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस को 1823.08 करोड रुपये का भुगतान करने के लिए एक नया नोटिस दिया गया है. पहले ही आयकर विभाग ने हमारे बैंक खातों से 135 करोड़ रुपये जबरन निकाल लिए हैं. अब यह बिल्कुल स्पष्ट हो चुका है कि आयकर विभाग कांग्रेस के खिलाफ अवैध और लोकतांत्रिक कार्रवाई को पूर्व-नियोजित तरीके से आगे बढ़ा रही है.

इस अवसर पर जय प्रकाश भाई पटेल ने कहा कि आयकर विभाग द्वारा कांग्रेस पार्टी के ऊपर आधारहीन एवं निर्मित आधारों पर हजारों करोड़ों रुपए का कर आरोपित करते हुए पिछले आठ सालों के आयकर रिटर्न को फिर से खोल दिया गया है. बरही के विधायक उमाशंकर अकेला यादव ने कांग्रेस पार्टी के बैंक खातों को फ्रिज किए जाने के मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा. आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री की ओर से कांग्रेस को आर्थिक रूप से पंगु बनाने का सुनियोजित प्रयास किया जा रहा है. कहा कि लोकसभा चुनाव में समान अवसर सुनिश्चित करने के लिए कांग्रेस को उसके बैंक खातों के इस्तेमाल की अनुमति दी जानी चाहिए.



### पड़ोसी और उसका परिवार उनकी जमीन पर खूंटा-डंडा गाड़कर प्लास्टर करना चाहता था

# मारपीट में घायल महिला की इलाज के दौरान मौत

**संवाददाता । हजारीबाग**

जिले में आपसी विवाद में दो पक्षों में मारपीट हो गयी. इसमें एक महिला की मौत हो गयी, जबकि चार लोग घायल हो गए. पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया. मामला कटकमसांडी पेलावल ओपी क्षेत्र का है, जहां रोमी अलगड़िहा गांव में आपसी विवाद में मारपीट हुई. इसमें दो महिला समेत पांच लोग घायल हो गए. इनमें एक महिला की इलाज के दौरान मौत हो गयी.

मृतका का नाम नसीमा बानो है. पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है. अन्य की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है. बताया जा रहा है कि दीवार का प्लास्टर करने को लेकर विवाद हुआ और मारपीट हुई. मृतका की पुत्री तबस्सुम यास्मीन ने बताया कि घर के प्लास्टर को लेकर विवाद हुआ और मारपीट की घटना घटी. पड़ोसी मुजाहिद और उसका परिवार जबरन उनकी जमीन पर खूंटा-डंडा गाड़कर प्लास्टर करना चाहता था. इसका विरोध करने पर रविवार शाम अचानक 20-25 लोग घर में हरवे-हथियार से लैस होकर घुस गए और मारपीट की घटना को अंजाम दिया. इसमें पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गये. इलाज के दौरान मां नसीमा की मौत हो गयी. बताया कि हमलोग मूल रूप से इचाक गांव के रहनेवाले हैं. रोमी में 2015 में जमीन खरीदी थी. 2017 से घर बनाकर रह रहे हैं, जबकि विवादित पक्ष के लोग चतरा जिले के पथलगड़ा गांव के रहनेवाले हैं. वे भी 2015-16 से घर बनाकर रह रहे हैं.

विवादित पक्ष के लोगों ने अपनी पूरी जमीन पर घर बना लिया है. वे उनकी जमीन की ओर से प्लास्टर व अन्य काम करना चाहते थे और हमेशा विवाद किया करते थे. मना करने पर जानलेवा हमला कर दिया. घायलों में अब्दुल कादिर बक्स (60 वर्ष), नसीमा बानो (55 वर्ष), पति अब्दुल कादिर बक्स, इनके दो पुत्र और एक पुत्री फिरदौश केशर (32 वर्ष), सरफराज केशर (28 वर्ष) व पुत्री तरन्नूम साहिन (30 वर्ष) शामिल हैं. इनमें इलाज के दौरान नसीमा की मौत शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में हो गयी. अन्य घायलों का इलाज चल रहा है. शव को पेलावल ओपी पुलिस ने कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया. इस मामले में मुजाहिद, मुजाहिद की पत्नी, मुजाहिद के पुत्र डॉक्टर, डॉक्टर की पत्नी, गोल्डन, गोल्डन की पत्नी, मुजाहिद की तीन पुत्री, उनके दामाद, डॉक्टर का शाला, बबली अंसारी, सोनी खातून, गुड़िया खातून समेत 20-25 अज्ञात लोगों को आरोपी बनाया गया है. इसे लेकर पेलावल ओपी में कटकमसांडी थाना में मारपीट व हत्या का मामला दर्ज कराया गया है. इसमें दो आरोपी को पुलिस त्वरित करवाई करते हुए गिरफ्तार कर लिया है. गिरफ्तार आरोपी में गोल्डेन और डॉक्टर का नाम शामिल है. पुलिस अन्य आरोपियों को गिरफ्तारी के लिए छापामारी अभियान चला रही है.



**आपसी विवाद**

- 20-25 लोग घर में हरवे-हथियार से लैस होकर घुस गए
- इस मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार
- मारपीट में दो महिला समेत पांच लोग घायल हो गए

# लिवर में अधिक फैट जमा होता है तो सूजन हो जाती है: डॉ रॉय

**संवाददाता । हजारीबाग**

हजारीबाग छठ तलाब पानी टंकी रोड में शिव शक्ति सेवा सदन में फ्री जांच शिविर का आयोजन हुआ. इसका आयोजन हिमालय वेल्नस कंपनी के मुख्य व्यवसाय प्रबंधक विश्वजीत कुमार सिंह के द्वारा लगाया गया. जिसमें एमडी डॉ कौशिक रॉय व उनकी टीम के द्वारा मरीजों का यकृत फंक्शन जांच के बाद ब्लड सैंपल लिया गया.

लगभग 50 से अधिक मरीजों ने शिविर का लाभ उठाया. बताया गया कि सभी मरीजों का नाम, पता व मोबाइल नंबर रजिस्टर्ड किया गया है. इनके मोबाइल पर सीधा रिपोर्ट भेज दिया जाएगा. रिपोर्ट के अनुसार मरीजों को दवा दी जाएगी. वह भी निःशुल्क होगी. विश्वजीत ने बताया कि आज के समय में लोग खान पान को लेकर अपने सहरी पर ध्यान नहीं दे रहे हैं. ब्लड सैंपल के जरिए पता लगाया जाता है कि आपके शरीर मे लिवर किस प्रकार कार्य कर रहा है. इस संबंध में एमडी डॉ कौशिक रॉय ने फैटी लिवर के बारे मे बताया कि यदि लिवर में बहुत अधिक फैट जमा हो जाता है, तो लिवर में सूजन होने लगती है. इससे लिवर में असामान्य फैट जमा होने लगता है. कहा कि इससे भारत में लगभग 20% से 40% लोग प्रभावित हैं. आमतौर पर कोई लक्षण नहीं होने के कारण, यह अक्सर गलती से पकड़ में आता है.





## राशिफल

आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** समय बहुत ही अनुकूल है. धर्म-कर्म में मन लगेगा. स्वास्थ्य की चिंता समाप्त होगी. निवास संबंधी समस्या रह सकती है. कुसंगति से बचें. कर्ज लेना पड़ सकता है. वस्तुएं संभालकर रखें. व्यर्थ मामलों में उलझना पड़ सकता है.

**वृषभ** किसी से वैचारिक मतभेद हो सकता है. सोचे कार्यों में सफलता मिलेगी. अवसरों को न जाने दें. परिवार के सदस्यों से मतभेद हो सकते हैं. लेनदारी वसूल होगी. व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी. व्यवसाय ठीक चलेगा.

**मिथुन** किसी से विवाद हो सकता है. आजीविका संबंधी चिंता का समाधान होगा. ईश्वर के प्रति आस्था बढ़ेगी. नई योजना बनेगी. मान-सम्मान मिलेगा. कार्यसिद्धि होगी. आपके कार्यकुशलता से व्यवसाय ठीक चलेगा.

**कर्क** धन का आगमन होगा. कार्य में तरक्की की संभावना बढ़ेगी. रुका पैसा मिलेगा. पूजा-पाठ में मन लगेगा. कोर्ट व कचहरी के कार्य बनेंगे. लाभ के अवसर हाथ आएंगे. घर-बाहर तनाव रहेगा. व्यापार में लाभप्रद होगा.

**सिंह** शिक्षा में बदलाव होने की संभावना है. प्रापर्टी के विवाद हल होंगे. आजीविका में आने वाली रुकावटें दूर होने के योग हैं. यात्रा में सावधानी रखें. वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें.

**कन्या** संतान के कार्यों से असंतोष रहेगा. मित्रों से अनबन होगी. सामाजिक सम्मान में कमी आएगी. वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है. कोर्ट व कचहरी के कार्य बनेंगे. शारीरिक कष्ट संभव है. गणेश जी को लड्डू का भोग लगावें.

**तुला** आर्थिक स्थिति संतोषप्रद रह सकेगी. आशा-निराशा की स्थिति रहेगी. अपने खर्च, लेन-देन पर नियंत्रण रखें. ऐश्वर्य पर खर्च होगा. भूमि व भवन संबंधी बाधा दूर होगी. रोजगार मिलेगा. पुराने मित्र से मुलाकात होगा. मंदिर में झाड़ू दान करें.

**वृश्चिक** विरोधियों पर विजय और रुके धन की प्राप्ति हो सकती है. शिक्षा के क्षेत्र में वांछनीय प्रगति होगी. पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा. विद्यार्थी वर्ग सफल रहेगा. लेन-देन में सावधानी रखें. संकट-मोचन का पाठ करें.

**धनु** समय सामान्य है. दुःखद समाचार मिल सकता है. विवाद न करें. मेहनत अधिक, लाभ कम होगा. काम-धंधे की चिंता से मन उदास होगा. परिवार में कलह, क्लेश का माहौल रहेगा. सतर्कता रखें. गाय को केला दे.

**मकर** आय के लिए दिन बहुत ही अच्छा है. कोई बड़ी प्रयास सफल रहेंगे. मान-सम्मान मिलेगा. व्यवसाय ठीक चलेगा. पैतृक संपत्ति के क्षेत्र में उन्नति होगी. विभिन्न स्रोतों से धन लाभ होने के योग हैं. जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं.

**कुंभ** शुभ समाचार मिलेंगे. मान बढ़ेगा. धनार्जन होगा. दूसरों के झगड़ों में न पड़ें. अध्यात्म और विज्ञान में रुचि बढ़ेगी. नौकरी, राजनीति के क्षेत्र में भाग्योदय की संभावना है. घर में मांगलिक आयोजन होंगे.

**मीन** सरकारी कार्य मे गति मिलने से मन खुश होगा. वाहन की गति पर नियंत्रण रखना जरूरी है. आर्थिक उन्नति संबंधी शुभ समाचार प्राप्त होंगे. साझेदारी व्यवसाय में इच्छित लाभ के योग बनेंगे. मंदिर में जल का दान करें.

## मतभेद भूलकर कार्यकर्ता देश हित में बढ़ाएं वोट प्रतिशत : सुदर्शन भगत



संवाददाता। गुमला

भाजपा के एक दिन-एक विधानसभा प्रवास अभियान के तहत गुमला विधानसभा का बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन रविवार को गुमला बस स्टैंड स्थित शौंडिक धर्मशाला में संपन्न हुई. सांसद सुदर्शन भगत ने अब की बार 400 पार के संकल्प को साकार करने के लिए सभी बूथों पर 20 प्रतिशत वोट प्रतिशत बढ़ाने के लिए कार्यकर्ताओं से आह्वान किया. उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता सारे मतभेदों को भूलकर देश हित में काम करने और नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए वोट करें और कराने की अपील करें. जिला भाजपा के अध्यक्ष शिव प्रसाद साहू ने मंच मोर्चा के संयोजक, शक्ति केंद्र, बूथ अयध्क्ष आदि से अबतक के हुए कार्यों की समीक्षा की. उन्होंने बूथ समिति एवं पन्ना प्रमुखों को बैठक कर वोट प्रतिशत बढ़ाने के लिए विशेष रणनीति बनाने का अनुरोध किया. कार्यक्रम को पूर्व जिला अध्यक्ष सविंद्र सिंह, पूर्व विधायक कमलेश उरांव, जिला परिषद उपाध्यक्ष संयुक्ता देवी आदि ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए और अपना बूथ सबसे मजबूत का कार्यकर्ताओं को टिप्स दिए। जिला महामंत्री मिसिर कुजूर एवं सत्यनारायण पटेल ने कार्यक्रम का संचाजन किया और नगर अध्यक्ष बालकेश्वर सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन किया. कार्यक्रम में जिलामंत्री जग नारायण सिंह, गौरी किंडो, संजय कुमार साहू, रविंद्र सिन्हा, खुशमन नायक, राधेश्याम कुशवाहा, दिनेश सिंह, मनोहर बड़ाइक, कामेश्वर साय, महेंद्र भगत, गजाधर सिंह, संदीप प्रसाद विनोद कुमार संतोष सिंह, दामोदर कसेरा दिनेश्वर साहू सावित्री मेहता, सोनमणि उरांव, सोनी देवी अनिता मेहता, राजेश्वरी देवी, हेमलता यादव, ललिता देवी आदि उपस्थित थे.

### शुभम संदेश और लगातार.इन की पहल : क्या कहते हैं फर्स्ट टाइम वोटर...

# युवाओं के मुद्दों का हल करनेवाली नीतियां बनायीं जाएं


संवाददाता। रांची

लोकसभा 2024 चुनाव का बिगुल बज चुका है. झारखंड में 22,33,738 युवा लोकसभा चुनाव में पहली बार वोट करेंगे, जिनमें 10,93,718 पुरुष, 11,39,960 महिला और 60 ट्रांस जेंडर शामिल हैं. आम चुनाव को लेकर राज्य के फर्स्ट टाइम वोटरों में जबरदस्त उत्साह है. एक-तरफ अलग-अलग राजनीतिक




पार्टियां युवा मतदाताओं को रिझाने की कवायद में जुट गई हैं, तो वहीं दूसरी तरफ 18 या इससे अधिक वर्ष के युवा मतदाता देश व राज्य के विकास और अपने उज्जवल भविष्य को लेकर 2024 के चुनाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की सोच रहे हैं. युवा वोटरों की क्या है राय. फर्स्ट टाइम वोटर के तौर किस मुद्दे पर करेंगे अपना पहला मतदान. आइए जानते हैं.

### जो भी आए वह विकास के नाम पर बसे हुए लोगों को उजारे नहीं : हरीश कुमार




जो भी सरकार आए वह विकास के नाम पर बसे हुए लोगों को उजारे नहीं. गरीब अपनी वर्षों की मेहनत से अपना आशियाना बनाते हैं और सरकार कुछ मिनटों में उन्हें बेघर कर देते हैं. सरकार को इस मामले में संवेदनशील होना चाहिए. वहीं नई सरकार को विकराल होती जा रही बेरोजगारी की समस्या को दूर करना चाहिए. युवा पढ़-लिखकर भटकने को मजबूर हैं. सरकार को युवाओं के लिए नौकरी का प्रबंध प्राथमिकता के आधार पर करना चाहिए.

### मौका है समाज व देश के भविष्य के निर्माण में सहयोग करने का : निशांत




युवा वोटर्स के लिए पहली बार मतदान करना एक महत्वपूर्ण और उत्साहजनक पल होता है। यह न केवल उनके लिए एक सामाजिक दायित्व है, बल्कि एक महत्वपूर्ण अधिकार भी। यह मौका है उन्हें अपने समाज और देश के भविष्य के निर्माण में सहयोग करने का। मैं उत्साहित हूं कि इस महत्वपूर्ण कर्तव्य का निर्वहन करने के लिए और अपने मतदान के माध्यम से सकारात्मक परिवर्तन का प्रयास करूंगा.

### युवाओं को इस महापर्व में बढ़-चढ़ कर भाग लेना चाहिए: पंकज मिश्रा




मतदान अपनी पसंद की सरकार चुनने का मौका होता है। इसको लेकर हर वोटर को उत्साहित होना चाहिए. युवा वोटर्स को मतदान के महत्व को समझना चाहिए. पहली बार मतदान करने वाले युवाओं को इसके बारे में जागरूक करने की जरूरत है. युवा इसके माध्यम से समाज और देश के सर्वांगीण विकास में अपना योगदान कर सकता . सभी युवाओं को लोकतंत्र के इस महापर्व में बढ़-चढ़ कर भाग लेना चाहिए.

### विकास के लिए मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए: सोनू कुमार पटेल



समाज और देश के सर्वांगीण विकास के लिए हर मतदाता को अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए. अपनी पसंद की सरकार चुनने के लिए यह जरूरी है. नई सरकार को प्राथमिकता के आधार पर बेरोजगारी की समस्या को दूर करना चाहिए. आज के उच्च शिक्षित युवा भी रोजगार के लिए दर-दर भटकने के लिए मजबूर हैं. जो भी सरकार बने वह युवाओं को केंद्र में रखकर नीति बनाए.

### सरकार युवाओं की परेशानी को प्राथमिकता से दूर करने वाली हो : मुन्ना




नई सरकार युवाओं की परेशानी को दूर करने वाली हो. आज पूरी दुनिया में सबसे अधिक युवा भारत में है. युवाओं को रोजगार से जोड़कर देश को विकसित बनाया जा सकता है. ऐसे में आगामी सरकार को रोजगार सृजन पर विशेष ध्यान देने वाली हो. इसके साथ ही उच्च शिक्षा को गरीब युवाओं की पहुंच में लाने की जरूरत है. सरकार को इस पर भी विशेष ध्यान देने की जरूरत है.

### मताधिकार का प्रयोग कर सरकार चुनने में युवा अपनी भूमिका निभाएं: अजाज



साल 2000 की 15 नवंबर को बिहार का बंटवारा हुआ और एक नए राज्य झारखंड का जन्म हुआ. तब केंद्र में अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार थी. इस बात को बीते करीब 24 साल गुज़र गए हैं. केंद्र में अब नरेंद्र मोदी की सरकार है. देश में लोकसभा चुनाव होने हैं. झारखंड की राजनीतिक तासीर दूसरे राज्यों से अलग है.

### सरकार ऐसी हो जो हर वर्ग को संतुष्ट करने का प्रयास करे: विष्णु कुमार दुबे




झारखंड में भाषा भी हर सौ किलोमीटर पर बदल जाती है. मसलन, पश्चिम बंगाल से लगे झारखंड के इलाकों की बोली में बंगाली का मिश्रण है. इसी तरह ओडिशा से लगे हुए इलाके का भी अलग मिजाज दिखता है, तो बिहार से लगे हुए इलाकों पर बिहारी संस्कृति हावी रही है. आदिवासियों में भी अलग-अलग संस्कृतियां देखने को मिलती हैं.

### मेरा वोट उसे मिलेगा जो देश के विकास को समर्पित होगी: उज्जवल



मेरा वोट उस पार्टी और गठबंधन को मिलेगा जो समाज और देश के विकास को समर्पित होगी. मेरे गांव को देखा जाए तो यह विकास से कोसों दूर है। विकास के लिए सबसे जरूरी कनेक्टिविटी. इसके बिना विकास की कल्पना नहीं की जा सकती है. ऐसे में नई सरकार की पहली प्राथमिकता सड़क होनी चाहिए.

### नए वोटर को रोजगार देने वाली सरकार को चुनना चाहिए : भागीरथी



आगामी लोकसभा चुनाव में नए मतदाताओं को रोजगार देने वाली सरकार को चुनना चाहिए. ऐसे प्रत्याशी को वोट देना चाहिए जो युवाओं के हित में संसद में आवाज उठा सके. आगामी सरकार को युवाओं के मुद्दों पर काम करना चाहिए. नई सरकार को यह समझने की जरूरत है कि इसके बिना देश को विकसित बनाने का दावा दावा ही रह जाएगा. युवाओं को मतदान के दिन बड़ी संख्या में घर से निकल कर लोकतंत्र के महापर्व में भाग लेना चाहिए.

### उम्मीद करते हैं कि आने वाली सरकार जन सरोकार पर ध्यान देगी : काजल कुमारी



देश में आम चुनाव का बिगुल बज चुका है. मतदान को लेकर हम काफी उत्साहित हैं. मतदान करना हमारा धर्म और कर्तव्य है . लेकिन आज कल मतदान का अर्थ बदलता जा रहा है . जिस आशा और उम्मीद के साथ अपने मत का प्रयोग कर अपने जनप्रतिनिधि का चुनाव करते हैं उसका सार्थक नतीजा नहीं मिलता है. हम उम्मीद करते हैं कि आने वाली सरकार जन सरोकार पर ध्यान देगी और संवेदनशील होगी.

### सामाजिक समानता, रोजगार देने वाली हो सरकार: निशांत कुमार



हम अपना पहला वोट उस प्रत्याशी व पार्टी को देंगे जो सामाजिक समानता, रोजगार के अवसर, शिक्षा सेवाओं की गुणवत्ता, किसानों के हित में योजनाएं, स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच, इंफ्रास्ट्रक्चर के आधुनिकीकरण और विस्तार के लिए योजनाएं, उद्योगों और व्यापार में निवेश को बढ़ावा देने के लिए नीतियों का संशोधन, प्रदूषण कंट्रोल और वन्यजीव अधिकारों का संरक्षण, विज्ञान, प्रौद्योगिकी विकास को गति देंगे.

### सरकार को बेरोजगारी दूर करने के लिए काम करना चाहिए: प्रशांत सिंह



गैर टिस्को क्षेत्रों में रांची और जमशेदपुर जैसे शहरों में खराब परिधीय सड़कें हैं. सड़कें चौड़ी नहीं हैं और गड्ढों से भी भरी हैं. नागरिक अधिकारियों को इस पर गौर करने की जरूरत है. आगामी चुनाव में इन मुद्दों को ध्यान में रखकर मतदान किया जाएगा. हम वैसी पार्टी और गठबंधन को वोट देंगे जो जिन मुद्दों और घोषणाओं को लेकर चुनाव में उतरती हैं उनपर ध्यान देती हैं.

### शिक्षा को गरीब युवाओं की पहुंच में लाने वाली सरकार की जरूरत : लव कुमार



नई सरकार को ध्यान देना चाहिए कि गरीबों का पैसा सहारा इंडिया में फंसा हुआ है. इसको लेकर प्राथमिकता के आधार पर काम करना होगा. सरकार युवाओं की परेशानी को दूर करने वाली हो. आज पूरी दुनिया में सबसे अधिक युवा भारत में है. युवाओं को रोजगार से जोड़कर देश को विकसित बनाया जा सकता है.

### नए मतदाताओं को भविष्य को सुरक्षित करने वाली सरकार चुननी चाहिए : रोहित



मैं पहली बार 2024 लोकसभा का चुनाव दूंगा, जो हमारे लिए ऐतिहासिक दिन होगा. मैं बचपन से ही सोचता था लोग वोट कैसे देते हैं, कैसे अपने लिए सरकार चुनते हैं. पहली बार मैं अपने मत से अपने लिए सरकार को चुंग जो हमारे लिए नियम कानून बनाती हैं. आगामी सरकार को रोजगार सृजन पर विशेष ध्यान देने वाली हो.

### आने वाली सरकार जन सरोकार पर ध्यान देने वाली हो : रामानंद



भारतीय जनता पार्टी सबसे ज्यादा वोटों से जीत कर देश को आगे ले जाएगी. आगामी सरकार को निजी के साथ सरकारी नौकरी पर भी ध्यान देना चाहिए. नई सरकार को यह समझने की जरूरत है कि इसके बिना देश को विकसित बनाने का दावा ही रह जाएगा. युवाओं को मतदान के दिन बड़ी संख्या में घर से निकल कर लोकतंत्र के महापर्व में भाग लेकर सरकार चुनने का काम करना चाहिए.

### सरकार को क्षेत्र का विकास करना चाहिए : मोहम्मद मोबिन



वोट आम जनता का अधिकार है लेकिन वोट देकर हम जिस पार्टी को विजय बनाते हैं वही पार्टी जनता के अधिकारों का हनन करती है, सभी राजनीतिक दलों को शर्म आनी चाहिए. राजनीतिक दलों को क्षेत्र का विकास करना चाहिए , बेरोजगार को रोजगार के साथ जोड़ने पर जोर देना चाहिए. शिक्षा पर विशेष ध्यान देना चाहिए.

## गिरिडीह में 32 लाख का गांजा और महुआ के साथ चार गिरफ्तार



संवाददाता। गिरिडीह

जिला पुलिस ने करीब 12 लाख कीमत के बीस किलो गांजा और बीस लाख मूल्य के महुआ को बरामद किया है. साथ की पुलिस ने कार्रवाई करते हुए ट्रक चालक समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया है. जिनमें मुर्तजा अंसारी, मो. दानिश, गुप्तेश्वर साव और एक ट्रक ड्राइवर शामिल है. इस इस संबंध में गिरिडीह एसपी दीपक शर्मा ने बताया कि मुफ्फसिल थाना क्षेत्र कबरीबाद में कुछ लोगो द्वारा गांजा अवैध तस्करी और परिवाहन किया जा रहा है. जिसके बाद पुलिस की टीम ने वाहन चेकिंग अभियान चलाया. इस दौरान एक कार को रोक कर जांच की गई और गांजा बरामद किया गया. जिसके बाद पुलिस की टीम ने गुप्तेश्वर साव उर्फ गुप्ता साव के घर में छापेमारी की थी. छापेमारी के क्रम में इनके घर के बेड रूम में पलंग के नीचे छुपाकर रखे 18 किलो गांजा को बरामद किया गया.

### 20 लाख का जावा महुआ जब्त, चालक गिरफ्तार

लोकसभा चुनाव को लेकर जारी सक्रियता के बीच एसपी को मिले गुप्त सूचना के आधार पर बेंगाबाद थाना पुलिस ने महूआर रोड के समीप पोने 36 किलो जावा महुआ जब्त किया है. जावा महुआ का बाजार और सरकारी मूल्य 20 लाख के करीब आंका जा रहा है. जिसके बाद पुलिस ने ट्रक चालक को गिरफ्तार कर लिया.

## ट्रेलर से कुचल जाने पर बच्ची की मौत, विरोध में दो घंटे सड़क जाम रही

**गुमला ।** रांची सिमडेगा मुख्य सड़क पर बसिया देवी गुड़ी चौक के पास ट्रेलर के चपेट में आने से छह वर्षीय नंदनी कुमारी की मौत हो गई. बिरसा लोहरा की छह वर्षीय बच्ची रविवार की शाम सड़क पार कर रही थी, तभी सिमडेगा की ओर से रांची जा रही तेज रफ्तार ट्रेलर ने बच्ची को कुचल दिया और घसीटते हुए लगभग सौ मीटर तक ले गई. सड़क हादसे के बाद घटना स्थल पर कोहराम मच गया. परिजन जोर-जोर से रोने लगे. आक्रोशित ग्रामीणों ने शाम साढे चार बजे खूंटी सिमडेगा रोड को जाम कर दिया, जिस कारण जाम से दोनों ओर वाहनों की लंबी लाइन लग गई, जिसके कारण यात्री वाहनों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा. इसके बाद मौके पर थाना प्रभारी पुनीत मिंज,सीओ नरेश मुंडा, इंस्पेक्टर जितेंद्र राम पहुंचे और लोगों को समझाया. प्रशासन की ओर से बच्ची के अंतिम क्रिया के लिए दस हजार रुपये परिजनों को दिए गए.

### बच्चों को गुरुसिंधु फॉल घुमाने ले गये थे शिक्षक

# शिक्षक की लापरवाही से पत्रकार के बेटे की मौत

संवाददाता ।गढ़वा



सदर अस्पताल में लगी भीड़ .



प्रत्युष कुमार तिवारी.

ट्यूशन शिक्षक की लापरवाही से पत्रकार के बेटे की गुरुसिंधु फॉल में डूबने से मौत हो गई. घटना सोमवार दोपहर की है. जानकारी के अनुसार शहर के सहिजना मोहल्ला निवासी पत्रकार प्रिंस धीरज का पुत्र प्रत्युष कुमार तिवारी शहर के संत पॉल स्कूल के 10वीं कक्षा का छात्र था और स्कूल के ही शिक्षक सतीश डुंगडुंग के पास ट्यूशन पढ़ता था. सोमवार को शिक्षक अपने ट्यूशन के 19 छात्र-छात्राओं को लेकर चिनिया स्थित गुरुसिंधू फॉल घूमाने गए थे. इस दौरान शिक्षक ने लापवाही बरती, जिसके कारण कई छात्र नहाते-नहाते गहरे पानी में चले गए. गहरे पानी में जाने के कारण प्रत्युष डूब गया. शिक्षक सतीश ने बताया कि तीन बच्चे गहरे पानी में नहाने गए थे, जिसमें दो अन्य छात्रों को डूबने से बचा लिया गया. सतीश ने बताया कि गहरे पानी में चले जाने के कारण प्रत्युष को निकालने में देरी हो गई, जिसके बाद उसे चिनियां अस्पताल ले जाया गया. जहां से सदर अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया गया. सदर अस्पताल में चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया. सदर अस्पताल में अंत्य परीक्षण के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया. प्रत्युष का अंतिम संस्कार जिले के डंडई प्रखंड अंतर्गत टोरी कला गांव स्थित पैतृक गांव में किया जाएगा. घटना की सूचना मिलने के बाद सांसद विष्णु दयाल राम, भाजपा नेता अलखनाथ पांडेय, नगर पंचायत की पूर्व अध्यक्ष झामुमो नेत्री अनीता दत्त सहित कई पत्रकार परिजनों को सांत्वना दिया.

### मृतक के पिता ने कई बार शिक्षक को दी थी हिदायत

पत्रकार धीरज ने बताया कि वह शिक्षक को कई बार हिदायत दिया था कि प्रत्युष को तैरना नहीं आता है. उसे पानी की तरफ नहीं जाने देंगे. जिम्मेवारी के साथ ले कर जायेंगे पर बताया जाता है कि शिक्षक कुछ छात्र-छात्राओं के साथ घूमने में व्यस्त था. उनका ध्यान सभी बच्चों पर नहीं था. बच्चा कब गहरा पानी में चला गया पता नहीं चला.

**राजनीति**

### लोकतंत्र में भागीदारी के लिए सुनैना सिंह किन्नर समुदाय की आवाज बनेंगी

# धनबाद से हेवी वेट उम्मीदवारों के बीच किन्नर भी लड़ेंगी लोस चुनाव

विनीत आभा उपाध्याय। रांची

लोकसभा चुनाव का बिगुल फूंका जा चुका है. चुनाव में हर जाति और समुदाय के लोग अपनी भागीदारी और हिस्सेदारी की बात कर रहे हैं. इस बीच झारखंड में किन्नर यानी ट्रांसजेंडर समुदाय भी अपना हिस्सा मांग रहा है. भले ही झारखंड में किन्नरों की जनसंख्या काफी कम है. इसके बावजूद धनबाद की किन्नर सुनैना सिंह ने अपने समुदाय की आवाज बनने की ठानी है. लोकसभा चुनाव में वो धनबाद से चुनावी मैदान में जोर आजमाइश करती नजर आएंगी.



**जनता को पार्टी मानकर चुनाव मैदान में उतरेंगी :** किन्नर सुनैना सिंह के मुताबिक, आजादी के 75 साल बाद भी ट्रांस समुदाय के सदस्यों से दिन में किनारा किया जाता है. अब तक उनके लिए किसी पार्टी ने कुछ नहीं किया. अपने परिवार के सदस्यों से वर्षों तक उपहास झेलने के बाद भी सुनैना अपने जैसों और मध्यम वर्गीय परिवार के समर्थन से चुनाव मैदान में कूदने जा रही है. राष्ट्रीय दलों के उम्मीदवारों के आगे सुनैना जनता को ही अपनी पार्टी मानकर चुनाव लड़ेंगी. सुनैना कहती हैं कि राजनीति में आने के बाद ज्यादातर लोग भाई-भतीजावाद करते हैं. लेकिन, किन्नरों का कोई भाई-भतीजा नहीं होता, हम हमेशा दूसरों का भला चाहते हैं.

**रखी बात**

- अब तक ट्रांस समुदाय के लिए किसी पार्टी ने कुछ नहीं किया
- किन्नरों का भाई-भतीजा नहीं होता, हम दूसरों का भला चाहते

### वर्ष 2024 में 48,044 थर्ड जेंडर मतदाता रजिस्टर्ड

भारत निर्वाचन आयोग के मुताबिक, वर्ष 2024 में 48,044 थर्ड जेंडर मतदाता रजिस्टर्ड है. वर्ष 2019 में यह संख्या 39,683 थी. वर्ष 2019 में हुए चुनाव में मतदाताओं की कुल संख्या 91.2 करोड़ थी. इनमें 47.34 करोड़ पुरुष, 43.85 करोड़ महिला और 39,075 थर्ड जेंडर मतदाता थे. उम्मीदवारों की कुल संख्या 8,054 थी, जिनमें 7,322 पुरुष और 726 महिला उम्मीदवार थीं. वहीं, थर्ड जेंडर के छह उम्मीदवार थे.

## नेशनल वुशु प्रतियोगिता में झारखंड ने जीते सात पदक



संवाददाता ।रांची

जम्मू के जम्मू यूनिवर्सिटी में सब जूनियर नेशनल वुशु प्रतियोगिता और खेलो इंडिया सब जूनियर /जूनियर वुशु प्रतियोगिता संपन्न हुई.

इस प्रतियोगिता में झारखंड के विभिन्न राज्यों के खिलाड़ियों ने भाग लिया. प्रतियोगिता में झारखंड की वुशु टीम ने कुल सात पदक जीते. झारखंड की ओर से नैयर शान अहमद व श्रेया कुमारी ने कांस्य पदक जीता. उज्जवल पाल ने एक रजत व एक कांस्य पदक जीता.खेलो इंडिया वुशु प्रतियोगिता में कशिश राज व शीतल कुमारी ने सिल्वर और रौशनी कुमारी ने कांस्य पदक जीता. झारखंड दल की इस सफलता पर झारखंड वुशु एसोसिएशन के प्रेसिडेंट प्रदीप वर्मा, चंचल भट्टाचार्य, मिथलेश साहू, डॉ अंशु साहू, शशिकांत पांडे, रजि अहमद आदि ने शुभकामनायें दी.

# विपक्ष की साझा चुनौती

आठ दलों के संयुक्त विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' ने ऐतिहासिक रामलीला मैदान में प्रभावी शक्ति प्रदर्शन करते हुए यह स्पष्ट कर दिया है कि तमाम अगर मगर के बावजूद 2024 का आम चुनाव एकतरफा नहीं होने जा रहा है. लोकतंत्र, संवैधानिक संस्थाओं का बेजा दुरुपयोग बनाम भ्रष्टाचार की लड़ाई में दोनों पक्षों के कमान में मजबूत तीर हैं. इलेक्टोरल बाण्ड्स के भंडाफोड़ ने नरेंद्र मोदी और भाजपा की छवि को प्रभावित किया है, वहीं दूसरी ओर ईडी की कार्रवाइयों और दो-दो मुख्यमंत्रियों की गिरफ्तारियों ने इस बहस को तेज कर दिया है कि विपक्ष पर निशाने का मकसद कुछ और भी है. इसके साथ ही इनकम टैक्स ने कांग्रेस पर जिस तरह से फाइन लगाया है, उससे यह विवाद भी विपक्ष का हथियार बनता प्रतीत होता है, जिस पर टैक्स टेरर के आरोप चस्पां किए जा रहे हैं. चूंकि कार्रवाइयां केवल विपक्ष को निशाने पर ले कर की जा रही हैं, इससे विपक्ष को एक नया नरेटिव बनाने में मदद ही मिल रही है. कहने को तो यह मेगा रैली इंडिया के एक सहयोगी दल आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा कथित शराब घोटाले के आरोप में गिरफ्तारी के खिलाफ आयोजित की गई थी, पर उसके अब कहीं अधिक व्यापक सन्दर्भ, परिप्रेक्ष्य तथा उद्देश्य बन गये हैं. ठीक दो माह पूर्व झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता व झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के बाद केजरीवाल की गिरफ्तारी (21 मार्च) से सम्पूर्ण विपक्ष उद्वेलित हो उठा है. सोरेन ने जहां गिरफ्तार होने के पहले इस्तीफा दे दिया था, तो वहीं केजरीवाल पहले ऐसे व्यक्ति हैं जिन्हें सीएम रहते गिरफ्तार किया गया है. उन्होंने पद छोड़ने से इंकार कर दिया है और वे इस जिम्मेदारी को अब भी सम्भाले हुए हैं. विपक्षी नेताओं को बुरी तरह से कुचला जा रहा है- इस भावना को व्यक्त करने के लिए गठबंधन ने यह रैली आयोजित की थी, जिसमें सभी दलों ने शिरकत कर यह साबित किया कि गठबंधन न केवल एकजुट है, बल्कि इतना मजबूत हो चुका है कि इस चुनाव में भाजपा को कड़ी टक्कर दे सकता है. उत्तर से दक्षिण तथा पूर्व से पश्चिम के सभी राज्यों व क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व कर रहे विभिन्न दलों के तमाम वक्ताओं ने स्पष्ट किया कि वे सभी देश में लोकतंत्र को बचाने के उद्देश्य से एकत्र हुए हैं. तानाशाहीपूर्ण ढंग से शासन चलाने के तरीके तथा विपक्षी दलों को कुचलने की कोशिशों को सभी नेताओं ने जनता के समक्ष रखते हुए देश में लोकतंत्र की बहाली तथा संविधान की रक्षा के महत्व को प्रतिपादित किया. 18 मार्च को मुम्बई के शिवाजी पार्क में आयोजित हुई कामयाब सभा के बाद इंडिया के जो हौसले बढ़े थे, वे इस रैली में नई बुलंदियों का स्पर्श करते दिखे. रैली में अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता तथा हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना की उपस्थिति ने भी बड़ा असर डाला.

> सोरेन ने जहां गिरफ्तार होने के पहले इस्तीफा दे दिया था, तो वहीं केजरीवाल पहले ऐसे व्यक्ति हैं जिन्हें सीएम रहते गिरफ्तार किया गया है. उन्होंने पद छोड़ने से इंकार कर दिया है और वे इस जिम्मेदारी को अब भी सम्भाले हुए हैं.

## सुभाषित

**वश्येन्द्रियं जितात्मानं, धृतदण्डं विकारिषु।**
**परीक्ष्यकारिणं धीरम् अत्यन्तं श्रीर्निषेवते।।**

जिनके वश में इंद्रियां हों, जो स्वयं पर नियंत्रण रखनेवाले हों, दुष्टों को दण्ड देने वाले तथा प्रत्येक कार्य को सोच-विचार कर करने वाले धीर (बुद्धिमान्) पुरुष हों, उनका लक्ष्मी सम्मान करती है.

# जलवायु परिवर्तन दुनिया का संकट

**दुर्लभ खनिजों तक पहुंच सुनिश्चित करके और श्रम और पर्यावरण मानकों की उच्च लागत के बावजूद अपने विनिर्माण उद्योग का पुनर्निर्माण करके. इससे डीग्लोबलाइजेशन या स्थानीयकरण हो सकता है, क्योंकि अधिकांश देश प्राकृतिक संसाधनों, प्रौद्योगिकी और इसके साथ जुड़े ज्ञान के धारक के रूप में अपने लाभ को अधिकतम करने का निर्णय ले सकते हैं. यह भी संभावना है कि प्रौद्योगिकी में ऐसी नई सफलताएं मिलेंगी, जो चीन-प्रभुत्व वाली आपूर्ति श्रृंखला को निरर्थक बना देंगी.**




2024 में हमें एक अलग तरह के वैश्वीकरण के लिए व्यापार नियमों पर फिर से काम करना होगा. यह वैश्विक पश्चिम की अर्थव्यवस्थाओं और जलवायु परिवर्तन के खिलाफ लड़ाई दोनों के लिए समान रूप से महत्वपूर्ण है. कई वर्ष पहले, जब दुनिया जलवायु संकट की संभावना पर चर्चा कर रही थी, उसी समय एक नए व्यापार समझौते पर भी बातचीत शुरू हो रही थी. 1990 की शुरुआत में जब रियो शिखर सम्मेलन में यूएन फ्रेमवर्क कन्वेंशन ऑन क्लाइमेट चेंज पर सहमति हुई तो विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) की भी स्थापना की गई और देशों के बीच मुक्त व्यापार की सुविधा के लिए वैश्विक नियमों पर हस्ताक्षर किए गए. यह सौदा बिल्कुल साफ था. जब कम श्रम लागत और पर्यावरण मानकों वाले देशों में माल का उत्पादन किया जाएगा तो विनिर्माण की लागत कम हो जाएगी. निर्यात अर्थव्यवस्थाएं विकासशील दुनिया में समृद्धि तो लाएंगी ही, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण फायदा समृद्ध दुनिया के उपभोक्ताओं को सस्ती वस्तुओं और सर्विस सेक्टर में वृद्धि से लाभ होगा. 2001 में विश्व व्यापार संगठन में चीन के आगमन के साथ ही एक बड़ा बदलाव आया. बिना कोई ट्रेड यूनियन वाले विशाल कार्यबल के अलावा मामूली पर्यावरणीय सुरक्षा उपाय और एक सत्तावादी सरकार जैसे पहलू चीन के पक्ष में थे. डब्ल्यूटीओ में शामिल होने के बाद कार्बन डाइऑक्साइड (सीओ2) के वैश्विक उत्सर्जन में चीन की हिस्सेदारी 1990 में पांच प्रतिशत से बढ़कर 2019 में 21 प्रतिशत हो गई. व्यापार में तेजी आई, लेकिन वैश्विक समृद्धि का युग नहीं आया और बढ़े हुए व्यापार का मतलब है कि सीओ2 उत्सर्जन में वृद्धि हुई.

पिछले 20 वर्षों में वैश्वीकरण का यह विचार धूमिल पड़ा है. इस भव्य योजना के प्रस्तावक देश बिना बाधित वैश्विक व्यापार के विचार से मुंह मोड़ रहे हैं, जिसे राष्ट्रीय सरकारों द्वारा सब्सिडी और समर्थन की बेड़ियों के बिना डिजाइन किया गया था. सवाल यह है कि जलवायु-संकटग्रस्त और युद्धग्रस्त दुनिया में वैश्वीकरण के ये नए नियम कैसे आकार लेंगे? आज सबसे ज्यादा चर्चित मुद्दा चीन के खिलाफ अमेरिका का रुख है. इसे निरंकुश और अलोकतांत्रिक शासन (जो सच है) के खिलाफ लड़ाई के रूप में देखा जा रहा है. लेकिन असली कारण भविष्य के लिए आवश्यक संसाधनों और प्रौद्योगिकियों पर नियंत्रण हासिल करना है, जिसमें हरित अर्थव्यवस्था भी शामिल है और जिसकी दुनिया को सख्त जरूरत है. चीन आज बैटरियों की आपूर्ति श्रृंखला में सबसे आगे है. चीन दुनिया के आधे से अधिक लिथियम, कोबाल्ट और ग्रेफाइट का प्रसंस्करण तो करता ही है, साथ ही यह सौर ऊर्जा के क्षेत्र में एक स्थापित नेता है. इस "दुश्मन"से लड़ने के लिए अमेरिका ने सब्सिडी के बारे में अपनी सभी वैचारिक शंकाओं को छोड़ने का फैसला किया है.

• देश-काल




सुनीता नारायण

मुद्रास्फीति न्यूनीकरण अधिनियम (आईआरए) अमेरिका में कम कार्बन वाले उत्पादों के निर्माण के लिए कंपनियों को वित्त प्रदान कर रहा है. मुद्दा यह है कि क्या पश्चिमी दुनिया को चीन के इस स्वामित्व को तोड़ने के मिशन से हरित परिवर्तन की लागत अधिक होगी और इसमें देरी भी होगी? या फिर अमेरिका इस असंभव को संभव करने में सफल होगा. दुर्लभ खनिजों तक पहुंच सुनिश्चित करके और श्रम और पर्यावरण मानकों की उच्च लागत के बावजूद अपने विनिर्माण उद्योग का पुनर्निर्माण करके. इससे डीग्लोबलाइजेशन या स्थानीयकरण हो सकता है, क्योंकि अधिकांश देश प्राकृतिक संसाधनों, प्रौद्योगिकी और इसके साथ जुड़े ज्ञान के धारक के रूप में अपने लाभ को अधिकतम करने का निर्णय ले सकते हैं. यह भी संभावना है कि प्रौद्योगिकी में ऐसी नई सफलताएं मिलेंगी, जो चीन-प्रभुत्व वाली आपूर्ति श्रृंखला को निरर्थक बना देंगी. उदाहरण क लिए सोडियम-आयन बैटरियों के बारे में चर्चा है, जो लिथियम बैटरियों की आवश्यकता को कम कर सकती हैं.

डी-ग्लोबलाइजेशन का एक पहलू यह भी हो सकता है कि हरित संक्रमण की गति बाधित हो जाए. उदाहरण के लिए अमेरिका आईआरए के माध्यम से इलेक्ट्रिक वाहनों के स्थानीय विनिर्माण को सहायता प्रदान कर रहा है. बाइडेन सरकार द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, जिन इलेक्ट्रिक वाहनों में चीनी निर्मित बैटरी घटक शामिल हैं, वे पूर्ण सब्सिडी के लिए पात्र नहीं होंगे. यह कहने की जरूरत नहीं है कि वैसे वाहन आईआरए के लिए अर्हता प्राप्त नहीं करेंगे, जिनका चीनी सरकार के साथ "महत्वपूर्ण"संबंध हो या चीन में स्थित या चीन द्वारा नियंत्रित ऑपरेटर के साथ लाइसेंसिंग समझौते के साथ उत्पादित किया गया है. कच्चे खनिज और बैटरी विनिर्माण क्षेत्र में चीन के लगभग पूर्ण नियंत्रण को देखते हुए इस विघटन से इलेक्ट्रिक वाहन परिवर्तन में देर होने या मूल्यों में वृद्धि की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता. चीनी इलेक्ट्रिक कार निर्माता बीवाईडी पहले ही एलन मस्क की टेस्ला से आगे निकल चुकी है. फाइनेंशियल टाइम्स के अनुसार, 2023 की चौथी तिमाही में टेस्ला के 4,84,000 की तुलना में बीवाईडी ने रिकॉर्ड 5,26,000 बैटरी ओनली इलेक्ट्रिक वाहन बेचे. इसलिए आज की चीन-प्रभुत्व वाली दुनिया में स्थानीयकरण और त्वरित हरित परिवर्तन के दोहरे उद्देश्यों का प्रबंधन एक चुनौती हो सकती है.

भारत में भी ऐसा ही है. हमने सौर उद्योग के लिए स्थानीय क्षमता में निवेश करने का निर्णय लिया है और यह सही भी है. भारत सरकार ने सौर सेल और मॉड्यूल निर्माण के लिए वित्तीय प्रोत्साहन की घोषणा की है और चीनी उत्पादों पर उच्च आयात शुल्क लगाया है. अभी यह कहना मुश्किल है कि क्या इससे भारत के महत्वाकांक्षी नवीकरणीय कार्यक्रम में बाधा आएगी, क्योंकि घरेलू उत्पादन गति बनाए रखने या लागत-प्रतिस्पर्धी होने में विफल हो सकता है. दूसरी ओर हमारे उद्योग क्षेत्र के निर्माण का एक स्पष्ट लाभ है. मुक्त व्यापार जगत के धीरे-धीरे बंद होने का असर भारतीय उद्योग के निर्यात पर भी पड़ेगा. कुल मिलाकर शहर में एक नया खेल चल रहा है और हमें यह देखना होगा कि इस बार व्यापार के नियम हमारे और हमारी धरती के पक्ष में काम करेंगे या खिलाफ. (डाउन टू अर्थ से साभार)

• बोधि-वृक्ष | सुज्ञ



## मानसिक जड़ता

देश और काल के अनुसार कोई व्यक्ति या वस्तु कम या अधिक मूल्यवान होता है. एक स्थान पर जो अधिक मूल्यवान है, वह दूसरे स्थान पर मूल्यहीन भी हो सकता है. इसलिए समय और स्थान को ध्यान में रखना चाहिए. पुराने समय की बात है, रेगीस्तान क्षेत्र में रहनेवाले चार सौदागर मित्रों नें किसी सुविधाजनक समृद्ध जगह जा बसने का फ़ैसला किया. और अपने गांव से निकल पडे. उन्हे एक नगर मिला जहां लोहे का व्यवसाय होता था. चारों ने अपने पास के धान्य को देकर लोहा खरीद लिया, पैदल थे अतः अपने सामर्थ्य अनुसार उठा लिया कि जहां बसेंगे इसे बेचकर व्यवसाय करेंगे. आगे जाने पर एक नगर आया, जहां ताम्बा बहुतायत से मिल रहा था, लोहे की वहां कमी थी अतः लोहे के भारोभार, समान मात्रा में ताम्बा मिल रहा था. तीन मित्रों ने लोहा छोड ताम्बा ले लिया, पर एक मित्र को संशय हुआ, क्या पता लोहा अधिक कीमती हो, वह लोहे से लगा रहा. चारों मित्र आगे बढे, आगे बडा नगर था जहां चांदी की खदानें थीं और लोहे एवं तांबे की मांग के चलते, उचित मूल्य पर चांदी मिल रही थी. दो मित्रों ने तो ताम्बे से चाँदी को बदल दिया. किन्तु लोह मित्र और ताम्र मित्र को अपना माल अधिक कीमती लगा, सो वे उससे बंधे रहे. ठीक उसी तरह जो आगे नगर था वहां सोने की खदानें थीं. तब मात्र एक मित्र ने चांदी से सोना बदला. शेष तीनों को अपनी-अपनी सामग्री मूल्यवान लग रही थी. अन्ततः वे एक समृद्ध नगर में आ पहुंचे, इस विकसित नगर में हर धातु का उचित मूल्यों पर व्यवसाय होता था. जहां हर वस्तु की विवेकपूर्वक गणनाएं होती थीं. चारों सौदागरों ने अपने पास उपलब्ध सामग्री से व्यवसाय प्रारंभ किया. सोने वाला मित्र उसी दिन से समृद्ध हो गया, चांदी वाला अपेक्षाकृत कम रहा. ताम्र सौदागर बस गुजारा भर चलाने लगा. और लोह सौदागर!! एक तो शुरू से ही अनावश्यक बोझा ढोता रहा और यहां बस कर भी उसका उद्धार मुश्किल हो गया. देश और काल के अनुरूप अपने आप में बदलाव किया जाना आवश्यक है. यदि परिस्थिति के अनुरूप में अपने आप में परिवर्तन नहीं लाया जाता है तो समय बीतने के बाद पछताने के सिवा और कोई उपाय शेष नहीं रह जाता. यदि चारों मित्र तांबा, चांदी और सोना का महत्व समझ पाते तो सभी सुखी और समृद्ध होते, लेकिन मानसिक जड़ता के कारण जिसे अपनी पुरानी अवस्था ही अच्छी लगी, वे अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत नहीं बना पाये.

# असमान चुनावी संघर्ष के गहरे निहितार्थ

• चुनाव

बादल सरोज

कहते हैं कि कोई अगर गिरने के लिए अपनी पर भी आ ही जाये, तब भी उसकी कोई न कोई सीमा होती ही है. मगर भारतीय जनता पार्टी एक अलग तरह की पार्टी है. आजादी के बाद के भ्रष्टाचार कांडों में सबसे विराट रकम वाले चुनावी बॉन्ड्स के महाघपले का भांडा फूटने के बाद भाजपा ऊपर से नीचे तक पूरी बेपर्द हो गयी है. पहले तो इन इलेक्टोरल बॉन्ड्स को लेकर दायर की गई याचिकाओं की सुनवाई में ही लगातार टांग अड़ाई गईं. इसके बाद भी जब मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी की तरफ से इसके महासचिव सीताराम येचुरी सहित पांच याचिकाकर्ताओं की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट के पांच जजों की संविधान पीठ ने सुनवाई पूरी करके अपने फैसले में इन बॉन्ड्स को अवैधानिक करार दे दिया. इसी के साथ स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया को इनसे जुड़ी सभी जानकारियां 6 मार्च तक सार्वजनिक करने के लिए आदेशित किया तो बैंक ही मुकर गया. उसने इसे बहुत ज्यादा ही बड़ा काम बताते हुए जून तक का समय मांग लिया. मंशा साफ़ थी कि जो भी सामने आये, वह आम चुनाव पूरे होने के बाद ही आये. यह एसबीआई का काम नहीं था, यह मोदी सरकार द्वारा देश की सर्वोच्च अदालत को अंगूठा दिखाने जैसा काम था. याचिकाकर्ताओं ने जब इसे चुनौती दी तो संविधान पीठ ने एक बार पुनः एकदम साफ़-साफ़ चेतावनी के साथ एसबीआई से कहा कि वह पूरी जानकारी 12 मार्च तक चुनाव आयोग को सौंपे और चुनाव आयोग 15 मार्च की शाम तक इसे अपनी वेबसाइट पर सार्वजनिक करे. एसबीआई ने इस स्पष्ट आदेश में भी टंगड़ी मारने की कोशिश की. बॉन्ड खरीदने वालों की जानकारी और इन बॉन्ड्स से रकम उठाने वालों की जानकारी तो दे दी, मगर किसका बांड किसने भुनाया, इसकी जानकारी वाला यूनिक कोड साझा नहीं किया. जाहिर है सुप्रीम कोर्ट को झांसा देने की यह दूसरी धोखाधड़ी भी एसबीआई के किसी अफसर या चेयरमैन के बूते की बात नहीं थी. सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने एक और आदेश में कहा कि , 'हमने आदेश में पूरी जानकारी देने को कहा था, लेकिन एसबीआई ने बॉन्ड नंबर नहीं दिया. एसबीआई पूरे आदेश का पालन करे. सभी बॉन्ड के यूनिक नंबर यानी अल्फा न्यूमेरिक नंबर निर्वाचन आयोग को 21 मार्च तक मुहैया कराए.' इसके बाद भी जानकारी अधूरी ही आई है- अभी कुछ है जो छुपाई जा रही है. कुल मिलाकर यह कि भाजपा ने अपने अपराध छुपाने के लिए सारी नैतिक, न्यायिक और वैधानिक सीमाएं लांघ दीं और देश की न्यायपालिका की खुल्लम खुल्ला अवमानना की. इलेक्टोरल बॉन्ड्स की अब तक की जानकारी में किस किसने कितना दिया, जुआ कम्पनी, बीफ निर्यातक कम्पनी वगैरा ने कितना दिया ये सारी जानकारियां लगातार आ रही हैं, इसलिए उन्हें गिनाकर जगह घेरने का कोई मतलब नहीं. मगर दो-तीन रुझान गौरतलब हैं. इधर इनकम टैक्स और ईडी का छापा पड़ा, उधर भाजपा के खाते में कुछ सौ करोड़ रूपये का बॉन्ड पहुंच गया, इधर भाजपा को कुछ सौ करोड़ रुपयों का बॉन्ड मिला और उधर उस कंपनी को हजारों करोड़ रुपयों का ठेका मिल गया या सौदा हो गया. यह सीधे-सीधे घूसखोरी और भ्रष्टाचार का मामला है-ध्यान रहे 1981 में कुछ बिल्डर्स को आउट ऑफ़ टर्न सीमेंट देकर दो ट्रस्टों के लिए महज पांच करोड़ का चन्दा लेने के आरोप में महाराष्ट्र के तब के मुख्यमंत्री एआर अंतुले को इस्तीफा देना पड़ा था. बोफोर्स में तो सिर्फ 64 करोड़ का कमीशन लेने की बात थी, मगर उसी से सरकार उलट गई थी. जिस भाजपा के केंद्र की सत्ता में पहुंचने की सीढ़ी ही भ्रष्टाचार के खिलाफ उमड़ा जनाक्रोश था, अब सिर्फ वह भाजपा ही इस काण्ड को राष्ट्रनिर्माण का पुण्य कार्य नहीं बता रही. संघ के महासचिव- सरकार्यवाह- दत्तात्रेय होसबोले ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा अवैध घोषित किये और जानकारियां सार्वजनिक होने के बाद और ज्यादा संदेहास्पद हुए चुनावी बॉन्ड्स की हिमायत करते हुए कहा कि 'ये एक प्रयोग हैं और इनमें जांच-परख (चेक एंड बैलेंस) के सारे इंतजाम है.' ध्यान रहे यह प्रमाणपत्र उसी संघ के महासचिव दे रहे थे, जिसके सरसंघचालक भागवत दावा करते हैं कि 'आरएसएस राष्ट्रनिर्माण में विश्वास करती है, भ्रष्टाचार के विरुद्ध हर आन्दोलन में वह साथ है. तुलसीदास की रामचरितमानस के लंका कांड की चौपाई में कहें तो आम चुनाव में 'रावण रथी विरथ रघुवीरा' जैसी स्थिति बनाई जा रही है. जनता इसे समझ रही है और इसी समझदारी को अप्रैल और मई के मतदान में अपने निर्णय का आधार बनायेगी. चुनावी बॉन्ड काण्ड तो बानगी है- अभी पीएम केयर्स फण्ड के घोटाले का सच सामने आना बाकी है.

> एसबीआई ने इस स्पष्ट आदेश में भी टंगड़ी मारने की कोशिश की. बॉन्ड खरीदने वालों की जानकारी और इन बॉन्ड्स से रकम उठाने वालों की जानकारी तो दे दी, मगर किसका बांड किसने भुनाया, इसकी जानकारी वाला यूनिक कोड साझा नहीं किया. जाहिर है सुप्रीम कोर्ट को झांसा देने की यह दूसरी धोखाधड़ी भी एसबीआई के किसी अफसर या चेयरमैन के बूते की बात नहीं थी.

# लोकसभा चुनाव : विपक्ष के लिए गंभीर चुनौती

• सियासत

एन.चक्रवर्ती


दिइस साल 19 अप्रैल से 1 जून तक सात चरणों में होने वाले 18वें लोकसभा चुनाव ने 1951-52 में पहले लोकसभा चुनाव के आयोजन के बाद से भारत में संसदीय लोकतंत्र के पिछले 73 वर्षों के कामकाज में ऐतिहासिक महत्व प्राप्त कर लिया है. पिछले दस वर्षों में नरेंद्र मोदी सरकार ने भारतीय संविधान के मूल आधार को नष्ट कर दिया है और विपक्ष-मुक्त लोकसभा चुनावों की सुविधा के लिए अपने अधिनायकवाद को बढ़ाया है. इस श्रृंखला में नवीनतम है लोकसभा चुनाव से ठीक दो महीने पहले दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की प्रवर्तन निदेशालय द्वारा एक पुराने आरोप में गिरफ्तारी और मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस के बैंक खातों के संचालन पर रोक लगाना. आयकर विभाग ने ऐसे समय में कांग्रेस के बैंक खातों के संचालन पर रोक लगाई है, जब वह सत्तारूढ़ पार्टी भाजपा, जिसके पास भारी मात्रा में धन है, के खिलाफ चुनाव लड़ने के लिए वित्त की व्यवस्था करने के लिए कठिन संघर्ष कर रही है. इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सार्वजनिक तौर पर कांग्रेस मुक्त भारत की बात कही थी. अब वह खुले तौर पर विपक्ष मुक्त चुनाव के बारे में बात नहीं कर रहे हैं, लेकिन पिछले पांच वर्षों में उनकी सरकार के कार्यों के कारण केंद्र में सत्तारूढ़ दल भाजपा और उसके विरोधी दलों के बीच समान अवसर खत्म हो गये हैं. फासीवादी राज्य के उभरने के ये चेतावनी संकेत हैं और अगर 2024 के लोकसभा चुनावों में भाजपा तीसरी बार केंद्र में सत्ता हासिल करती है तो यह प्रक्रिया तेज हो जायेगी. इस तरह, आने वाले चुनावों ने विपक्षी इंडिया गुट और समाज की अन्य सभी ताकतों, जो भारत में सत्तावाद और लोकतंत्र के क्षरण के खिलाफ हैं, के लिए एक बड़ी चुनौती पेश की है. 2019 के लोकसभा चुनाव के बाद पहली बार तृणमूल कांग्रेस की सदस्य बनीं महुआ मोइत्रा ने अपने संबोधन में फासीवाद के सात चेतावनी संकेतों का जिक्र किया था, जो उन्होंने अमेरिका के होलोकॉस्ट म्यूजियम में पढ़े थे. उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूसरी बार बनी सरकार के शासन के तहत भारत में उन चेतावनी संकेतों के शुरुआती संकेतों का उल्लेख किया था. आज, 2024 के लोकसभा चुनावों की पूर्व संध्या पर, महुआ मोइत्रा के उस संबोधन के पांच साल बाद, संकेत कहीं अधिक स्पष्ट हैं. यह अधिनायकवाद का अंतिम चरण हो सकता है और जब तक इसे प्रभावी ढंग से नहीं रोका जाता, यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरी बार के शासन के दौरान फासीवाद के पहले चरण का कारण बन सकता है. होलोकॉस्ट संग्रहालय के पोस्टर में उल्लिखित पहला चेतावनी संकेत अति राष्ट्रवाद था, जो देश को विभाजित करता है. महुआ ने 2019 में उल्लेख किया था कि कैसे हाल ही में पारित सीएए आबादी के एक वर्ग के बीच आतंक पैदा कर रहा है. पांच साल बाद, सीएए प्रावधानों को कार्यान्वयन के लिए अधिसूचित किया गया है और दस्तावेजों की कमी के कारण अल्पसंख्यकों के एक अच्छे वर्ग की नागरिकता खोने की एक बड़ी संभावना है. बंगाल में एक युवक ने आवश्यक कागजात नहीं मिलने के कारण आत्महत्या कर ली. असम के मुख्यमंत्री हिमंतविश्व शर्मा ने नये मानदंडों की घोषणा की है, जिसके तहत अल्पसंख्यक लोग उनके राज्य में रह सकते हैं. यह पूरा कदम देश को बांटने का है, जोड़ने का नहीं.फासीवाद प्रारंभिक संकेत सत्तारूढ़ दल का अपने मित्रवत व्यावसायिक घरानों के माध्यम से जनसंचार माध्यमों पर पूर्ण नियंत्रण है. महुआ ने अपने 2019 के भाषण में रुझानों का उल्लेख किया था, लेकिन अब, राष्ट्रीय मीडिया, प्रिंट और टीवी दोनों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अनुकूल समूहों का पूरी तरह से वर्चस्व है. ऐसा कोई रास्ता नहीं है, जिससे समाचार रिपोर्टिंग स्वतंत्र रह सके. वर्तमान डिजिटल सूचना युग में, वर्तमान सरकार का विरोध करने वाले किसी भी समाचार पोर्टल को दंडित करने के लिए कानूनों में संशोधन किया गया है. लोकसभा चुनाव की पूर्व संध्या पर राष्ट्रीय मीडिया में शायद ही विपक्ष के लिए कोई जगह है. इंडिया गुट और वे सभी जो भारतीय संविधान और देश में जीवंत लोकतंत्र के कामकाज की परवाह करते हैं, उन्हें लोकसभा चुनावों में भाजपा और उसके सहयोगियों को हराने के लिए इस समय व्यापक एकता का निर्माण करना चाहिए. इसमें देर करने की कोई गुंजाइश नहीं है. संयुक्त विपक्ष की ओर से कोई भी गलत कदम या गलत निर्णय भारत में जीवंत लोकतांत्रिक कार्यप्रणाली के भाग्य पर मुहर लगा देगा. 4 जून के नतीजों से यह सुनिश्चित होना चाहिए कि लोकतंत्र कायम रहे और अधिनायकवाद को बड़ा झटका लगे.

> आज, 2024 के लोकसभा चुनावों की पूर्व संध्या पर, महुआ मोइत्रा के उस संबोधन के पांच साल बाद, संकेत कहीं अधिक स्पष्ट हैं. यह अधिनायकवाद का अंतिम चरण हो सकता है और जब तक इसे प्रभावी ढंग से नहीं रोका जाता, यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरी बार के शासन के दौरान फासीवाद के पहले चरण का कारण बन सकता है.

## मीडिया में अन्यत्र

# बड़ी टेक कंपनियों की परीक्षा

**डिजिटल** मार्केट अधिनियम (डीएमए) के प्रवर्तन के कुछ सप्ताह बाद यूरोपीय आयोग ने गूगल, मेटा, एमेजॉन और ऐपल की जांच शुरू की है. यह जांच निष्पक्ष और प्रतिस्पर्धी डिजिटल मार्केट तैयार करने के लिए जरूरी अहम सिद्धांतों का पालन नहीं करने के आरोपों के कारण की जा रही है. ये जांच किसी न किसी रूप में ऐतिहासिक घटना साबित होगी, क्योंकि जिन कंपनियों की जांच की जा रही है, वे वैश्विक स्तर पर दबदबा रखने वाली कंपनियां हैं. आयोग खासतौर पर अल्फाबेट के उन नियमों पर गौर कर रहा है, जो गूगल प्ले के संचालन तथा गूगल सर्च की खुद को वरीयता देने तथा ऐप स्टोर में ऐपल के संचालन के साथ-साथ सफारी के लिए स्क्रीन के चयन तथा मेटा के 'भुगतान या सहमति मॉडल' पर गौर कर रहा है. इसके अलावा आयोग ने वैकल्पिक ऐप स्टोरों के लिए ऐपल के नए शुल्क ढांचे तथा एमेजॉन की रैंकिंग व्यवस्था को लेकर भी जांच आरंभ की है. डीएमए ने बड़े ऑनलाइन प्लेटफॉर्म को 'गेटकीपर' की अर्हता देने के लिए एक खास लक्ष्य मानक तय किया है. गेटकीपर की आर्थिक स्थिति मजबूत होनी चाहिए, उसका बाजार पर अच्छा खासा असर होना चाहिए और उसे यूरोपीय संघ के कई देशों में सक्रिय होना चाहिए.उसे एक मजबूत मध्यवर्ती होना चाहिए, उसे कई तरह के व्यापारों में व्यापक उपयोगकर्ताओं से संबद्ध होना चाहिए और उसे बीते तीन वित्त वर्षों के दौरान इन सभी मानकों पर खरा होना चाहिए. अल्फाबेट, एमेजॉन, ऐपल, बाइटडांस, मेटा और माइक्रोसॉफ्ट छह वैश्विक दिग्गज कंपनियां हैं, जिन्हें गेटकीपर के रूप में तैयार किया गया है. डीएमए ने गेटकीपरों से मांग की थी कि वे 7 मार्च तक उसके नियमों का पालन सुनिश्चित करें. आयोग का मानना है कि अल्फाबेट और ऐपल के उपाय वित्तीय शुल्कों समेत विभिन्न प्रकार के प्रतिबंध और सीमाएं लगाने वाले हैं, जो डेवलपरों की स्वतंत्र रूप से संचार और पेशकश को बढ़ावा देने तथा सीधे अनुबंध समाप्त करने की क्षमता को बाधित करते हैं. आयोग यह जांच कर रहा है कि गूगल सर्च जो गूगल शॉपिंग, गूगल फ्लाइट, गूगल होटल आदि को प्रमुखता से दिखाता है, क्या वह प्रतिद्वंद्वी सेवाओं पर खुद को प्राथमिकता देता है? वह ऐपल के मामले में इस बात की भी जांच कर रहा है कि क्या वह उपयोगकर्ताओं को आसानी से सॉफ्टवेयर हटाने देता है, आईओएस की डिफॉल्ट सेटिंग बदलने देता है और उपयोगकर्ताओं को अपनी पसंद की स्क्रीन चुनने देता है, जो उन्हें यह इजाजत देता है कि वे अपने आईफोन पर वैकल्पिक ब्राउजर या सर्च इंजन का इस्तेमाल कर सकें. (बिजनेस स्टैंडर्ड)



## शब्द चर्चा

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

### प्रख्यात/विख्यात

**प्रख्यात** विद्वानों का कहना है कि काशी साहित्य और संस्कृति के लिए विख्यात नगर है. इस वाक्य में दो विशेषण प्रख्यात और विख्यात सामने आ रहे हैं. ये दोनों शब्द तत्सम हैं. प्रस्तुत वाक्य में जहां विद्वान शब्द के साथ प्रख्यात विशेषण का प्रयोग किया गया है, वहीं नगर के साथ विख्यात का. तो क्या दोनों शब्दों में अंतर है? वर्धा हिंदी शब्दकोश के अनुसार प्रख्यात शब्द का अर्थ विशेषण के रूप में अतिप्रसिद्ध, मशहूर, प्रसन्न, सुखी तथा संज्ञा पुल्लिंग के रूप में नाटक का एक भेद, जिसमें कथावस्तु का आधार ऐतिहासिक या पौराणिक होता है. इसी से बने प्रख्याति शब्द का अर्थ बताया गया है प्रसिद्धि, बहुत ख्याति, प्रशंसा. इसी प्रकार विख्यात का अर्थ है जिसकी बहुत ख्याति हो, प्रसिद्ध, मशहूर. शब्दकोश के अनुसार दोनों शब्दों के अर्थ में प्रसिद्ध और मशहूर शामिल हैं, जो दोनों के समानार्थी या पर्यायवाची होने का संकेत देते हैं, लेकिन भाषाविदों के अनुसार दोनों शब्दों में कुछ सूक्ष्म भेद है. यहां गौर करनेवाली बात यह है कि दोनों का मूल ख्यात शब्द है. यानी ख्यात में 'प्र' उपसर्ग लगा तो प्रख्यात हो गया और 'वि' उपसर्ग लगा तो विख्यात हो गया. इसी शब्दकोश के अनुसार ख्यात शब्द का अर्थ संज्ञा पुल्लिंग के रूप में है किसी वीर योद्धा या नायक के यश का बखान करनेवाला काव्य. विशेषण के रूप में इसका अर्थ है मशहूर, समाज में चर्चित, लोकप्रिय, प्रसिद्ध, प्रचारित, प्रशंसित, वर्णित, नामी. विद्वानों का कहना है कि प्रख्यात का मतलब लोकप्रिय, पॉपुलर या प्रसिद्धि, जो वर्तमान में हो. प्रख्यात शब्द के प्र उपसर्ग का मतलब है, जो उस मुकाम तक पहुंचा हुआ हो. इसी प्रकार प्रसिद्ध शब्द का अर्थ है जो उस मुकाम या अवस्था तक पहुंचा हो, जहां पर वह लगभग सिद्ध हो चुका हो. दूसरा शब्द विख्यात 'वि' उपसर्ग लगने से बना है. 'वि' उपसर्ग से विशेष का बोध होता है. उसी तरह विख्यात मतलब ख्याति प्राप्त, यानी पहचान, अत्यंत विशेष.

# जरा सोचिए, वोटरों से वोट कैसे लें!

• तीर-तुक्का

रवि प्रकाश

इस बारे में हम लोगों ने बैठकर काफी चिंतन किया कि वोटर से वोट कैसे लिया जाए. स्थिति यह है कि दस हजार रुपए महीना देने का वायदा किया जाएगा तो वोटर वोट नहीं देगा. मेरे ख्याल से अगर हम 25 हजार रुपये महीना प्रत्येक वोटर को चुनाव जीतने के बाद पहले महीने से देने का वायदा करें तो चुनाव जीतने का चांस बहुत बढ़ जाएगा. अभी तक के इतिहास में किसी ने 25 हजार रुपये महीना हर वोटर को नोट बांटने का वायदा नहीं किया.

घर बैठे हर महीने बैंक में 25 हजार रुपये महीना आपके पास आएगा. आपको कोई काम नहीं करना है. केवल सुबह उठना है, उठकर खाना है, खाने के बाद सो जाना है, सोने के बाद फिर उठना है, फिर खाना है और फिर सो जाना है. पैसा बैंक से लाने में थोड़ी मेहनत रहेगी, लेकिन इतना श्रम बस आपको करना पड़ेगा. बाकी सब सरकार करेगी. कई लोग सोचते हैं कि देश की 130 करोड़ की आबादी है, इसको अगर कम किया जाए और जनसंख्या- नियंत्रण का कार्यक्रम सख्ती के साथ लागू किया जाए तो वह देश के लिए ज्यादा फायदेमंद बैठेगा. मेरा कहना है कि ऐसे बुद्धिमान लोगों से नेताओं को दूर रहना चाहिए. हमारा लक्ष्य एकमात्र सत्ता पाना है. देश की भलाई किस में है- इस चक्कर में हमें नहीं पड़ना है. पूरी तरह अपना ध्यान केवल इस बात पर लगाना है कि चुनाव से पहले नदी में चारा फेंको और मछली को जाल में फांस लो. अब मुश्किल क्या आ सकती है ? जैसा मैंने कहा कि 25हजार रुपये महीना हर वोटर को घर बैठे नोट पहुंचाने की स्कीम दो. तुमने योजना अपने घोषणापत्र में दे दी . अब उसके बाद दूसरी पार्टी ने और भी बड़ा दांव खींच कर फेंका. उसने कहा कि मैं हर वोटर को हर महीने 25 की बजाय 35000 महीना दूंगा. अब वोटर तो चालाक है. आप 25 दे रहे हो, दूसरा 35000 दे रहा है, तो स्वाभाविक है वोटर 35000 देने वाले को वोट देगा. तो ऐसे में फिर आपको संशोधित चुनाव घोषणा पत्र निकालना पड़ेगा. आप 25 की बजाए 35 से भी ज्यादा 45000 महीना वोटर को देने का वायदा करने वाला घोषणापत्र दोगे. वोटर आपका हो जाएगा. और भी समस्या आ सकती है. किसी पार्टी ने कहा हम 50000 देंगे. ऐसे में तीसरा संशोधित चुनाव घोषणा पत्र आनन-फानन में जारी करना पड़ेगा और कहना पड़ेगा कि हम हर महीने 130 करोड़ लोगों को घर बैठे अस्सी हजार रुपये के नोट पहुंचाएंगे.



रियल मी 12 एक्स 5 जी

## आज लॉन्च होगा बिना छुए चलने वाला स्मार्ट फोन



स्मार्टफोन कंपनी रियल मी आज अपना एक सस्ता एक सस्ता स्मार्टफोन रियल मी 12एक्स 5जी लॉन्च करेगी जो बिना छुए चलने वाली है. कंपनी का दावा है कि यह स्मार्ट फोन भारत का पहला डायनैमिक बटन वाला फोन होगा. फोन में एयर जेस्चर, रेनवाटर स्मार्ट टच तकनीक, 6.72 इंच डिस्प्ले स्क्रीन, एफएचडी प्लस120 हट्र्ज डिस्प्ले, 5,000 मेगाहट्र्ज की बैटरी जैसे कई फीचर्स मिलेंगे. कंपनी द्वारा जारी टीज़र इमेज में फोन के ब्लू कलर वेरिएंट में आने की पुष्टि की गई है. भारत में रियल मी 12एक्स 5जी की कीमत 12,000 रुपए से कम होगी. जानकारी के मुताबिक नया फोन 50 मेगा पिक्सल एआई कैमरा के साथ होगा. प्रोसेसर की बात करें तो रियलमी का नया फोन डी 6100 प्लस 6 एनएम 5 जी वीसी कूलिंग टेक्नोलॉजी के साथ लाया जा रहा है. डिवाइस सेगमेंट का सबसे पतला फोन होगा. इस फोन को 7.69 एमएम थिकनेस के साथ लाया जा रहा है.

## अब सर्किल बना कर करें सर्च

बोल कर या लिख कर नहीं, अब हम किसी भी चीज पर सर्किल बना कर भी गूगल पर सर्च कर सकते हैं. यह फीचर है इनोवेटिव सर्किल टू सर्च फीचर. सर्किल टू सर्च फीचर इसी साल की शुरुआत में सैमसंग गैलेक्सी एस 24 सीरीज के साथ आया.

दरअसल गूगल का यह सर्किल टू सर्च फीचर एक एआई-पावर्ड ऐप है जो एंड्रॉयड डिवाइस पर यूजर्स को गूगल ऐप पर जाए बिना किसी भी स्क्रीन पर आइटम को सर्कल कर सर्च करने में सक्षम बनाता है. यह फीचर गैलेक्सी एस24 सीरीज के लॉन्च के साथ पेश किया गया, यह सुविधा धीरे-धीरे पिक्सेल और सैमसंग फ्लैगशिप-पिक्सेल 8 सीरीज और गैलेक्सी एस24 लाइनअप पर उपलब्ध कराई गई थी और अब सभी पिक्सेल स्मार्टफोन के लिए लॉन्च किया जा रहा है. गूगल के फोल्डेबल फोन, पिक्सेल फोल्ड और अपकमिंग पिक्सेल टैबलेट को भी यह फीचर मिलेगा.



# दुश्मनों के दांत खट्टे करेगा हमारा पुष्पक!

भारतीय स्पेस एजेंसी इसरो ने एक फिर हमें गौरवान्वित किया है. हाल ही इसरो ने अपना रीयूजेबल लॉन्च वीइकल 'पुष्पक' को सफलतापूर्वक लैंड किया. पुष्पक एक स्वदेशी स्पेस शटल है. इसरो का कहना है कि इस टेक्नोलॉजी से रॉकेट लॉन्चिंग अब अधिक किफायती होगी. अंतरिक्ष में अब उपकरण पहुंचाने में लागत काफी कम आएगी. इससे सैटेलाइट लॉन्च का खर्च 10 गुना कम हो जाएगा. थोड़ा-बहुत मेंटेनेस करने के बाद इससे किसी भी सैटेलाइट को दोबारा लॉन्च किया जा सकता है. यह खुद सैटेलाइट को अंतरिक्ष में पहुंचाकर वापस लौट जाएगा. देश की सुरक्षा में भी योगदान देगा. दुश्मन देश के रडार को चकमा देकर उसकी जासूसी करनी हो या उनके बिजली का ग्रिड उड़ाना हो या फिर उनके कंप्यूटर सिस्टम को ध्वस्त करना हो, यह बखूबी इसे अंजाम दे सकता है. विमान डायरेक्टेड एनर्जी वेपन चलाने में भी पूरी तरह से सक्षम है.




**6.5** मीटर लंबा है पुष्पक स्पेसक्राफ्ट

**1.75** टन का वजन का है यह.

**2030** तक इस प्रोजेक्ट को पूरा किया जाएगा.

**10** गुना कम हो जाएगा इससे सैटेलाइट लॉन्च का खर्च.

## अंतरिक्ष यात्री भी जाएंगे

इसरो ने पिछले दिनों आंध्र प्रदेश के चित्रदुर्ग चल्लाकेरे में पुष्पक विमान की सफल लैंडिंग कराई. पुष्पक 6.5 मीटर लंबा और 1.75 टन वजनी एयरोप्लेन जैसा स्पेसक्राफ्ट रॉकेट है. टेस्ट के दौरान, इस रॉकेट को भारतीय वायुसेना के हेलिकॉप्टर से 4.5 किमी की ऊंचाई तक ले जाया गया और रनवे पर ऑटोनॉमस लैंडिंग के लिए छोड़ा गया. इसरो के प्रमुख एस. सोमनाथ ने इस परीक्षण के परिणाम को बहुत अच्छा और सटीक बताया. डीआरडीओ के साथ मिल कर बनाए गए इस विमान से जहां अंतरिक्ष में सैटेलाइट लॉन्च करने की प्रक्रिया आसान और किफायती होगी, वहीं यह दुश्मन देश के दांत भी खट्टे करेगा. इसरो का मकसद है कि 2030 तक इस प्रोजेक्ट को पूरा कर लिया जाए. इस प्रोजेक्ट के पूरा हो जाने के बाद बार-बार रॉकेट बनाने के खर्च की बचत होगी. इसके साथ ही, इससे सैटेलाइट लॉन्च का खर्च 10 गुना कम हो जाएगा. थोड़ा-बहुत मेंटेनेस करने के बाद इससे किसी भी सैटेलाइट को दोबारा लॉन्च किया जा सकता है. यह खुद सैटेलाइट को अंतरिक्ष में पहुंचाकर वापस लौट जाएगा. रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल के अत्याधुनिक और अगले वर्जन से भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को स्पेस में भी भेजा जा सकता है. इतना ही नहीं इसके जरिए किसी भी देश के ऊपर जासूसी करवा सकते हैं. जरुरत पड़ने पर यह दूसरे देश पर हमला भी बोलेगा. उसकी सैटेलाइट को तबाह कर संचार व्यवस्था ठप कर देगा. अंतरिक्ष में लगातार फैल रहे कचरा को साफ करने के लिए भी यह मुस्तैद रहेगा. सैटेलाइट्स की मरम्मत के लिए भी इसका इस्तेमाल किया जा सकता है. इसरो का ऐसा स्पेस शटल बनाना वाकई देश के लिए गौरव का विषय है. दुनिया में कुछ ही देश अभी ऐसे स्पेस शटल बनाने में सक्षम हैं जिसमें अमेरिका, रूस, फ्रांस, चीन और जापान शामिल हैं.

## क्या है रीयूजेबल टेक्नोलॉजी

आमतौर पर किसी भी रॉकेट मिशन में दो आधारिक चीजें होती हैं- रॉकेट और उस पर लगा स्पेसक्राफ्ट. रॉकेट स्पेसक्राफ्ट को अंतरिक्ष में पहुंचाने का काम करता है. जब रॉकेट अपना काम कर लेता है तो आम तौर पर उसे समुद्र में गिरा दिया जाता है. मतलब एक बार स्पेसक्राफ्ट को जब अंतरिक्ष तक रॉकेट पहुंचा देता है, तब उसे नष्ट कर दिया जाता है, उसका दोबारा इस्तेमाल नहीं होता. यही तरीका लंबे समय से पूरी दुनिया में चल रहा था. अब जमाना आया रियूजेबल रॉकेट का. रीयूजेबल रॉकेट के पीछे का आइडिया स्पेसक्राफ्ट को लॉन्च करने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले अल्ट्रा-एक्सपेंसिव रॉकेट बूस्टर को रिकवर करना है ताकि, फ्यूल भरने के बाद इनका फिर से इस्तेमाल किया जा सके. इस पर वर्ष 2011 में सबसे पहले काम शुरू हुआ. यह जिम्मेदारी उठाई दुनिया के सबसे अमीर कारोबारी एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स ने. 2015 में मस्क ने फॉल्कन 9 रॉकेट तैयार कर लिया जो रियूजेबल था.

## स्पेसएक्स से ऐसे बेहतर

जहां तक बात है इसरो के री-यूजेबल लॉन्च वीइकल आरएलवी की तो बता दें कि यह स्पेसएक्स से बिल्कुल अलग है. मिशन के दौरान स्पेसएक्स रॉकेट के निचले हिस्से को बचाता है, जबकि इसरो रॉकेट के ऊपरी हिस्से को बचाएगा जो ज्यादा जटिल होता है. इसे रिकवर करने से ज्यादा पैसों की बचत होगी. ये सैटलाइट को स्पेस में छोड़ने के बाद वापस लौट आएगा. इसरो का स्पेसक्रॉफ्ट ऑटोनॉमस लैंडिंग कर सकता है.

ये एसेसरीज कर देंगे डीएसएलआर की छुट्टी

# बढ़ जाएगी फोन की स्मार्टनेस

*इन दिनों स्मार्टफोन ने कई गजेट्स की छुट्टी कर दी है. ऐसा ही एक गजेट है कैमरा. स्मार्टफोन से ही शानदार तस्वीरें आ रही हैं. अगर इन तस्वीरों को और खास बनाना चाहते तो बाजार में उपलब्ध कुछ एसेसरीज आपकी मदद कर सकते हैं. आइए, आज चर्चा इन्हीं एसेसरीज की*

**मोबाइल ट्राइपॉड** : रात में तस्वीरें लेनी हों या आप स्लो शटर इमेज लेना चाहते हैं तो मोबाइल ट्राइपॉड आपके लिए मददगार हो सकता है. ऑनलाइन व ऑफलाइन कई विकल्प सहजता से उपलब्ध हैं. 300से 1500 रुपये तक में अमेजन/ फ्लिपकार्ट आदि में कई विकल्प मिल जाएंगे.

**स्मार्टफोन लेंस** : फोटोज में वेराइटी चाहते हैं तो क्लिप-ऑन लेंस को आजमाएं. ये स्मार्टफोन फोटोग्राफी एक्सेसरीज हायर फोकल लेंथ, जूम कैपेबिलिटी, मैक्रो फोकसिंग डिस्टेंस, वाइड एंगल इफेक्ट और फिशआई इफेक्ट ऑफर करते हैं. 300 रुपये की शुरुआती कीमत पर ये लेंस सहजता से ऑनलाइन मार्केट में मिल जाते हैं.



**पोर्टेबल एलईडी पैनल** : रात या अंधेरे में शूटिंग के दौरान फोटोज में एडिशनल ब्राइटनेस चाहते हैं तो पोर्टेबल एलईडी पैनल लाइट्स आपकी मदद करेगा. बेहद किफायती कीमत में खरीदा जा सकता है. ऑनलाइन मार्केट में 300-3000 रुपए तक के रेंज के कई विकल्प आपको मिल जाएंगे.

**मोबाइल गिंबल** : अगर आप फोन से वीडियोग्राफी करना पसंद करते हैं. तो वीडियो में स्टेबलाइजेशन का बड़ा महत्व होता है. ऐसे में आप मोबाइल गिंबल की मदद ले सकते हैं. ये गिंबल स्मार्टफोन को स्टेबलाइज करने के लिए मोटर्स का इस्तेमाल करते हैं.

**रिमोट शटर कंट्रोल** : रियर कैमरे बेहतर तस्वीरें देते हैं. सेल्फीके लिए भी रियर कैमरे का उपयोग किया जा सकता है. इसके लिए रिमोट शटर कंट्रोल का उपयोग करें जो ब्लूटूथ सपोर्ट के साथ आते हैं और एंड्रॉयड और आईओएस दोनों के साथ कंपैटिबल होते हैं.

सैमसंग ग्लैक्सी एफ 54 फाइव जी

# दमदार बैटरी, शानदार कैमरा

*सैमसंग का यह स्मार्टफोन मिडरेंज फोन कर श्रेणी में है और इसके कई दमदार फीचर्स हैं. 30 हजार रुपये से कम कीमत के इस फोन में 108 मेगापिक्सल कैमरा और 6000 मेगाहट्र्ज की बैटरी है. हालांकि सैमसंग ग्लैक्सी एफ 54 फाइव जी मार्केट में न्यू लॉन्च नहीं है, लेकिन इस फोन की कुछ खासियत ऐसी है जो इसपर अभी भी नजर ठिठकाती है. ऐसी ही खासियत में से एक है 6000 मेगा हट्र्ज की दमदार बैटरी. इन दिनों 6,000 मेगाहट्र्ज बैटरी वाले स्मार्टफोन मार्केट में देखने को काफी कम मिलते हैं. कंपनी बैटरी का हफ्ते भर का बैकअप देने का दावा करती है. इसी तरह मिड प्राइस रेंज के स्मार्टफोन में इतनी अच्छे कैमरे भी कम ही मिलते हैं. आईए इस फोन की खासियत और कमियों के बारे में थोड़ा विस्तार से जानें.*

**डिजाइन** : इसमें बैक पैनल पर ग्लॉसी टेक्सचर का इस्तेमाल किया है, जो औसतन लगता है. हालांकि बैक पैनल पर कैमरा लेंस का सेटअप अट्रैक्ट करता है और ग्लैक्सी एस 23 सीरीज की याद दिलाता है.

**डिस्प्ले** : 6 .7 इंच का फुल एचडी प्लस सुपर एएमओईईडी प्लस डिस्प्ले है. इसमें नीचे की तरफ मोटे बेजेल हैं. डिस्प्ले का व्यूइंग एक्सपीरियंस अच्छा है. 120 हट्र्ज रिफ्रेश रेट्स के चलते स्क्रोलिंग और गेमिंग का अनुभव शानदार बनाता है. यह डिस्प्ले ब्राइट और विविद है.

**ऑडियो** : सैमसंग ग्लैक्सी एफ 54 फाइव जी स्मार्ट फोन में नीचे की तरफ स्पीकर्स ग्रिल सेटअप लगाया है, जो आजकल काफी आम डिजाइन है. इसमें नीचे की तरफ ही टाइप सी यूएसबी पोर्ट और माइक का छोटा का होल है. इस फोन से 3 .5 एमएम ऑडियो जैक मिसिंग है.

**कैमरा** : सैमसंग ग्लैक्सी एफ 54 फाइव जी स्मार्ट फोन में बैक पैनल पर ट्रिपल कैमरा सेटअप है. इसमें प्राइमरी कैमरा 108 मेगापिक्सल का है, जो ऑप्टीकल इमेज स्टेबलाइजेशन के साथ आता है. इसके साथ 8 मेगा पिक्सल अल्ट्रा वाइड सेंसर और 2 मेगापिक्सल मैक्रो लेंस दिया है. सेल्फी और वीडियो कॉलिंग के लिए 32 मेगापिक्सल का फ्रंट कैमरा है. इसका प्राइमरी कैमरा शानदार है. इससे खींची गई तस्वीरों में अच्छा कलर, कॉन्ट्रास्ट और डायनैमिक रेंज मिलता है. इसमें अच्छा अल्ट्रा वाइड एंगल का लेंस भी दिया है. फ्रंट कैमरा भी अच्छा काम करता है.




**परफोर्मेंस** : सैमसंग के इस स्मार्टफोन में ईक्सीनॉज 1380 चिपसेट का इस्तेमाल किया है. इस फोन की स्पीड ठीक है और हैवी यूज नहीं करते हैं तो इसमें किसी भी तरह का लैग नहीं दिखा. हालांकि हैवी गेम्स आदि पर कुछ जगह इसकी स्पीड कम लगती है.

**बैटरी** : इस फोन में 6000 मेगाहट्र्ज की बैटरी के साथ 25 वाट का फास्ट वायर चार्जर का सपोर्ट मिलता है. हालांकि इस फोन के बॉक्स में कम्प्टैबल अडेप्टर नहीं मिलेगा. इसमें यूएसबी सी चार्जिंग केबल मिलती है.

एमजी साइबरस्टर

# सिंगल चार्जिंग में 580 किमी तक सरपट दौड़ेगी यह ईवी कार

*भारत का ऑटोमोबाइल मार्केट इन दिनों इलेक्ट्रॉनिक वाहनों का दीवाना हुआ दिखता है. ईवी सेग्मेंट में एक पर एक गाड़ियां आए दिन लॉन्च हो रही हैं. एक तरफ टाटा मोटर्स कंपनी ईवी सेग्मेंट में कमर कसे नजर आती है, वहीं दूसरी तरफ देश की दूसरी सबसे बड़ी इलेक्ट्रिक कार निर्माता कंपनी के तौर पर एमजी मोटर कंपनी उभरी है. जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया के नाम से अपनी नई पहचान बनाने वाली कंपनी ने अपनी नई इलेक्ट्रिक स्पोर्टकार एमजी साइबरस्टर को हाल ही शोकेस किया है. आइए, इस लग्ज़री इलेक्ट्रिक स्पोर्ट कार के बारे में जरा विस्तार से जानें ...*

*साल 2021 में एमजी कंपनी ने पहली बार एमजी साइबरस्टर को पर्दा उठाया था, इसके बाद 2023 में आयोजित गुडवुड फेस्टिवल ऑप स्पीड में इस कार के प्रोडक्शन रेडी वर्जन को पेश किया. अब कंपनी ने इस कार को भारत में पहली बार दिखाया है. इस कार को साल के अंत तक ओवरसीज मार्केट में उतारे जाने की उम्मीद है.*



**आकार**

इसकी लंबाई 4,533 मिमी, चौड़ाई 1,912 मिमी, उंचाई 1,328 मिमी और इसमें 2,689 मिमी का व्हीलबेस दिया गया है. यह टू सीटर कार है. इसके अलावा कार में 19 से 20 इंच का डायमंड कट अलॉय व्हील दिया गया है. एमजी साइबरस्टर के बॉडी पर बहुत सारे स्लीक, कट्स और क्रीच नजर आते हैं. इनसब से कार को एक एग्रेसिव स्पोर्टी लुक मिलता है.

**एक्सटीरियर**

कार में डीआरएल के साथ स्मूथ एलईडी हेडलाइट्स और नीचे एक एयर इनटेक दिया गया है. इसमें अपवार्ड स्वूपिंग (आगे की तरफ झुकने वाला) स्प्लिट एयर इनटेक और एक स्कल्प्टेड बोनट मिलता है. वहीं पिछले हिस्से में ऐरो डिज़ाइन के एलईडी टेल लाइट्स और स्प्लिट रियर डिफ्यूज़र दिया गया है. आकर्षक रेड कलर में पेश की गई इस स्पोर्ट कार का लुक और डिजाइन हालांकि पारंपरिक स्पोर्ट कार से बहुत अलग नहीं है. इसकार में सीज़र डोर्स मिलते हैं जो कि स्पोर्ट कारों में ख़ासा ट्रेंड में रहता है.



**इंटीरियर**

कार की केबिन को रेड कलर थीम से डेकोरेट किया गया है. मैट रेड लैदर अपहोल्स्ट्री है. सीटों पर की गई कारीगरी लुभावनी है. केबिन प्रीमियम क्वालिटी का है जिसमें बड़े-बड़े स्क्रीन लगे हैं. सीटों पर सिल्वर हेड सपोर्ट है. ड्राइवर और को-ड्राइवर कंपोर्टमेंट को सेंटर कंसोल से अलग किया गया है. ड्राइवर की ओर वर्टिकल इंफोटेनमेंट सिस्टम के साथ इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर के लिए तीन स्क्रीन दिए गए हैं. इसमें वायरलेस ऐप्पल कारप्ले और एंड्रॉइड ऑटो की सुविधा भी मिलती है. इसके अलावा इन-बिल्ट 5जी सिम, कनेक्टेड कार तकनीक, वायरलेस चार्जर, डुअल-ज़ोन क्लाइमेट कंट्रोल, वेंटिलेटेड सीटें, मल्टीपल ड्राइविंग मोड, प्रीमियम बोस ऑडियो सिस्टम, क्वालकॉम स्नैपड्रैगन 8155 चिप, रीजेनरेटिव ब्रेकिंग, मल्टीपल एयरबैग, लेवल-2 एडीएएस जैसे फीचर्स भी मिलते हैं.

**बैटरी पैक और परफॉर्मेंस**

साइबरस्टर दो बैटरी पैक और मोटर विकल्पों के साथ उपलब्ध होगा. एंट्री-लेवल मॉडल में 64 किलोवाट की क्षमता के बैटरी पैक के साथ सिंगल 308 एचपी रियर एक्सल-माउंटेड इलेक्ट्रिक मोटर मिलता है, जिसकी रेंज 520 किमी होने का दावा किया गया है. इसमें दो इलेक्ट्रिक मोटरों के साथ एक बड़ा 77किलोवाट बैटरी पैक भी मिलेगा जो संयुक्त रूप से 535एचपी और 725 एनएम का पीक टॉर्क जेनेरट करता है. ये वेरिएंट सिंगल चार्ज में 580 किमी की रेंज देगा. कंपनी का दावा है कि ये स्पोर्ट कार महज 3 .2 सेकंड में 0-100 किमी प्रति घंटे की रफ्तार पकड़ सकती है.

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

**आईपीएल :** महेंद्र सिंह धौनी ने इस सत्र में पहली बार बल्लेबाजी करते हुए दिल्ली के खिलाफ बिखेरी थी अपने बल्ले की चमक

# खेल के प्रति जागरूकता के मामले में धौनी की कोई सानी नहीं : स्टीफन फ्लेमिंग

भाषा। विशाखापत्तनम

चेन्नई सुपर किंग्स के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने कहा कि जब खेल के प्रति जागरूकता की बात आती है तो फिर महेंद्र सिंह धौनी का कोई सानी नहीं, जिन्होंने आईपीएल के इस सत्र में पहली बार बल्लेबाजी करते हुए अपने बल्ले की चमक बिखेरी. चेन्नई को रविवार को यहां दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 20 रन से हार का सामना करना पड़ा जो वर्तमान सत्र में उसकी पहली पराजय है. आठवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे धौनी ने अगर 16 गेंद पर नाबाद 37 रन की पारी नहीं खेली होती तो हार का अंतर अधिक होता. भारत की तरफ से 2019 में अपना आखिरी मैच खेलने वाले धौनी ने पिछले साल अपने घुटने का ऑपरेशन करवाया था. फ्लेमिंग ने कहा कि यह खूबसूरत पारी थी. वह टूर्नामेंट शुरू होने से पहले अभ्यास सत्र से ही अच्छा प्रदर्शन कर रहे थे.



### धौनी की बल्लेबाजी से मुश्किल दिन में मिली सकारात्मक ऊर्जा



फ्लेमिंग ने कहा कि धौनी ने गंभीर चोट से उबरकर वापसी की है. उनकी बल्लेबाजी शानदार रही. इससे एक मुश्किल दिन के आखिर में टीम को सकारात्मक ऊर्जा मिली. न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान ने कहा कि रन रेट के लिहाज से लक्ष्य के करीब पहुंचना महत्वपूर्ण था और वह इस बात को अच्छी तरह से समझते हैं. उन्होंने जिस तरह से बल्लेबाजी की वह शानदार थी. फ्लेमिंग ने कहा कि यह परिणाम हमारे आज के प्रदर्शन को दर्शाता है. हम आज अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए. दोनों पारियों में पहले छह ओवर में हमारी शुरुआत अच्छी नहीं रही.

## जरूरत पड़ने पर ही ऊपरी क्रम में बल्लेबाजी करेंगे धौनी : माइकल



**नयी दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ आक्रामक पारी के बाद महेंद्र सिंह धौनी को बल्लेबाजी क्रम में ऊपर भेजने की मांग उठ रही है लेकिन माइकल क्लार्क का मानना है कि चेन्नई सुपर किंग्स का यह पूर्व कप्तान जरूरत पड़ने पर ही ऐसा करेगा. दिल्ली के खिलाफ शानदार पारी के बाद धौनी के प्रशंसक उनसे ऊपरी क्रम में बल्लेबाजी के लिए आने की अपील कर रहे हैं, लेकिन ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान क्लार्क का मानना है कि यह दिग्गज भारतीय खिलाड़ी पहले की तरह फिनिशर की भूमिका निभाता रहेगा. उन्होंने कहा कि मुझे नहीं लगता कि वह ऐसा करेंगे. मेरा मानना है कि वह मौजूदा क्रम में बल्लेबाजी करने के लिए आएंगे. मैं जानता हूं कि महेंद्र सिंह धौनी का प्रत्येक प्रशंसक उन्हें जितना संभव हो उतने ऊपरी क्रम में बल्लेबाजी करते हुए देखना चाहता है. उनके पूरे करियर के दौरान हम सभी कहते रहे हैं कि उन्हें पारी का आगाज करना चाहिए. क्लार्क ने कहा कि वह अभी अपने करियर के जिस दौर में हैं जहां उन्होंने कप्तानी छोड़ दी है, मुझे नहीं लगता कि वह ऊपरी क्रम में बल्लेबाजी के लिए आएंगे. मेरा मानना है कि अगर टीम की जरूरत हो तभी वह ऊपरी क्रम में बल्लेबाजी के लिए उतरेंगे. भारत की तरफ से 2019 में अपना आखिरी मैच खेलने वाले 42 वर्षीय धौनी ने पिछले साल घुटने का ऑपरेशन करवाया था. क्लार्क ने कहा कि क्योंकि वह गेंद को अच्छी तरह से हिट कर रहे हैं, मुझे नहीं लगता कि वह पांचवें या छठे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरेंगे. मैंने जितने भी फिनिशर देखे हैं उनमें वह सर्वश्रेष्ठ हैं. इसलिए मुझे लगता है कि टीम उनकी इस भूमिका का उपयोग आगे भी करती रहेगी.

### ब्रीफ खबरें

#### राष्ट्रीय ईस्पोर्ट्स चैंपियनशिप 18 से

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय ईस्पोर्ट्स चैंपियनशिप (एनईएससी) 18 अप्रैल से शुरू होगी. एनईएससी भारत के खिलाड़ियों को डीओटीए 2 ई फुटबॉल और काउंटर-स्ट्राइक 2 में ओपन और महिला श्रेणियों में अपना कौशल प्रदर्शित करने के लिए एक मंच प्रदान करेगा. ऑनलाइन क्वालीफायर 18 अप्रैल से शुरू होंगे जो डबल-एलिमिनेशन प्रारूप में खेले जाएंगे. विजेता क्षेत्रीय क्वालीफायर में आगे बढ़ेंगे जहां वे 11 नवंबर से सऊदी अरब के रियाद में होने वाली 16वीं विश्व ईस्पोर्ट्स चैंपियनशिप के वैश्विक फाइनल में अपनी जगह सुरक्षित करने के लिए अन्य एशियाई देशों के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करेंगे.

#### रांची ने बोकारो को 150 रन से हराया

**रांची।** रांची जेएससीए द्वारा आयोजित जेएससीए अंडर 19 इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट टूर्नामेंट में रांची ने बोकारो को 150 रन से हराया. पहले बल्लेबाजी करते हुए रांची ने 48 ओवर में 288 रन बनाए. रांची के लिए रायन ने सर्वाधिक 71 रन बनाए. अमन 66 व विवेक 64 रन का योगदान दिया. बोकारो के ओजस ने चार व रोहित ने तीन विकेट चटकाए. जवाबी पारी में बोकारो की टीम 138 रन पर सिमट गई. टीम के लिए अर्जुन ने 45, ओजस और प्रणव ने 29-29 रन बनाए. रांची के आयुष सिंह में हैट्रिक की मदद से छह विकेट चटकाए.

#### नामधारी ने आइजोल को बराबरी पर रोका

**श्री भैनी साहिब (पंजाब)।** नामधारी एफसी ने आखिरी मिनटों में गोल कर सोमवार को यहां आई-लीग फुटबॉल मैच में आइजोल एफसी को 1-1 से बराबरी पर रोक दिया. सभी भारतीय खिलाड़ियों के साथ मैदान पर उतरी आइजोल ने 40वें मिनट में 21 वर्षीय आर रामदीनथारा के सत्र के तीसरे लीग गोल की बदौलत बढ़त बना ली.टीम लंबे समय तक यह बढ़त बनाये रखने में सफल रही लेकिन स्पेन के स्ट्राइकर इवान गैरिडो ने मैच के 85वें मिनट में गोल कर नामधारी एफसी की वापसी करायी. गैरिडो ने लगातार दूसरे मैच में टीम के लिये गोल किया.

लखनऊ सुपर जॉइंट्स व रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के बीच मुकाबला आज

# जीत के साथ पटरी पर लौटना चाहेगी आरसीबी

**मैच शाम 7.30 बजे शुरू होगा**

- अपनी रफ्तार का जादू दिखाने के लिए तैयार होंगे मयंक
- बल्लेबाजी व गेंदबाजी दोनों में सुधार करना चाहेगी आरसीबी

भाषा। बेंगलुरु

अभी तक अपने प्रदर्शन में निरंतरता रखने में नाकाम रही रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) की टीम लखनऊ सुपर जॉइंट्स के खिलाफ मंगलवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में बेहतर खेल दिखाकर अपना अभियान पटरी पर लाने की कोशिश करेगी. आरसीबी की टीम अभी तीन मैच में दो अंक लेकर अंक तालिका में आठवें स्थान पर है. पिछले मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स के हाथों करारी हार के कारण उसका नेट रन रेट भी गड़बड़ा गया है. फाफ डु प्लेसी की अगुवाई वाली आरसीबी की टीम को कम नहीं आंका जा सकता है लेकिन उसके खिलाड़ियों को अपने प्रदर्शन में निरंतरता लानी होगी. उसके पास कई स्टार बल्लेबाज हैं लेकिन विराट कोहली को छोड़कर कोई भी अन्य नहीं चल पा रहा है.

आरसीबी को अगर अपना अभियान पटरी पर लाना है तो कोहली के अलावा डु प्लेसी, ग्लेन मैक्सवेल, रजत पाटीदार और कैमरन ग्रीन को भी अच्छा प्रदर्शन करना होगा. शीर्ष और मध्यक्रम के इन बल्लेबाजों की असफलता के कारण आरसीबी को अभी तक निचले मध्यक्रम के बल्लेबाजों दिनेश कार्तिक, अनुज रावत और महिपाल लोमरोर पर निर्भर रहना पड़ा है. पाटीदार की खराब फॉर्म जारी है और आरसीबी उनको विश्राम देकर सुयस प्रभुदेसाई जैसे खिलाड़ियों को मौका दे सकता है.



### बल्लेबाजी के साथ गेंदबाजी भी आरसीबी के लिए चिंता का विषय

आरसीबी की चिंता केवल बल्लेबाजी को लेकर नहीं है क्योंकि उसके मुख्य गेंदबाज भी अभी तक अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं. उसका तेज गेंदबाजी विभाग मोहम्मद सिराज पर निर्भर है, जिन्होंने अभी तक तीन मैच में दो विकेट लिए हैं. यही नहीं वह रनों पर अंकुश लगाने में भी नाकाम रहे हैं. सिराज ने अभी तक 10 रन प्रति ओवर की दर से रन लुटाए हैं. सिराज के साथ नई गेंद संभालने वाले अलजारी जोसेफ ने भी अभी तक केवल एक विकेट लिया है और 9 .4 रन प्रति ओवर की दर से रन लुटाए हैं. आरसीबी वेस्टइंडीज के इस तेज गेंदबाज के स्थान पर रीस टॉपले या लॉकी फर्ग्यूसन को अंतिम एकादश में शामिल करने पर विचार कर सकता है.

### राहुल की फिटनेस को लेकर चिंता में लखनऊ सुपर जॉइंट्स

लखनऊ की अपने कप्तान केएल राहुल की फिटनेस को लेकर चिंता बनी हुई है जिनका उपयोग अभी वह इंपैक्ट सब्सीट्यूट के रूप में कर रहा है. उनकी अनुपस्थिति में निकोलस पूरन कप्तानी का जिम्मा संभाल रहे हैं. यह देखना होगा कि लखनऊ राहुल का उपयोग इंपैक्ट खिलाड़ी के रूप में ही करता है या फिर वह कप्तान, विकेटकीपर और बल्लेबाज की तीनों भूमिकाओं में वापसी करेंगे. यह लखनऊ ही नहीं बल्कि भारतीय क्रिकेट के लिए भी अच्छी खबर है कि तेज गेंदबाज मयंक यादव 150 किमी की रफ्तार से गेंदबाजी कर रहे हैं. वह चिन्नास्वामी स्टेडियम में भी अपनी रफ्तार का जादू दिखाने के लिए तैयार होंगे.

### टीमें

- **रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर :** फाफ डु प्लेसी (कप्तान), ग्लेन मैक्सवेल, विराट कोहली, रजत पाटीदार, अनुज रावत, दिनेश कार्तिक, सुयश प्रभुदेसाई, विल जैक्स, महिपाल लोमरोर, कर्ण शर्मा, मनोज भंडागे, मयंक डागर, विजयकुमार विशक, आकाश दीप. मोहम्मद सिराज, रीस टॉपले, हिमांशु शर्मा, राजन कुमार, कैमरून ग्रीन, अल्ज़ारी जोसेफ, यश दयाल, टॉम कुरेन, लॉकी फर्ग्यूसन, स्वप्निल सिंह, सौरव चौहान.
- **लखनऊ सुपर जाइंट्स :** केएल राहुल (कप्तान), क्विंटन डी कॉक, निकोलस पूरन, आयुष बदोनी, काइल मेयर्स, मार्कस स्टोइनिस, दीपक हुडा, देवदत्त पडिक्कल, रवि बिश्नोई, नवीन-उल-हक, क्रुणाल पंड्या, युद्धवीर सिंह, प्रेरक मांकड़. यश ठाकुर, अमित मिश्रा, शमर जोसेफ, मयंक यादव, मोहसिन खान, के. गौतम, शिवम मावी, अर्शिन कुलकर्णी, एम. सिद्धार्थ, एश्टन टर्नर, मैट हेनरी, मोहम्मद, अरशद खान.

### राजस्थान व केकेआर के मैच का बदला जा सकता है कार्यक्रम

**कोलकाता।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के 17 अप्रैल को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ घरेलू आईपीएल मैच के कार्यक्रम में बदलाव लगभग तय है क्योंकि स्थानीय पुलिस ने उस दिन रामनवमी समारोह के कारण पर्याप्त सुरक्षा मुहैया कराने में असमर्थता जताई है. बंगाल क्रिकेट संघ (कैब) ने भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) को यह जानकारी दी है. सात चरण के आम चुनाव के पहले चरण में 19 अप्रैल को बंगाल में भी मतदान होना है. कोलकाता में मतदान एक जून को होगा. कोलकाता पुलिस ने कैब अध्यक्ष स्नेहाशीष गांगुली को लिखे पत्र में कहा कि मैच रामनवमी के दिन पड़ रहा है और चुनाव के लिए भी सुरक्षाकर्मियों को तैनान किया गया है. इसलिए 17 अप्रैल को मैच के लिए पर्याप्त सुरक्षा प्रदान करना हमारे लिए संभव नहीं होगा. कैब ने सुझाव दिया है कि मैच को या तो एक दिन पहले (16 अप्रैल) कर दिया जाए या 24 घंटे आगे बढ़ाकर 18 अप्रैल को किया जाए.

## बीसीसीआई ने दिया फ्रेंचाइजी मालिकों को बैठक का न्योता

भाषा। नयी दिल्ली

- 16 अप्रैल को अहमदबाद में होगी बैठक
- बीसीसीआई अधिकारी ने कहा बैठक का कोई निर्धारित एजेंडा नहीं
- साल के अंत में होने वाली बड़ी नीलामी पर हो सकती है चर्चा

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने 16 अप्रैल को अहमदाबाद में अनौपचारिक बैठक के लिए 10 आईपीएल टीमों के मालिकों को आमंत्रित किया है जिसमें फ्रेंचाइजी के लिए नीलामी राशि में संभावित बढोतरी और खिलाड़ियों को टीम में बनाए रखने पर चर्चा हो सकती है. यह बैठक नरेंद्र मोदी स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स और गुजरात टाइटंस के बीच मैच से इतर होगी. बीसीसीआई के अधिकारी ने कहा कि आईपीएल (टीम) मालिकों को अनौपचारिक बैठक के लिए आमंत्रित किया गया है. इस बैठक का कोई निर्धारित एजेंडा नहीं है. आईपीएल अपने दूसरे महीने में होगा, इसलिए यह सभी हितधारकों के लिए एक साथ आने का अच्छा समय होगा. इस दौरान इस साल के अंत में होने वाली बड़ी नीलामी को लेकर संभावित चर्चा हो सकती है. इसमें खिलाड़ियों को अपनी टीम के साथ जोड़े रखने और नीलामी रकम में संभावित वृद्धि के मुद्दे पर बातचीत हो सकती है. फिलहाल टीमें खिलाड़ियों पर 100 करोड़ रुपये खर्च कर सकती हैं. बैठक में बीसीसीआई सचिव जय शाह, अध्यक्ष रोजर बिन्नी और आईपीएल चेयरमैन शामिल होंगे. मौजूदा समय में टीमों को प्रत्येक बड़ी नीलामी से पहले चार खिलाड़ियों को बनाए रखने की अनुमति है. बड़ी नीलामी का आयोजन हर तीन साल में एक बार होता है. अगली मेगा नीलामी लीग के 2025 सत्र से पहले आयोजित की जाएगी. दो महीने तक चलने वाला मौजूदा आईपीएल 22 मार्च को शुरू हुआ और 26 मई को चेन्नई में फाइनल के साथ समाप्त होगा.

## मीराबाई चानू का ओलंपिक कोटा पक्का

### आईडब्ल्यूएफ विश्व कप में तीसरे स्थान पर रही मीराबाई चानू

भाषा। फुकेट (थाईलैंड)



तोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता भारतीय भारोत्तोलक मीराबाई चानू ने सोमवार को यहां आईडब्ल्यूएफ विश्व कप में महिलाओं के 49 किग्रा भार वर्ग के ग्रुप बी में तीसरे स्थान पर रहकर पेरिस ओलंपिक में अपनी जगह सुनिश्चित की. चोटिल होने के कारण छह महीने बाद वापसी करने वाली मीराबाई ने कुल 184 किग्रा (81 किग्रा और 103 किग्रा) भार उठाया. यह पेरिस ओलंपिक के लिए अंतिम और अनिवार्य क्वालीफायर टूर्नामेंट है. अपनी स्पर्धा पूरी होने के साथ ही मीराबाई ने पेरिस ओलंपिक के लिए तय मानदंड पूरे कर लिए हैं जिनमें दो अनिवार्य टूर्नामेंट और तीन अन्य क्वालीफायर में भाग लेना शामिल हैं. भारत की 2017 विश्व चैंपियन मीराबाई वर्तमान में महिलाओं की 49 किग्रा ओलंपिक क्वालिफिकेशन रैंकिंग (ओक्यूआर) में चीन की जियान हुईहुआ के बाद दूसरे स्थान पर है. क्वालीफाई करने वाले खिलाड़ियों की आधिकारिक घोषणा विश्व कप के समापन के बाद होगी जब ओक्यूआर अपडेट किया जाएगा. प्रत्येक भार वर्ग से शीर्ष 10 भारोत्तोलक पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करेंगे. मीराबाई ने इससे पहले आखिरी बार पिछले साल सितंबर में एशियाई खेलों में भाग लिया था जहां वह चोटिल हो गई थी.वह अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर पाई लेकिन उन्होंने पांच बार वजन उठाने में कोई गलती नहीं की. स्नैच और क्लीन एवं जर्क में वह अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के करीब भी नहीं पहुंच पाई. इस 29 वर्षीय खिलाड़ी का स्नैच में व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 88 किग्रा है, जबकि उन्होंने 2021 में एशियाई चैंपियनशिप में क्लीन एंड जर्क में 119 किग्रा का तत्कालीन विश्व रिकॉर्ड बनाया था. लेकिन अभी वह चोट से उभरी है और जुलाई तक उनके अपने चरम पर पहुंचने की संभावना है. मीराबाई पेरिस ओलंपिक में भाग लेने वाली अकेली भारतीय भारोत्तोलक होंगी. यह तीसरा अवसर होगा जबकि वह ओलंपिक में हिस्सा लेगी.

**वपासी** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व ऑलराउंडर ने पंत की वापसी को प्रेरणादायक बताया

# अगर आप पंत से प्रेरित नहीं, तो आप सच्चे इंसान नहीं: वाटसन

- दिसंबर 2022 में गंभीर रूप से घायल होने के बाद पंत ने की है वापसी
- चेन्नई के खिलाफ मैच पंत ने जमाया था अर्धशतक

भाषा। नयी दिल्ली

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व ऑलराउंडर शेन वाटसन का मानना है कि अगर ऋषभ पंत की भयावह सड़क दुर्घटना में चोटिल होने से लेकर अब एक हाथ से छक्के जड़ने की 15 महीने की यात्रा किसी को प्रेरित नहीं करती है तो वह संभवतः सच्चा इंसान नहीं है. यह 26 वर्षीय विकेटकीपर बल्लेबाज दिसंबर 2022 में कार दुर्घटना में बुरी तरह घायल हो गया था और इस बार उन्होंने आईपीएल में शानदार वापसी की. चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ रविवार को उन्होंने इस सत्र का पहला अर्धशतक जमाया. अपनी इस पारी के दौरान पंत ने चार चौके और तीन छक्के लगाए. इनमें से एक छक्का उन्होंने एक हाथ के सहारे लगाया. वाटसन ने कहा कि यह प्रेरणादायक रहा, इसमें कोई संदेह नहीं. वह जिस तरह की परिस्थितियों से गुजरे हैं उसे देखते हुए उनकी इस तरह की बल्लेबाजी अविश्वसनीय है. उन्होंने कहा कि अगर आप ऋषभ पंत से प्रेरित नहीं हैं, तो फिर आप सच्चे इंसान नहीं हो. उन्हें क्रीज पर पांव जमाने में थोड़ा समय लगा लेकिन जब वह उस चरण से गुजर गए तो फिर उन्होंने ऋषभ पंत की शैली में शॉट खेले और यह वास्तव में असाधारण था.



### पंत पर धीमी ओवर गति के लिए 12 लाख रु का जुर्माना

**विशाखापत्तनम।** दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत पर चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच के दौरान धीमी ओवर गति के लिए 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है. दिल्ली ने रविवार को खेले गए इस मैच में मौजूदा चैंपियन चेन्नई को 20 रन से हराया था. आईपीएल ने बयान में कहा कि दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत पर चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ आईपीएल मैच के दौरान धीमी ओवर गति रखने के लिए जुर्माना लगाया गया है. बयान के अनुसार, आईपीएल आचार संहिता के तहत टीम का यह धीमी ओवर गति से जुड़ा सत्र का पहला अपराध है इसलिए पंत पर 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है. दिल्ली ने यह मैच जीत कर इस सत्र में अपना खाता भी खोला.

### नागल ने हासिल की करियर की सर्वोच्च रैंकिंग

**लंदन।** शीर्ष भारतीय टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने हाल के दिनों में प्रभावशाली प्रदर्शन के बूते सोमवार को जारी एटीपी एकल रैंकिंग में अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ 95वीं रैंकिंग हासिल की. नागल की इससे पहले सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग 97 थी. उन्होंने यह रैंकिंग फरवरी में एटीपी चैलेंजर स्तर की प्रतियोगिता चेन्नई ओपन जीतने के बाद हासिल की थी. नागल ने जनवरी में ऑस्ट्रेलियाई ओपन के मुख्य ड्रॉ में जगह बना कर सुर्खियां बटोरी थी. वह इस प्रतियोगिता में वरीयताप्राप्त खिलाड़ी (कजाकिस्तान के अलेक्जेंडर बुब्लिक) को हराने वाले पहले भारतीय भी बने, लेकिन दूसरे दौर में चीन के शांग जुनचेंग से हारकर बाहर हो गए थे. चेन्नई ओपन जीत के बाद उन्होंने दुबई चैंपियनशिप और इंडियन वेल्स और मियामी के अलावा दो अन्य चैलेंजर टूर्नामेंट भी खेले.

## जेसी प्रीमियर लीग सीजन 15 की चैंपियन बनी टीम सिंघम




संवाददाता। रांची

टीम सिंघम ने जेसीआई रांची के तत्वाधान में आयोजित जेसी प्रीमियर लीग सीजन 15 का खिताब अपने नाम किया. 29 से 31 मार्च तक रांची के जिमखाना क्लब ग्राउंड में आयोजित तीन दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट में 6 टीमों ने हिस्सा लिया था. इनके बीच 15 मैचों का आयोजन हुआ. 6 टीम इस प्रकार थे सिंघानिया ट्रांसफार्मर, बदमाश कम्पनी, सिंघम, एनिमल्स, डिवाइन वारियर्स और गब्बर इलेवन. इस टूर्नामेंट का फाइनल मैच डिवाइन वारियर्स एवं सिंघम के बीच में खेला गया, जिसमें सिंघम ने 1 रन से रोमांचक जीत हासिल की. कार्यक्रम के संयोजक चंद्रेश बजाज, अचिन्त छाबड़ा सह संयोजक विवेक खोवल, ऋषभ जालान एवं मेंटर गौरव अग्रवाल थे.

## ब्रीफ खबरें

### दिल्ली विस की बैठक आठ अप्रैल तक स्थगित

**नयी दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा की बैठक सोमवार को आप और भाजपा के सदस्यों की नारेबाजी के बीच आठ अप्रैल तक स्थगित कर दी गयी. आप विधायक राजेश गुप्ता ने भाजपा पर आबकारी नीति मामले में एक आरोपी से चुनावी बॉण्ड के जरिए 60 करोड़ रुपये वसूलने का आरोप लगाया और भाजपा से इस पर जवाब मांगा. इसके बाद आप विधायक सदन के आसन के समीप आ गए और भाजपा से चुनावी बॉण्ड मुद्दे पर जवाब मांगते हुए नारे लगाने लगे.

### मुख्तार अंसारी के घर गए ओवैसी, दी सांत्वना

**गाजीपुर।** एआईएमआइएम के मुखिया असदुद्दीन ओवैसी ने रविवार रात पूर्व विधायक मुख्तार अंसारी के गाजीपुर स्थित घर जाकर उनके परिजनों से मुलाकात की. ओवैसी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर किए गए एक पोस्ट में कहा, आज मरहूम मुख्तार अंसारी के घर, गाजीपुर जाकर उनके खानदान को पुरसा दिया, इस मुश्किल वक्त में हम उनके खानदान, समर्थक और चाहने वालों के साथ खड़े हैं. उन्होंने इसी संदेश में एक शेर भी लिखा है.

### नोएडा में बीटेक के छात्र ने की खुदकुशी

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश में गौतमबुद्धनगर जिले में स्थित एमिटी विश्वविद्यालय के छात्रावास में बीटेक द्वितीय वर्ष के एक छात्र ने कथित रूप से फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली. पुलिस के एक प्रवक्ता ने सोमवार को बताया कि मृतक की पहचान अहमदाबाद निवासी ऋतिक बर्मन (20) के तौर पर हुई है. उन्होंने बताया कि बर्मन कथित तौर पर मानसिक तनाव से पीड़ित था और इस वजह से उसने रविवार की रात को छात्रावास में आत्महत्या कर ली.

### राष्ट्रीय लोक दल से सिद्दीकी का इस्तीफा

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय लोक दल (रालोद) के उपाध्यक्ष शाहिद सिद्दीकी ने सोमवार को कहा, मैं अपने पद और पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देने की घोषणा की कि संविधान और लोकतांत्रिक ढांचा खतरे में है तथा इस पर चुप रहना एक पाप है. उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, कल, मैंने रालोद की सदस्यता और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पद से अपना इस्तीफा राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत सिंह को भेज दिया.

### छिंदवाड़ा के महापौर भाजपा में शामिल हुए

**भोपाल।** लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस को उस समय एक और झटका लगा जब सोमवार को सुबह उसके नेता एवं छिंदवाड़ा के महापौर विक्रम अहाके भाजपा में शामिल हो गये. अहाके भोपाल में मुख्यमंत्री मोहन यादव और भाजपा की राज्य इकाई के प्रमुख वीडी. शर्मा की उपस्थिति में पार्टी में शामिल हुए. छिंदवाड़ा जिले के अमरवाड़ा से कांग्रेस विधायक कमलेश शाह पिछले सप्ताह भाजपा में शामिल हो गए थे. शाह पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के करीबी सहयोगी थे.

## आयकर विभाग का कांग्रेस पार्टी पर जुर्माना लगाने का मामला, महासचिव प्रियंका गांधी बोलीं-

# जो नियम कांग्रेस पर लागू, वह भाजपा पर लागू क्यों नहीं होता

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने पार्टी को आयकर विभाग की ओर से 3500 करोड़ रुपये से अधिक के जुर्माने का नोटिस मिलने का हवाला देते हुए सोमवार को दावा किया कि नियमों के उल्लंघन को लेकर भाजपा के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई जबकि उस पर 4,600 करोड़ रुपये का जुर्माना बनता है. उन्होंने यह सवाल किया कि जो नियम कांग्रेस पर लागू किया जा रहा है वही नियम भाजपा पर क्यों लागू नहीं होता? लोकसभा चुनाव से ठीक पहले कांग्रेस को आयकर विभाग से एक बार फिर नया नोटिस मिला है, जिसके जरिये आकलन वर्ष 2014-15 से 2016-17 तक के लिए 1,745 करोड़ रुपये के कर की मांग की गई है. आयकर विभाग द्वारा कांग्रेस से अब तक कुल 3,567 करोड़ रुपये के कर की मांग की जा चुकी है.

प्रियंका गांधी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, कांग्रेस पर 3,567 करोड़ का जुर्माना क्यों? कांग्रेस पर आरोप है कि 1994-95 में, फिर 2014-15 और 2016-17 में पार्टी के खाते में नेताओं-कार्यकर्ताओं ने कुछ पैसे जमा कराए थे जिसकी एक-एक जानकारी पहले ही आयकर विभाग को साझा की जा चुकी थी.



### आयकर विभाग ने 135 करोड़ रुपये निकाल लिए

उन्होंने कहा कि कांग्रेस को सजा मिली तथा उसके खाते से आयकर विभाग ने 135 करोड़ रुपये निकाल लिए, 3567 करोड़ का जुर्माने का नोटिस दिया और कांग्रेस के बैंक खाते बंद कर दिए. कांग्रेस महासचिव ने दावा किया कि भाजपा के पैसों का जो हिसाब-किताब चुनाव आयोग की वेबसाइट पर मौजूद है, उसके मुताबिक, 2017-18 में 1297 लोगों ने बिना नाम-पते के, बिना पूरी जानकारी के भाजपा को 42 करोड़ रुपये दिए हैं. उन्होंने कहा कि भाजपा की इस बेनामी 42 करोड़ रुपये की आय पर आयकर विभाग को न कोई आपत्ति है, न कोई कार्रवाई हुई है.

## कांग्रेस की सीईसी ने आंध्र, तेलंगाना के लिए उम्मीदवारों को लेकर की चर्चा

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) ने सोमवार को आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के लिए लोकसभा उम्मीदवारों के नाम पर चर्चा की. कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की अध्यक्षता वाली सीईसी की बैठक में पार्टी संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी, संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल और सीईसी के कई अन्य सदस्य शामिल हुए. तेलंगाना से जुड़ी बैठक में प्रदेश के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी और आंध्र प्रदेश से संबंधित बैठक में प्रदेश कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष वाईएस शर्मिला शामिल थे. कांग्रेस नौ अलग-अलग सूचियों में अब तक 212 उम्मीदवारों की घोषणा कर चुकी है. देश में 18वीं लोकसभा के लिए चुनाव 19 अप्रैल से शुरू होंगे. इसके बाद छह और चरणों में 26 अप्रैल, सात मई, 13 मई, 20 मई, 25 मई और एक जून को मतदान होगा. मतगणना चार जून को होगी.

## निर्वाचन आयोग ने दिलीप घोष व सुप्रिया को लगाई फटकार

**नयी दिल्ली।** निर्वाचन आयोग ने महिलाओं की गरिमा के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणियों के लिए सोमवार को भाजपा नेता दिलीप घोष और कांग्रेस की प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत को फटकार लगाई है. घोष ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और श्रीनेत ने अभिनेत्री कंगना रनौत के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी. आयोग ने कहा कि वह आश्वस्त है कि दोनों नेताओं ने निम्न स्तर का व्यक्तिगत हमला किया और यह आदर्श आचार संहिता के प्रावधानों का उल्लंघन है. आयोग द्वारा सोमवार से इन दोनों नेताओं के चुनाव संबंधी संवाद पर विशेष और अतिरिक्त निगरानी रखी जाएगी. आयोग के अनुसार, सार्वजनिक क्षेत्र में संवाद करते समय सावधानी बरतने की सलाह दी.

## भारत का विरोध, कहा-यह राज्य देश का अभिन्न अंग

# चीन ने अरुणाचल के कई स्थानों के लिए 30 नए नाम जारी किए

**एजेंसी। बीजिंग**

**15** स्थानों की दूसरी सूची 2021 में और 2023 में 11 स्थानों की सूची जारी की

**2017** में छह स्थानों की सूची जारी की थी

अरुणाचल प्रदेश पर अपना दावा पेश करने की चीन की हालिया कोशिशों के बीच बीजिंग ने भारतीय राज्य में विभिन्न स्थानों के 30 नए नामों की चौथी सूची जारी की है. चीन द्वारा अरुणाचल प्रदेश के स्थानों का नाम बदलने की कवायद को भारत खारिज करता रहा है. उसका कहना है कि यह राज्य देश का अभिन्न अंग है और 'काल्पनिक' नाम रखने से इस वास्तविकता में कोई बदलाव नहीं आएगा.

सरकारी 'ग्लोबल टाइम्स' ने रविवार को बताया कि चीनी नागरिक मामलों के मंत्रालय ने 'जंगनान' में मानकीकृत भौगोलिक नामों की चौथी सूची जारी की। चीन अरुणाचल प्रदेश को 'जंगनान' कहता है और दक्षिण तिब्बत के हिस्से के रूप में इस राज्य पर अपना दावा करता है. मंत्रालय की आधिकारिक वेबसाइट पर क्षेत्र के लिए 30 अतिरिक्त नाम पोस्ट किए गए. यह सूची 1 मई से प्रभावी होगी. रिपोर्ट में कहा गया है कि अनुच्छेद 13 के अनुसार, इस घोषणा के क्रियान्वयन में कहा गया है कि 'चीन के क्षेत्रीय दावों और संप्रभुता अधिकारों को नुकसान पहुंचा सकने वाले विदेशी भाषाओं में रखे गए, स्थानों के नामों को बिना प्राधिकार के सीधे उद्धृत या अनुवादित नहीं किया जाएगा.' 'जंगनान' में छह स्थानों के 'मानकीकृत नामों' की पहली सूची 2017 में जारी की गई थी, जबकि 15 स्थानों की दूसरी सूची 2021 में जारी की गई थी. इसके बाद 2023 में 11 स्थानों के नामों के साथ एक और सूची जारी की गई थी.

### पीएम मोदी के हालिया दौरे से बयानबाजी हुई शुरू

अरुणाचल प्रदेश पर दावों को लेकर चीन की हालिया बयानबाजी उस समय शुरू हुई जब उसने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राज्य के दौरे को लेकर भारत के साथ राजनयिक विरोध दर्ज कराया था. इस दौरे में मोदी ने अरुणाचल प्रदेश में 13,000 फुट की ऊंचाई पर बनी सेला सुरंग को राष्ट्र को समर्पित किया था. चीनी विदेश और रक्षा मंत्रालयों ने क्षेत्र पर चीन का दावा पेश करते हुए कई बयान जारी किए थे. विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अरुणाचल प्रदेश पर चीन द्वारा बार-बार किये जा रहे दावे को 23 मार्च को 'बेतुका' करार देते हुए इसे खारिज कर दिया था और कहा था कि यह सीमांत राज्य 'भारत का स्वाभाविक हिस्सा' है. उन्होंने नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ सिंगापुर (एनयूएस) के 'साउथ एशियन स्टडीज इंस्टीट्यूट' में एक व्याख्यान देने के बाद अरुणाचल मुद्दे पर एक सवाल के जवाब में कहा था, 'यह कोई नया मुद्दा नहीं है। मेरा मतलब है कि चीन ने दावा किया है, इसने अपने दावे को दोहराया है. ये दावे शुरू से बेतुके हैं और आज भी बेतुके ही हैं.' उन्होंने कहा था, 'मुझे लगता है कि हम इस पर बहुत स्पष्ट रहे हैं और हमारा एक समान रुख रहा है. मुझे लगता है कि आप जानते हैं कि यह ऐसी चीज है, जो वर्तमान में जारी सीमा वार्ता का हिस्सा है.'



चीन अरुणाचल प्रदेश को भारतीय क्षेत्र के हिस्से के रूप में मान्यता देने वाले अमेरिका के बयान से भी नाराज है. अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रधान उप प्रवक्ता वेदांत पटेल ने नौ मार्च को कहा था, 'अमेरिका अरुणाचल प्रदेश को भारतीय क्षेत्र के रूप में मान्यता देता है और हम वास्तविक नियंत्रण रेखा के पार सैन्य या असैन्य घुसपैठ या अतिक्रमण के जरिए क्षेत्रीय दावे करने के किसी भी एकतरफा प्रयास का दृढ़ता से विरोध करते हैं.

## गाजा के मुख्य अस्पताल से हटी इजराइली सेना

**गाजा पट्टी।** इजराइली सेना ने दो हफ्तों तक किए गए हमलों के बाद गाजा के मुख्य अस्पताल से अपने सैनिकों को हटा लिया और अपने पीछे तबाही के बड़े निशान छोड़ दिए हैं. इजराइली सैनिकों को हटाए जाने के बाद सोमवार को सुबह सैकड़ों लोग शिफा अस्पताल और आसपास के इलाकों में लौटे जहां उन्हें अस्पताल के अंदर और बाहर शव पड़े मिले. इजराइली सेना ने इस हमले को करीब छह महीने से चल रहे युद्ध के सबसे सफल अभियान में से एक बताया और कहा कि उसने सैकड़ों हमास और अन्य आतंकवादियों को मार गिराया तथा कुछ अहम खुफिया दस्तावेज भी जब्त किए. सेना हटाए जाने के बाद इलाके में लौटे मोहम्मद महदी ने घटनास्थल के दृश्य को पूरी तबाही बताया.

## अज्ञात बंदूकधारियों ने दो सैनिकों को मार डाला

**कराची।** अशांत बलूचिस्तान प्रांत में बंदरगाह शहर ग्वादर के पास अज्ञात बंदूकधारियों ने पाकिस्तानी सेना के बम निरोधक दस्ते पर अंधाधुंध गोलीबारी की जिसमें दो सैनिकों की मौत हो गई तथा चार अन्य जख्मी हो गए. 'डॉन' अखबार ने सोमवार को खबर दी है कि पाकिस्तानी फौज की बम निरोधक टीम ग्वादर जिले के अंकारा डैम इलाके में बारूदी सुरंगों को निष्क्रिय करने में व्यस्त थी तभी बंदूकधारियों ने रविवार को उनपर गोलीबारी कर दी. अधिकारियों ने बताया कि इस हमले में दो सुरक्षा कर्मियों की मौत हुई है और चार अन्य घायल हो गए हैं.

## न्यूज अपडेट

### पीएम आज करेंगे रुद्रपुर में चुनावी सभा

**देहरादून।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोकसभा चुनाव मद्देनजर प्रचार करने के लिए उत्तराखंड में अपनी पहली जनसभा आज रुद्रपुर में करेंगे. राज्य में चुनाव के लिए 19 अप्रैल को मतदान होगा. भाजपा की प्रदेश इकाई के मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने बताया कि पार्टी की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष महेंद्र भट्ट के निर्देशों पर प्रधानमंत्री की रुद्रपुर जनसभा के संयोजक के रूप में प्रदेश महामंत्री खिलेंद्र चौधरी एवं कैबिनेट मंत्री सौरव बहुगुणा को जिम्मेदारी दी गई है. चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री की जनसभा को लेकर जनता बहुत उत्साहित है और उन्हें सुनने के लिए रुद्रपुर एवं उसके आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोगों के आने की उम्मीद है. उन्होंने आशा जताई कि प्रधानमंत्री के उत्तराखंड के प्रति लगाव और डबल इंजन की सरकार में प्रदेश में हो रहे अभूतपूर्व विकास कार्यों की बदौलत प्रदेश की पांचों लोकसभा सीट पार्टी के पास ही बरकरार रहेंगी.

### ग्रेटर नोएडा से गांजा के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**नोएडा (उप्र)।** गौतमबुद्ध नगर जिले की पुलिस और स्वापक रोधी कार्य बल (मेरठ) की टीम ने सोमवार सुबह संयुक्त कार्रवाई में मादक पदार्थ की तस्करी के आरोप में ग्रेटर नोएडा से दो लोगों को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने यह जानकारी दी. कासना पुलिस थाने के प्रभारी निरीक्षक विद्युत गोयल ने बताया कि सोमवार सुबह मेरठ जोन की स्वापक रोधी कार्य बल के साथ सिरसा गोल चक्कर के पास वाहनों की जांच की जा रही थी तभी एक कार को रोका गया जिसमें मथुरा जिले के वृंदावन निवासी मोनू तथा अशोक सवार थे. उन्होंने बताया कि तलाशी के दौरान कार से 100 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया. गोयल ने बताया कि दोनों के खिलाफ प्रासंगिक धाराओं में मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है.

### भाजपा समर्थकों ने 20 शहरों में निकाली रैली

**वाशिंगटन।** अमेरिका में 'ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ बीजेपी' (ओएफबीजेपी-यूएसए) ने देश के 20 अलग-अलग शहरों में कार रैलियां निकालकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल के प्रति अपनी समर्थन जताया और भारत के लोगों से आगामी आम चुनाव में राजग को 400 से ज्यादा सीट दिलाकर भारी बहुमत से विजयी बनाने का आग्रह किया. ओएफबीजेपी-यूएसए के अध्यक्ष अदापा प्रसाद ने कहा, भारतीय-अमेरिकी समुदाय मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा और राजग को 400 सीट से अधिक सीट पर जीतता देखने के लिए बेहद उत्साहित है. उन्होंने कहा कि भारतीय अमेरिकी चाहते हैं कि राजग लोकसभा चुनाव में अबकी बार 400 पार का लक्ष्य हासिल करे.

### पूर्व सांसद धर्मवीर गांधी कांग्रेस में हुए शामिल

**नयी दिल्ली।** पंजाब के पटियाला से आप के पूर्व सांसद धर्मवीर गांधी लोकसभा चुनाव से पहले सोमवार को यहां कांग्रेस में शामिल हो गये. धर्मवीर के पटियाला सीट से कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ने की संभावना है. गांधी ने 2014 में आप के उम्मीदवार के रूप में परनीत कौर को हराकर लोकसभा चुनाव जीता था. बाद में, पेशे से चिकित्सक गांधी ने 2016 में आप छोड़ कर अपना खुद का दल नवां पंजाब पार्टी बनाया. उन्होंने सोमवार को इस दल का कांग्रेस में विलय कर दिया. पार्टी नेता पवन खेड़ा और पंजाब के प्रभारी देवेन्द्र यादव, कांग्रेस की पंजाब इकाई के प्रमुख अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग और नेता प्रतिपक्ष प्रताप सिंह बाजवा ने गांधी का पार्टी में स्वागत किया. बाजवा ने कहा कि उनके शामिल होने से कांग्रेस मजबूत होगी. वड़िंग ने कहा कि ऐसे पेशेवरों का पार्टी में शामिल होना एक अच्छा संकेत है.

### जवानों ने पाकिस्तानी ड्रोन पर की गोलीबारी

**राजौरी/जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास दो अलग-अलग स्थानों पर पाकिस्तानी ड्रोन और संदिग्ध व्यक्तियों की गतिविधियां नजर आने के बाद सेना के जवानों ने गोलीबारी की. अधिकारियों ने बताया कि जहां सुंदरबनी के एक अग्रिम इलाके में ड्रोन की गतिविधि देखी गई जबकि रविवार और सोमवार की मध्यरात्रि के दौरान केरी सेक्टर में कुछ लोगों की संदिग्ध गतिविधियां देखी गईं. आशंका है कि ये लोग आतंकवादी हैं. उन्होंने कहा कि सैनिकों ने भारतीय क्षेत्र में प्रवेश करते ही पाकिस्तानी क्वाडकॉप्टर यानी ड्रोन को मार गिराने के लिए कम से कम चार गोलियां चलाईं, लेकिन वह तत्काल नियंत्रण रेखा के दूसरी ओर लौट गया. अधिकारियों ने बताया कि केरी सेक्टर में सीमा पार से घुसपैठ की कोशिश कर रहे कुछ लोगों की संदिग्ध गतिविधियों का पता चलने के बाद सैनिकों ने गोलीबारी की, लेकिन वे लोग कश्मीर के पाकिस्तान के कब्जे वाले हिस्से की ओर भाग गए.

## पन्नू मामले में भारत के अपने सुरक्षा हित जुड़े हैं : जयशंकर

**एजेंसी। नयी दिल्ली**



विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सोमवार को कहा कि खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश में एक सरकारी अधिकारी की कथित संलिप्तता की जांच में भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा हित जुड़े हुए हैं. उन्होंने भारत में अमेरिका के राजदूत एरिक गार्सेटी के एक बयान के बारे में पूछे गए सवाल पर पत्रकारों से कहा, हम इसकी जांच कर रहे हैं क्योंकि हमारा मानना है कि इस जांच में हमारे खुद के राष्ट्रीय सुरक्षा हित जुड़े हुए हैं. गार्सेटी ने कहा था कि किसी दूसरे देश के नागरिक की हत्या के प्रयास में एक सरकारी अधिकारी की संलिप्तता 'अस्वीकार्य' है. जयशंकर ने कहा कि अमेरिकी राजदूत अपनी सरकार की सोच या स्थिति के अनुसार जो सही होगा, वही कहेंगे. उन्होंने कहा, मेरी सरकार की स्थिति यह है कि खासतौर से इस मामले में हमें कुछ सूचना मुहैया करायी गयी है जिसकी हम जांच कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि इसमें भारत के खुद के सुरक्षा हित भी जुड़े हुए हैं. विदेश मंत्री ने कहा, इसलिए, जब भी हमें जांच के बारे में कुछ कहना होगा तो हमें इसके बारे में बात करके काफी खुशी होगी. अभी यह कहने के अलावा कुछ भी नहीं है कि इसकी जांच की जा रही है.

## पश्चिम बंगाल : मृतकों की संख्या पांच हुई

**जलपाईगुड़ी (पश्चिम बंगाल)।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि राज्य के जलपाईगुड़ी जिले के कुछ हिस्सों में रविवार को आए तूफान के कारण मरने की वालों की संख्या बढ़कर पांच हो गई है. इस तूफान में 100 से अधिक लोग घायल हुए हैं. जिला मुख्यालय शहर के अधिकतर हिस्सों और पड़ोसी मैनागुड़ी के कई इलाकों में ओलावृष्टि के साथ तेज हवाएं चलने से कई झोपड़ियां और मकान क्षतिग्रस्त हो गए, पेड़ उखड़ गए और बिजली के खंभे गिर गए. बनर्जी ने रविवार देर रात जिले का दौरा किया और लोगों को प्रशासन की ओर से हरसंभव मदद का आश्वासन दिया. उन्होंने कहा, 'अब तक, हमारे पास पांच लोगों की मौत होने की खबर है. घायलों की संख्या काफी अधिक है.

## दिल्ली आबकारी नीति मामला

# ईडी 'उत्पीड़न एजेंसी' के रूप में काम कर रही : वकील

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

दिल्ली की आबकारी नीति 'घोटाले' के सिलसिले में गिरफ्तार बीआरएस नेता के. कविता के वकील ने सोमवार को यहां एक अदालत को बताया कि प्रवर्तन निदेशालय एक 'उत्पीड़न एजेंसी' के रूप में काम कर रहा है और उनके मुवक्किल के खिलाफ जांच पूरी तरह से प्रेरित थी. विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा के समक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने कविता की जमानत के लिए दलीलें दीं. उन्होंने अदालत से कहा, ईडी एक अभियोजन एजेंसी के रूप में नहीं बल्कि एक उत्पीड़न करने वाली एजेंसी के रूप में काम कर रही है, जांच पूरी तरह से प्रेरित है. वे (ईडी) कहते हैं कि या तो हम आपको गिरफ्तार करेंगे और अगर आपको गिरफ्तार नहीं किया जाता है, तो हम बिल्ली और चूहे का खेल खेलेंगे. इस बात पर जोर देते हुए कि एजेंसी ने बीआरएस की नेता कविता को बार-बार तलब किया था, सिंघवी ने कहा, प्रतिदिन एक समन ईडी को उसी तरह खुश रखता है, जैसे प्रतिदिन एक सेब डॉक्टर को दूर रखता है. जब न्यायाधीश ने वकील से पूछा कि क्या वह कविता की अंतरिम याचिका या अंतिम जमानत अर्जी के लिए बहस कर रहे हैं तो वरिष्ठ वकील ने कहा अदालत हमेशा (अंतरिम) राहत दे सकती है.

## कॅरियर-काउंसिलिंग

# व्यवसाय और प्रबंधन के विभिन्न आयामों से लैस करता है बिजनेस मैनेजमेंट में डिप्लोमा

आमतौर पर एक साल के अल्पकालिक पाठ्यक्रम के रूप में पेश किए जाने वाले, बिजनेस मैनेजमेंट में डिप्लोमा का उद्देश्य शिक्षार्थियों को व्यवसाय के विभिन्न संचालन के साथ-साथ प्रबंधन के आवश्यक सिद्धांतों का ज्ञान प्रदान करना है. इसके अलावा छात्रों को व्यवसाय और प्रबंधन के विभिन्न विषयों का पता लगाने का मौका मिलता है. इससे छात्र किसी संगठन को कुशलतापूर्वक संभालने के लिए प्रमुख कौशल और क्षमताओं से लैस होते हैं.

### जॉब प्रोफाइल

बिजनेस मैनेजमेंट में डिप्लोमा का पाठ्यक्रम छात्रों को कम समय में आवश्यक कौशल से लैस करने के लिए डिजाइन किया गया है. प्रबंधन में अनगिनत प्रवेश स्तर की नौकरियां हैं, जिनके लिए आप एक डिप्लोमा धारक के रूप में आवेदन कर सकते हैं. कुछ सबसे उपयुक्त जॉब प्रोफाइल नीचे दी गई हैं.

1. उत्पादन प्रबंधक : एक उत्पादन प्रबंधक की प्राथमिक जिम्मेदारी वित्त, उत्पादन और रोजगार जैसे क्षेत्रों से संबंधित मुद्दों की पहचान करना, उनका विश्लेषण करना और उनका समाधान करना है. आपको उत्पादन रणनीतियां तैयार करने और उत्पाद मूल्य निर्धारित करने की भी आवश्यकता होगी.
2. विपणन प्रबंधक : मार्केटिंग मैनेजर की भूमिका किसी कंपनी की मार्केटिंग जरूरतों को पूरा करना है. एक विपणन प्रबंधक के रूप में, आप ग्राहकों का विस्तार करने और मौजूदा ग्राहकों को बनाए रखने के लिए विपणन रणनीतियों को विकसित करने और लागू करने के लिए जिम्मेदार होंगे.
3. वित्त प्रबंधक : वित्तीय रिपोर्टों की समीक्षा करने से लेकर व्यावसायिक गतिविधियों के लिए उपयुक्त बाजार खोजने तक, वित्त प्रबंधक की प्राथमिक जिम्मेदारी कंपनी की लाभप्रदता बढ़ाने के तरीके खोजना है.
4. व्यापार विश्लेषक : यह नौकरी बिजनेस मैनेजमेंट के क्षेत्र में सबसे अधिक पसंद किए जाने वाले कॅरियर पथों में से एक है. विशिष्ट कर्तव्यों में बाजार के रुझान को ध्यान में रखते हुए पहले से मौजूद व्यावसायिक रणनीतियों को विकसित करना और अद्यतन करना शामिल है.



### शीर्ष भर्तीकर्ता

- वीरांगना
- टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज
- इंफोसिस
- फ्लिपकार्ट
- सैपियंट कॉर्पोरेशन
- स्नैपडील
- पे-टीएम
- पे-पल
- भरोसा

### व्यवसाय प्रबंधन में डिप्लोमा पाठ्यक्रम की पढ़ाई क्यों करें?

1. व्यवसाय प्रबंधन में डिप्लोमा वाले लोगों के लिए विभिन्न क्षेत्रों में बड़ी संख्या में नौकरी के अवसर पैदा हो रहे हैं.
2. यह व्यक्तियों को बेहतर वित्तीय निर्णय लेने, डेटा का विश्लेषण करने और व्यावसायिक आंकड़ों की अधिक सटीक भविष्यवाणी करने में सक्षम बनाता है.
3. एक मजबूत व्यावसायिक नींव बनाने के लिए बेहतर प्रबंधन कौशल और उद्योग अंतरदृष्टि तक पहुंच आवश्यक है.

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - सुरजीत सिंह, स्थानीय संपादक - संजय सिंह*. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - JHAHIN/2023/84487 ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)